


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 नाबाद 113 रन बनाने के बाद भी कोहली के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक ...

जनरल बाजवा ने सरकार गिराने की साजिश रची, फिर भी पद से नहीं ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 324 | नई दिल्ली, सोमवार, 08 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल गांधी ने घोषणापत्र पर प्रतिक्रिया साझा करने का किया आग्रह

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी के घोषणापत्र को कई लोगों ने क्रांतिकारी बताया है और उन्होंने लोगों से घोषणापत्र को लेकर सोशल मीडिया के जरिये अपनी प्रतिक्रिया साझा करने का आग्रह किया। गांधी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने यह अपील की। राहुल गांधी ने सुबह करीब 10 बजे वीडियो साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा, मैंने यह वीडियो कल रात 12:30 बजे बनाया था, लेकिन मेरी टीम ने सोचा कि देर रात होने की वजह से इसे अभी साझा नहीं किया जाए । इसलिए यह वीडियो मैं अब साझा कर रहा हूं क्योंकि संदेश अभी भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा, ह्यह्नकांग्रेस का घोषणापत्र हर भारतीय की आवाज है, अपने विचार सोशल मीडिया पर साझा करें। गांधी ने कहा कि उन्होंने तेलंगाना में रैली से वापस आने के बाद यह वीडियो बनाया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कई लोगों ने उन्हें बताया कि यह एक क्रांतिकारी घोषणापत्र है। गांधी ने लोगों को उनके सुझावों के लिए धन्यवाद दिया, जिनसे घोषणापत्र को आकार देने में मदद मिली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने जनता से घोषणापत्र पर उनके साथ प्रतिक्रिया साझा करने और उन्हें यह बताने के लिए कहा कि उन्हें (लोगों) इसमें क्या पसंद आया और क्या नहीं।

### सेना ने लद्दाख में बर्फबारी के बीच फंसे 80 लोगों को बचाया

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे कम से कम 80 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने कहा कि आधी रात को चलाए गए इस बचाव अभियान को त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने अंजाम दिया। सेना की फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने चांग ला के ऊंचे बर्फीले स्थानों पर यातायात अवरोध को दूर करने के लिए आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की और रात में दो घंटे तक लगातार काम किया तथा बर्फबारी के बीच फंसी महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 80 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। सेना ने इस बचाव अभियान की कुछ तस्वीरें और एक वीडियो भी साझा की है।

### भाजपा के शासन में बहुत से काम नहीं हुएः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता में अपनी जगह बनाने में भले ही महारत हासिल कर ली है, लेकिन बिहार में उसके शासन में बहुत से काम नहीं हुए। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उन मुद्दों पर जवाब देने की अपील की जिन पर बिहार में ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने नवादा में प्रधानमंत्री की रैली से पहले उनसे बिहार को लेकर सवाल पूछे। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रविवार को प्रधानमंत्री बिहार के नवादा जा रहे हैं। बिहार भी उन राज्यों में शामिल है जहां भाजपा हाल में किसी तरह से सत्ता में आई थी। उन्होंने सत्ता में अपनी जगह बनाने में भले ही महारत हासिल कर ली है, लेकिन भाजपा के शासन में बहुत से काम अधूरे रह गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री उन मुद्दों से संबंधित तीन सवालों के जवाब देंगे जिन पर उनकी सरकार को ध्यान केंद्रित करना चाहिए था।

## प्रधानमंत्री ने नवादा में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को किया संबोधित

# दस वर्षों के बेहतर कार्यों से दुनिया में बज रहा भारत का डंका : मोदी

● आईएनडीआईए गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमात, इन्हें रखे सत्ता से दूर

### बोलें- बेहतरी व विकास की गारंटी का नाम है नरेंद्र मोदी

प्रात : किरण



नवादा/एजेंसी। बिहार के नवादा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कुंती नगर के मैदान में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दस वर्षों के बेहतर कार्यों से दुनिया में बज रहा भारत का डंका। उन्होंने भ्रष्टाचार का पर्याय बने आईएनडीआईए गठबंधन को सत्ता में आने से रोकने का आह्वान किया। उन्होंने नवादा को बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्री कृष्णा सिंह की जन्मस्थली, चंद्रगुप्त की शौर्य भूमि, आचार्य चाणक्य की ज्ञान भूमि बताते हुए नमन भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि याद कीजिए कि 10 साल पहले दुनिया में भारत को लेकर क्या राय होती थी। कांग्रेस के राज में भारत को गरीब और कमजोर देश माना जाता था। छोटे-छोटे देश आज जो आटे के लिए तरस रहे हैं, उनके आतंकी हम पर हमला कर के चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी, लेकिन मोदी ने कहा कि ऐसे नहीं चलेगा। भारत वही महान पाटलिपुत्र और मगध वाला भारत है। भारत वही चंद्रगुप्त मौर्य वाला भारत है। आज का भारत घर में घुसकर मारता है। मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है कि बिहार और तेज गति से विकास करे। इसलिए वर्ष 2024 का चुनाव बिहार और भारत के भविष्य के लिए बहुत ही निर्णायक होने वाला है। यह चुनाव विकसित बिहार के सपनों को पूरा करने का चुनाव है। यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का चुनाव है। आज एक तरफ कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां हैं। जिन्होंने अपनी सरकार के समय पूरी दुनिया में देश का नाम खराब किया। घोटाले तथा परिवार बाद में लिप्त रहे। दूसरी तरफ भाजपा और एनडीए है ।जिसका सिर्फ एक ही लक्ष्य है। वह लक्ष्य है विकसित भारत और खुशहाल बिहार का निर्माण करना। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नवादा में उमड़ा यह जनसैलाब बता रहा है कि इस बार जनता का मूड क्या है। इस बार नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, नालन्दा, के साथ-साथ बिहार की सभी 40 सीटें एनडीए के खाते में डालने का बिहारवासियों ने निर्णय कर लिया है। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती पूरे देश को दिशा दिखाने वाली रही है। बिहार की इस धरती ने आजादी की लड़ाई में और स्वतंत्र भारत की नींव मजबूत करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है लेकिन दुर्भाग्य से बिहार के सामर्थ्य के साथ आजादी के बाद पांच-छह पीढ़ियों के साथ यहां न्याय नहीं हो पाया।

**भ्रष्टाचारियों को छुड़ाने के लिए बना है इंडी गठबंधनः** उन्होंने कहा कि बिहार में इंडी गठबंधन एक उम्मीदवार खड़ा करता है, तो दूसरा नेता कहता है कि वो असली नेता है। यहां तो घमासान मचा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग दक्षिण भारत अलग करने की बात कहते हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग के विचार हैं। ये घोषणा पत्र नहीं तुष्टिकरण का पत्र है। भ्रष्टाचारियों को छुड़ाने के लिए इंडी गठबंधन बना है। हम कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। कांग्रेस-राजद एक भी वोट पाने के हकदार नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राम मंदिर सरकारी तिजोरी से नहीं बना, बल्कि लोगों के चंदे से बना है। किसी ने 5, किसी ने 10 रुपये दिए। विपक्ष ने कहा कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाएंगे। क्या ये शोभा देता है। और जब उनकी पार्टी के कुछ लोग राम मंदिर आ गए, तो पार्टी से 6 साल के लिए निकाल दिया। ये पाप करने वालों को भूलना मत। मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों को लंबे समय तक जंगलराज में जीवन गुजारना पड़ा। बिहार में एक वह भी समय था कि हर मां अपनी बेटियों के घर से बाहर निकलने पर डरती थीं। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। नीतीश कुमार और सुशील मोदी के प्रयासों से बिहार उन परिस्थितियों से बाहर निकला है। अब हर बहन के पास मोदी की गारंटी भी है। अब मोदी की गारंटी है कि गांव की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है। मैं भी आपकी तरह ही गरीबी को जी कर यहां आया हूं। मैं कभी भूल नहीं सकता कि 2014 के पहले देश की क्या स्थिति थी, करोड़ों देशवासियों के पास न घर था, न शौचालय था और न पीने के लिए स्वच्छ पानी। अस्पताल में इलाज के लिए गरीबों को दर-दर भटकना पड़ता था। गरीबी का बेटा मोदी गरीब का सेवक है। मैं जब तक गरीबी दूर नहीं कर लूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। बीते दस वर्षों में जो काम हुआ वह आजादी के छह दशकों में भी नहीं हुआ था। जब नीयत सही होती है और हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी मिलते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साथियों मैंने लाल किले से कहा था कि यही समय है और सही समय है। हमलोग मिलकर काम करें तो भारत विकसित हो सकता है। अपनी गरीबी दूर कर सकता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं है। इसलिए 2024 का लोकसभा चुनाव काफी अहम हो गया है। बीते 10 साल में बिहार के लोगों ने देशहित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं। आज बिहार में आधुनिक एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। रेलवे का आधुनिकीकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी ट्रेनें बढ़ रही हैं। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह सब आपके वोट के कारण हो रहा है। पूरे बिहार में एनडीए का परचम लहराने जा रहा है।

## विस चुनाव से पहले 10 लाख नौकरी का वादा करेंगे पूरा : नीतीश

### बोलें-बिहार में तेजी से हो रहा विकास, केन्द्र सरकार कर रही सहयोग



नवादा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद पर जमकर हमला बोला। वहीं, सीएम ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच साझा किया। इस दौरान सीएम ने नवादा सीट से बीजेपी प्रत्याशी विवेक ठाकुर के भारी मतों से जीतने का दावा किया। उन्होंने बिहार में हो रहे विकास की चर्चा करते हुए कहा कि अब हर जगह रास्ता बन गया। केंद्र सरकार की ओर से विकास कार्य में काफी सहयोग किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि बिहार में तेजी से विकास हो रहा है। याद करिए हमलोग 2005 में सत्ता में आए थे। 2006 से काम शुरू हुआ। नीतीश कुमार ने कहा कि सिर्फ आप लोग याद रखिएगा। कम उम्र के जो लोग हैं वह पुरानी बात को नहीं जानते हैं।

हम चाहेंगे कि सभी लोग अपने बाल बच्चों को भी याद करा दीजिए , 2005 के पहले क्या स्थिति थी । तेजस्वी पर प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कल लोग प्रचार करने आता है और दावा पेश करता है। आप जरा याद करिए, 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी, आप शाम में घर से नहीं निकलते थे। नई पीढ़ी का लोग अब खूब घूमता है, उसे तो याद नहीं है या जानकारी नहीं है। 2005 से हम लोग सत्ता में आए। इसके बाद हर तरह का काम किया। आज सब लोग शाम में टहलता है, पहले शाम में कोई घर से नहीं निकलता था, आने जाने का कोई रास्ता नहीं था। आज सब जगह रास्ता बन गया है।

इसलिए आप सब लोग भूलिएगा नहीं। हम लोग 18 साल से सरकार में हैं। उन लोगों को 15 साल काम करने का मौका मिला था लेकिन क्या किया था, सिर्फ पति-पत्नी ने राज किया, कोई काम नहीं हुआ था। इसलिए यह सब बात याद करिए । पहले की स्थिति को सभी को मालूम होना चाहिए। हम लोग जब सरकार में आए तो कितना काम हुआ। पहले कितना विवाद होता था, हिंदू मुस्लिम में भी झगड़ा होता था। 2006 के बाद हिंदू मुस्लिम में झगड़ा नहीं होता है। हम तो मुस्लिम लोगों से भी कहेंगे कि आप लोग भी भूलिएगा मत। आप लोग उनको वोट नहीं दीजिए काम, करने वालों को वोट दीजिए । हमने काम किया है। 2010 में जब वोट हुआ था तो 50 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम लोगों ने हम दोनों पार्टियों को वोट दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 लाख लोगों को नौकरी देंगे और 10 लाख रोजगार देंगे। चार लाख लोगों को नौकरी दे दिए हैं। नीतीश कुमार ने कहा है कि 2005 2020 तक उनकी सरकार में 8 लाख से ज्यादा लोगों को नौकरी दी गई। अब विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में वो 10 लाख नौकरी का वादा पूरा करेंगे।

सीएम ने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था भी सही की गई है. पहले शिक्षा और स्वास्थ्य की खस्ता हालत थी। हालांकि 2006 से बिहार में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया गया है। एनडीए की सरकार में हर घर में जल और बिजली पहुंचया है।

# भाजपा के पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं : तेजस्वी

### कहा-पीएम के पास मेरे सवाल का कोई भी जवाब नहीं है

प्रात : किरण



पटना। नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव ने रविवार को एक के बाद एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कई मुद्दों पर घेरा। चुनाव प्रचार के लिए रवाना होने से पूर्व एयरपोर्ट पर तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि यह लोग भगवान से भी अपने आप को ऊपर मान रहे हैं। भगवान सब देख रहा है। जब भगवान फैसला करेगा तो इन लोगों को समझ में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कैसे कह दिया कि हम लोग सनातन विरोधी है? क्या हम लोग पूजा नहीं करते हैं? क्या हमारे घर में मंदिर नहीं है? तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। जब हमारे साथ थे तो बीजेपी को क्या-क्या नहीं बोलते थे और अब उधर चले गए हैं तो क्या-क्या बोलते हैं। मुद्दे इनके पास नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से हमने सवाल पूछा है भ्रष्टाचार पर, उम्मीद है वह इस पूरे मामले पर कुछ बोलेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के डीएनए पर इसी प्रधानमंत्री ने सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री झूठ बोलने के डिस्ट्रीब्यूटर भी हैं होलसेलर भी हैं। इसके पहले तेजस्वी यादव ने पहले सोशल मिडिय पर पीएम मोदी के नवादा आगमन पर उनसे दस सवाल पूछे। वहीं तेजस्वी ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर चौपाल में कई सवाल दागे। तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने मेरे किसी भी सवाल का जवाब अभी तक नहीं दिया है। उनके पास मेरे सवाल का कोई जवाब है भी नहीं। जब हम लोगों ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर ट्वीट किया तब उस पर भी उन्होंने चुप्पी साध ली है।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव का समय है। चुनाव में प्रधानमंत्री आएंगे और भाषण देकर चले जाएंगे। फिर अगले पांच साल बाद चुनाव में ही उनके दर्शन होंगे। आज उन्होंने नवादा के वारसलीगंज में चुनावी सभा को संबोधित किया है। पिछली बार भी यहां आए थे, तब बोले थे नवादा में चीनी मिल चालू करवाएंगे। वादा किये 10 साल हो गये लेकिन अभी तक चीनी मिल चालू नहीं हो सका। तेजस्वी ने कहा कि मोदी जी चुनाव में वोट मांगने जब मोतिहारी आये थे, तब वहां भी उन्होंने कहा था कि यहां बंद पड़े चीनी मिल के चीनी की वह चाय पिएंगे। लेकिन वह चीनी मिल आज तक चालू नहीं हो सका। तेजस्वी ने कहा कि मोदी जी जो कहते हैं वो करते कहां हैं। हम तो पूछते हैं कि बिहार से पलायन कैसे रुकेगा? बिहार को विशेष राज्य का दर्जा कब मिलेगा? महंगाई कैसे रुकेगी? हर चीज महंगी होती जा रही है। गरीबों की थाली से दाल और रोटी गायब हो गई है। तेजस्वी ने पीएम मोदी से पूछा कि गरीबों का पेट कैसे भरियेगा? देश से गरीबी कैसे खत्म कीजियेगा? किसानों की आय दोगुनी कब होगी? गरीबों को पक्का मकान कब मिलेगा? उनके वादे चुनावी जुमले हैं। वह कुछ भी बोलेंगे लेकिन अंत तक यही रिजल्ट आएगा कि बीजेपी को हिंदू-मुसलमान ही करना पड़ेगा। बीजेपी के पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप नेताओं का सामूहिक अनशन

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के प्रमुख नेता एक दिन के अनशन के लिए रविवार को यहां जंतर-मंतर पर एकत्र हुए। पार्टी नेताओं ने कहा कि अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी भारतीय नागरिक इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें बोस्टन में हार्वर्ड स्क्वायर, लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड साइन, वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के बाहर, न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर और टोरंटो, लंदन तथा मेलबर्न समेत कई स्थान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आप शासित पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के गांव खटकर कलां में सामूहिक अनशन में शामिल हुए। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल, उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, मंत्री आतिशी, गोपाल राय और इमरान हुसैन सहित आप के कई वरिष्ठ नेता सुबह 11 बजे से राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर दिन भर के सामूहिक अनशन पर बैठे। आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने लोगों से केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में अनशन में शामिल होने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी आप को खत्म करने की भाजपा की साजिश का हिस्सा है। केजरीवाल 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बिहार में पार्टी कार्यकताओं ने गर्दनीबाग स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया। शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उपवास कार्यक्रम की अध्यक्षता पटना पूर्वी के प्रभारी विधाभूषण शर्मा ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पार्टी कार्यकताओं ने महात्मा गाँधी एवं अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण एवं अरविंद केजरीवाल के कुशलता के लिये दो मिनट का मौन धारण किया।

# लोस चुनाव : सुविधा पोर्टल पर प्रचार गतिविधियों के लिए 73 हजार मिले आवेदन

नई, दिल्ली/एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से उसके सुविधा पोर्टल को 73,000 से अधिक आवेदन मिले हैं, जिनमें विभिन्न प्रचार गतिविधियों के लिए अनुमति मांगी गई है। आयोग ने कहा कि पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों में रैली के लिए मैदान बुक करने, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने और वीडियो प्रचार वैन संचालित करने जैसे अनुरोध शामिल हैं। आयोग की ओर से कहा गया है कि पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के मद्देनजर 44,600 से अधिक अनुरोधों को मंजूरी दी गई है। जारी आंकड़ों के अनुसार, प्राप्त कुल अनुरोधों में से लगभग 11,200 या 15 फीसदी को खारिज कर दिया गया और 10,819 आवेदन रद्द कर दिए गए क्योंकि वे अमान्य थे। आयोग के मुताबिक, अधिकतम अनुरोध तमिलनाडु (23,239) से प्राप्त हुए, इसके बाद पश्चिम बंगाल 11,976 और मध्य प्रदेश 10,636 रहे। निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि अब तक सबसे कम अनुरोध चंडीगढ़ 17, लक्षद्वीप 18 और मणिपुर (20) से प्राप्त हुए हैं। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमति और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। इसके जरिए रैलियों के आयोजन, बुकिंग स्थलों, अस्थायी पार्टी कार्यालयों को खोलने, घर-घर अभियान चलाने, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर और हेलीपैड के उपयोग, वाहन परमिट और पर्चे वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि सभी हितधारकों के लिए समावेशिता और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ह्यऑफलाइन सबमिशनह्न विकल्प भी उपलब्ध हैं। आयोग ने कहा कि पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ा चुनाव व्यय की जांच के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करता है।

सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव की घोषणा 16 मार्च को हुई थी और मतदान 19 अप्रैल से शुरू होगा। अंतिम चरण एक जून को है और मतों की गिनती चार जून को होगी।

## समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के लिए जहाज आईएनएस शारदा सम्मानित

# नौसेना अध्यक्ष ने जहाज की टीम को ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

प्रात : किरण




● सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं से ईरानी जहाज की कराई थी सुरक्षित रिहाई

नई दिल्ली/एजेंसी। कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने सफल समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने के लिए आईएनएस शारदा को ह्यऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्रह्न से सम्मानित किया। यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसमें 11 ईरानी और 08 पाकिस्तानी नागरिक थे। इस जहाज को सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था।

भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस शारदा को अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी को समुद्री लुटेरों के कब्जे से मुक्त कराने का जिम्मा सौंपा गया था। भारतीय जहाज ने रातभर गोपनीय खोज जारी रखने के बाद 01 फरवरी की रात में ईरानी जहाज को रोक लिया और 02 फरवरी को सुबह हेलीकॉप्टर और उसके बाद प्रहार टीम को उतारा गया।

भारतीय टीम की आक्रामकता से समुद्री डाकू चालक दल और ईरानी जहाज को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए मजबूर हुए। इसके बाद अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज और उसके चालक दल को सोमाली समुद्री डाकुओं से छुड़ा लिया गया। भारतीय नौसेना की ओर से समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए तैनात जहाज और मिशन के अथक प्रयास ने हिंद महासागर क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय नौसेना के संकल्प को बरकरार रखते हुए समुद्र में बहुमूल्य जिंदगियां बचाईं। नौसेना प्रमुख ने कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान टीम शारदा के साथ बातचीत की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने चालक दल के पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में भारतीय नौसेना को मान्यता और प्रशंसा मिली।

## चुनाव

### 2019 में पहली बार चुनाव लड़ने वालों में 15 को सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

# लोस चुनाव : 2019 में पहली बार जीते 10 सांसद फिर से जलवा दिखाने को बेताब

प्रात : किरण



पटना। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार जीत हासिल करने वाले 15 सांसदों में से 10 सांसद चुनावी रणभूमि में फिर से अपना जलवा बिखेरने को बेताब हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों ने दिग्गज नेताओं के साथ नये चेहरे पर भी भरोसा जताते हुये उनपर दांव लगाया। वर्ष 2019 में पहली बार चुनाव लड़ने वालों में 15 को सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाईटेड और लोक जनशक्ति पार्टी ने 14 नये चेहरों पर भरोसा जताते हुये उन्हें उम्मीदवार बनाया। जदयू के टिकट पर आठ नये चेहरों ने पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमायी। सभी सीट पर जदयू के उम्मीदवार ने अपनी शानदार पारी का आगाज किया। इनमें सीतामढ़ी से पूर्व मंत्री सुनील कुमार पिंटू, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, कटिहार से पूर्व मंत्री दुलालचंद गोस्वामी, गोपालगंज (सु) आलोक कुमार सुमन, सीवान से कविता सिंह, भागलपुर से अजय कुमार मंडल, जहानाबाद से चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी और गया (सु) विजय कुमार मांझी जीत हासिल कर पहली बार सांसद बनने में सफल रहे। इसी तरह भाजपा के टिकट पर पटना साहिब से भाजपा के दिग्गज रवि शंकर प्रसाद, मधुबनी से पूर्व विधायक अशोक कुमार यादव और दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर ने पहली बार लोकसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमाया। भाजपा के सभी तीन प्रत्याशी ने शानदार जीत हासिल की और पहली बार सांसद बने। वहीं लोजपा के टिकट पर हाजीपुर (सु) से तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस, नवादा से चंदन सिंह और वैशाली से वीण देवी पहली बार लोकसभा की चुनावी रणभूमि में पहली बार अपनी किस्मत आजमायी। लोजपा के इन तीनों प्रत्याशी के सिर भी जीत का सेहरा सजा और वे सभी सांसद बनने में सफल रहे। महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के टिकट पर पूर्व मंत्री मोहम्मद हुसैन आजाद के पुत्र और किशनगंज के तत्कालीन विधायक डॉ. मोहम्मद जावेद ने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की और पहली बार सांसद बने। किशनगंज एकमात्र सीट थी जहां महागठबंधन ने जीत हासिल की थी। इस तरह लोकसभा में 15 नये चेहरे सांसद बने। इस बार के चुनाव में सीतामढ़ी संसदीय सीट से जीते सुनील कुमार पिंटू, सीवान से जीती कविता सिंह और गया (सु) से जीते विजय कुमार मांझी बेटिकट कर दिये गये। वहीं पांच सीट पर झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, कटिहार से दुलालचंद गोस्वामी, गोपालगंज (सु) से आलोक कुमार सुमन, भागलपुर से अजय कुमार मंडल और जहानाबाद से चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी इस चुनाव में भी चुनावी रणभूमि में अपना जलवा बिखरने के लिये बेताब हैं। पशुपति कुमार पारस और चंदन सिंह चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वहीं लोजपा के टिकट पर वीणा देवी फिर से वैशाली सीट से चुनाव लड़ रही हैं। वहीं वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर जीते रवि शंकर प्रसाद पटना साहिब, अशोक कुमार यादव मधुबनी और दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर इस बार भी चुनावी संग्राम में जीतने के लिये बेताब है। वहीं किशनगगंज सीट पर जीते डॉ. मोहम्मद जावेद इस बार भी कांग्रेस के टिकट पर चुनावी रणभूमि में जीत का सेहरा बांधने के लिये बेकरार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चीला शक्ति नहर में कूदा व्यक्ति, एसडीआरएफ ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चीला शक्ति नहर कुनाऊ पुल के पास एक व्यक्ति नहर में कूद गया। एसडीआरएफ द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। चीला शक्ति नहर कुनाऊ पुल के पास एक व्यक्ति की नहर में कूदने की आशंका पर एसडीआरएफ टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। व्यक्ति की साइकिल ,मोबाइल, पर्स नहर किनारे मिला है। जिस पर आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति चीला शक्ति नहर में कूदा है। हादसे के जानकारी मिलते ही चीला चौकी पुलिस, थाना लक्ष्मण झूला मौके पहुंचे। व्यक्ति के परिजन भी खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे। टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन शुरू जारी है।

### कालबन से श्रमिक का शव हुआ बरामद

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रानीपोखरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत इठारना क्षेत्र से एक शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भिजवाया। रानीपोखरी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सभा गडूल के (कालबन) इठारना में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो वहां पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था। पूछताछ करने पर मृतक का नाम सुनील (23) पुत्र श्यामा निवासी बीबीपुर थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर पता चला। थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि मृतक की मानसिक स्थिति सही नहीं थी। मृतक होली से कुछ ही दिन पहले कालबन क्षेत्र में बन रही सड़क में मजदूरी का कार्य करने आया था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चुनाव के लिए एआरटीओ ऋषिकेश ने 315 वाहनों का किया अधिग्रहण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चुनाव के लिए परिवहन विभाग ने ऋषिकेश में अभी तक 315 वाहनों का अधिग्रहण कर लिया है। इन वाहनों में 97 बसें हैं। लोगों को शादी के लिए बस बुक करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बसों की बुकिंग में ज्यादा पैसा भी चुकाना पड़ रहा है। वैदिक पंचांग के अनुसार 18 और 19 अप्रैल को शादी का मुहूर्त है। लोगों को शादी के लिए बसें बुक कराने के लिए मोटर मालिकों और ट्रैवल एजेंटों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ट्रांसपोर्टर भी अधिकांश बसों के चुनाव में अधिग्रहण होने का हवाला देकर अपनी बसें ज्यादा दामों में बुक करवा रहे हैं। ऐसे में मजबूरी में लोगों को बसों की बुकिंग के लिए ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। बेटे की शादी के लिए बस बुक कराने यमकेश्वर क्षेत्र से आए धर्म सिंह ने बताया कि शादी 18 और 19 अप्रैल को है। ऋषिकेश के एक वेडिंग प्वाइंट से बारात देहरादून के विकासनगर क्षेत्र में जाना है। ऋषिकेश में बसों की बुकिंग के लिए उन्हें कई ट्रेवल एजेंटों के चक्कर काटने पड़े। फिर एक ट्रेवल एजेंट से दो बसें बुक कराई। अन्य दिनों के मुकाबले ज्यादा दाम चुकाने पड़े।

### दिनेशपुर में भी तीन दिवसीय मतुआ महामेला शुरू

**दिनेशपुर, एजेंसी।** ठाकुर हरिचांद की जयंती पर दिनेशपुर में शुक्रवार से हरिमंदिर परिसर में तीन दिवसीय मतुआ महामेला शुरू हो गया। पहले दिन गंगा पूजन में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। शुक्रवार को प्रभात कीर्तन के बाद दिवंगत आचार्य गोपाल महाराज के शिष्य विवेकानंद ब्रह्मचारी व प्रशासन की ओर से गठित कमेटी की देखरेख में निशान उत्तोलन कार्यक्रम हुआ। ढोल, नगाड़ों और शंख ध्वनि के बीच महिलाओं ने मंदिर में मां गंगा की पूजा-अर्चना की। दोपहर को मंदिर परिसर में मंगल घट की स्थापना की गई। शाम को आमंत्रण अधिवास कार्यक्रम हुआ। वहां मेला भी लगा है।शनिवार को महावारुणी पर्व के अवसर पर श्रद्धालु मंदिर परिसर स्थित कामना सागर (कृत्रिम तालाब) में डुबकी लगाएंगे।

# गर्मी से छुटकारा पाने को नैनीताल पहुंच रहे सैलानी, नावों से पटी नैनी झील



**नैनीताल, एजेंसी।** गर्मियां शुरू होने के साथ ही उत?तराखंड में सैलानी उमड़ने लगे हैं। खासकर सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं इस बार वीकेंड आया तो नैनीताल में पर्यटकों की बहार साथ लेकर आया। इस वीकेंड पर भी सरोवर नगरी में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी तो कारोबारी भी उत्साहित हो उठे। दरअसल वीकेंड का प्रचलन करीब डेढ़ दशक पहले शुरू हुआ, जो नगर की रंगत बढ़ा जाता है और पर्यटन कारोबारियों की आय में भी खासा बढ़ोतरी कर जाता है। कारोबारियों को उम्मीद है कि हिन्दू नववर्ष नौ नवंबर तथा 11 दिसंबर को ईद के बाद पर्यटकों की भीड़ और बढ़ेगी। शुक्रवार शाम से पर्यटकों का आना शुरू हुआ, जो शनिवार व रविवार दोपहर तक जारी रहने की संभावना है। जिस कारण नगर के होटलों के अधिकांश कमरे पैक हो चले हैं। पार्किंग स्थल पर्यटक वाहनों से पट गई। इस बीच नगर के बाज़ार पर्यटकों से पटे नजर आए , पर्यटन स्थलों में पूरे दिन भारी भीड़ रही। स्नोव्यू, राजभवन, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन व केव गार्डन में काफी चहल पहल रही। बड़ी संख्या में आवाजाही रही। सैलानियों ने झील में नौकायन का लुत्फ उठाकर सैरसपाटे को यादगार बनाया। मालरोड की रौनक में निखार नजर आया।

पर्यटकों की भीड़ से टैक्सी कारोबार भी चल पड़ा जबकि माल रोड सहित अन्य स्थानों पर रेहड़ी पटरी कारोबारियों की भी आय में बढ़ोत्तरी हुई। होटल एसोसिएशन के पीआरओ रुचिर साह के अनुसार मैदानी इलाकों में तापमान में बढ़ोत्तरी तथा स्कूलों में अवकाश के बाद पर्यटन सीजन और परवान चढ़ेगा।

देश-विदेश के श्रद्धालुओं के आस्था के केंद्र सुप्रसिद्ध कैंची धाम में शनिवार को हजारों भक्तों ने बाबा नीब करौली महाराज के दर पर मत्था टेका। सुबह से शाम तक यहां श्रद्धालुओं की कतार लगी रहीं। इससे अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर यातायात का दबाव दोगुना हो गया और खैरना से भवाली तक कई बार जाम लगा। खैरना व कैंची पुलिस की टीम को यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में खूब पसीना बहाना पड़ा। शनिवार सुबह से ही कैंची धाम में अलग-अलग क्षेत्रों से बाबा के भक्त पहुंचने शुरू हो गए थे। दिन चढ़ने के साथ ही श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती चली गई। बाबा नीब करौरी के जयकारों के बीच भक्तों ने बाबा के दर पर मत्था टेका और हनुमान चालीसा का

## सांप ने ढाई साल के मासूम को डसा, बच्चे संग उसे भी पकड़कर ले गए अस्पताल



**हल्द्वानी, एजेंसी।** डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में सांप के काटे हुए मरीज पहुंचते रहे हैं। शुक्रवार को भी स्वजन ढाई साल के बच्चे को लेकर पहुंचे। साथ ही उस सांप को भी पकड़कर ले आए जिसने बच्चे को काटा था।

राजकीय मेडिकल कालेज में मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. परमजीत सिंह ने बताया कि दोपहर में देवलचौड़ रामपुर रोड से ढाई साल के बच्चा इमरजेंसी में पहुंचा। उसे सांप ने डंक मारा था। मरीज का इलाज शुरू कर दिया गया है। उसकी हालत स्थिर है। स्वजन जिस सांप को पकड़कर लाए थे। वह बैंडेड कुर्की प्रजाति का है। यह सांप विषैला नहीं होता है। सांप को वन विभाग को सौंप दिया गया। डा. सिंह ने बताया कि सांप के काटने के मामले लगातार आ रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से हेपेटाइटिस की दवाइयां निश्शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं लेकिन चार दिन से दवाइयां खत्म हो चुकी हैं। जबकि प्रतिदिन 15 से 20 मरीजों को दवाइयां दी जाती हैं।

डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डा. जीएस तितियाल ने बताया कि यह दवाइयां एनएचएम के माध्यम से मिलती हैं। चार दवाइयों में से दो दवाइयां नहीं है। इसके लिए डिमांड भिजवाई गई हैं।

राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने बताया कि एसटीएच की सीटी स्कैन मशीन ठीक हो गई है। शनिवार से व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।

## फूलों की घाटी में तीन फीट से अधिक बर्फ, चार जगह पसरे हिमखंड, निरीक्षण कर लौटी टीम



**चमोली, एजेंसी।** घाटी के मार्ग पर चार जगह पर बड़े-बड़े हिमखंड पसरे हैं जिनकी लंबाई 50 से 100 मीटर तक है। फूलों की घाटी में इस समय तीन फीट से अधिक बर्फ जमी हुई है। चार जगह हिमखंड पसरे हुए हैं। घाटी का निरीक्षण करने गई वन विभाग की टीम सीमा क्षेत्र से लौट आई है। मौसम खराब होने के कारण घाटी का ड्रोन से फोटो भी नहीं लिया जा सका है। फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए एक जून से खोली जाती है। शीतकाल में घाटी में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित रहता है लेकिन नंदादेवी राष्ट्रीय पार्क प्रशासन की टीम समय-समय पर घाटी का निरीक्षण करने के लिए जाती रहती है।

इसी के तहत फूलों की घाटी रेंज की टीम यहां निरीक्षण करने गई थी। वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल ने बताया कि घाटी के मार्ग पर चार जगह पर बड़े-बड़े हिमखंड पसरे हैं जिनकी लंबाई 50 से 100 मीटर तक है। टीम काफी मुश्किल से घाटी की सीमा बामण धौड़ तक पहुंच पाई।

घाटी में तीन फीट से अधिक बर्फ जमी है जिससे आगे जाना संभव नहीं था। मौसम खराब होने के कारण टीम ड्रोन से भी फूलों की घाटी की तस्वीर नहीं ले पाई। मौसम साफ होने पर टीम को फिर भेजा जाएगा। ड्रोन की तस्वीर से घाटी की स्थिति साफ हो पाएगी।

## उत्तराखंड में विवाहित बहनों व बेटियों को हर साल रहता है जिस भिटैली का इंतजार



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** पर्वतीय अंचल में चैत्र महीने में विवाहित बहनों व बेटियों को भिटौली देने की विशिष्ट परंपरा आज भी जीवित है।

पहाड़ में चैत्र मास में ससुराल में रह रहीं बहनों से मिलने, उन्हें नए वस्त्र व विविध उपहार देने तथा मां के हाथों से तैयार पकवान देने का रीति- रिवाज काफी पुरातन है। चैत्र माह को भिटौली का महीना भी कहते हैं। शहरों और कस्बों में अब इस प्राचीन परंपरा का स्वरूप बदलता जा रहा है। व्यस्तता के दौर में अब मायके से बहनों को मोबाइल से ही गूगल पे कर अथवा मनीआर्डर भेज कर भिटौली दी जाने लगी है।

चैत्र मास यानि भिटौली के महीने की शुरुआत पहाड़ में फूलदेई त्योहार के साथ होती है। मायके की मधुर यादों में बहनें विचलित न हों, इसलिए चैत्र मास में बहनों व बेटियों से मिलने और उनकी कुशलक्षेम लेने को भिटौली देना कहते हैं। पर्वतीय अंचल में भिटौली भाई-बहनों के बीच असीम प्यार का प्रतीक है। चैत्र माह की संक्रांति अर्थात फूलदेई के दिन से बहनों को भिटौली देने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

वसंत ऋतु के आगमन से छायी हरियाली, कोयल, न्योली व अन्य पक्षियों का मधुर कलरव, सरसों, गेहूं आदि से लहलहाते खेत, घर-घर जाकर बचपन में फूलदेई का त्योहार मनाना व भाभियों संग रंगोत्सव होली का अल्हड़ आनंद लेना उन्हें बरबस याद आने लगता है।

सुदूर ससुराल में विवाहित लड़कियों को इस माह मायके की याद न सताए, इसलिए मायके वाले प्रतिवर्ष चैत्र माह में उनसे मुलाकात करने पहुंचते हैं। मां की ओर से तैयार विभिन्न प्रकार के पकवान, नए वस्त्र और तरह-तरह के उपहार बहनों को भेजने का प्रचलन काफी पुरातन है।

संस्कृति कर्मी नवीन बिष्ट ने बताया पहाड़ में भिटौली देने का स्वरूप आधुनिकता की हवा के चलते बदल गया है। वहीं अत्यंत व्यस्त और भागमभाग जीवन शैली तथा आधुनिक सूचना क्रांति युग के बावजूद यह भाई-बहन की याद से अवश्य जुड़ा हुआ है।

## नव संवत्सर में रहेगा उथल-पुथल का माहौल

**हरिद्वार, एजेंसी।** नव संवत्सर नौ अप्रैल से शुरू हो रहा है। इस संवत का नाम काल युग होगा। इसके राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे। ज्योतिषाचार्य इसे कई नजरिए से अशुभ संकेत मान रहे हैं। कई ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि इस संवत में बहुत कष्ट आएंगे। वहीं कुछ विद्वानों ने इसे कई राशियों के लिए शुभकारी बताया है। इस संवत में आर्थिक उन्नति तो देखने को मिलेगी, लेकिन माहौल उथल-पुथल का रहेगा।

भारतीय प्राचीन विधा सोसायटी कनखल हरिद्वार के ज्योतिषाचार्य डॉ. प्रतीक मिश्रपुरी ने बताया कि आषाढ़ कृष्ण पक्ष 13 दिनों का होगा। इस बार शुक्र, गुरु अस्त उदय होंगे, इसलिए 57 विवाह मुहूर्त ही होंगे। इसमें भी कई अपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि इस बार चार ग्रहण होंगे, लेकिन एक भी ग्रहण भारत में दिखाई नही देगा। ऐसा 125 वर्ष बाद होगा जब एक भी ग्रहण भारत में नहीं होगा। इस संवत में 29 जनवरी को कुंभ स्नान प्रयागराज में होगा।

अब जब संवत शुरू हो रहा है तो इसमें जून से सितंबर तक भारी परेशानी जनहानि जैसे तमाम संकेत ग्रहों से मिल रहे हैं। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि इस समयावधि में उग्रवादी संगठन कुछ बड़ा कर सकते हैं। ज्योतिष के विद्वानों का दावा है कि इस साल एक राष्ट्र में सैनिक शासन भी लगेगा। प्राकृतिक आपदा भी इस संवत में बहुत ज्यादा आएगी। वहीं इस संवत का वाहन नाव है। इसका स्पष्ट संकेत होता है कि सांप्रदायिक घटनाएं भी बहुत होंगी। ज्योतिषों के मुताबिक 29 जून से 15 नंबर तक शनि वक्री होंगे, जो कई प्राकृतिक दुर्गति करेंगे। एक मई को गुरु वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे वहीं कर्क और वृश्चिक पर शनि की ढैय्या, तथा मकर, कुंभ और मीन पर साढ़े साती का प्रभाव रहेगा।

ज्योतिषाचार्य विकास जोशी ने बताया कि सामान्य रूप से संवत का स्वभाव क्रोधी है और इस बार नवरात्र भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होने वाला है। इसमें माता की सवारी अश्व है। वाहन के रूप में अश्व के बहुत शुभ लक्षण नहीं माने गए हैं। ज्योतिष के अनुसार नव संवत पर विवाह योग भी बहुत ही कम हैं। इसके कारण बार-बार गुरु तथा शुक्र का अस्त होना है। इस दौरान मात्र 57 विवाह योग हैं, इसमें भी कई अपूर्ण योग में हैं।

ज्योतिषों के मुताबिक नव संवत की शुरुआत में तीन बेहद शुभयोग बनते दिख रहे हैं। ये हैं शश महापुरुष योग, अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग। नव संवत में सभी 12 राशियों के लिए कुछ न कुछ शुभ है। मेष, मिथुन, सिंह, धनु के लिए यह संवत बेहद शुभ रहेगा। अन्य राशियों के लिए सामान्य, जबकि मकर, कुंभ, मीन पर शनि की साढ़े साती, वृश्चिक, कर्क राशि वालों पर ढैय्या का प्रभाव रहेगा।

## उपराष्ट्रपति को दिया चारधाम यात्रा पर आने का निमंत्रण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के देहरादून एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) और राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने आने वाले चारधाम यात्रा के लिए उपराष्ट्रपति को निमंत्रण दिया।

शुक्रवार को दिल्ली से विशेष विमान से एयरपोर्ट पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ पहुंचे। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने उपराष्ट्रपति व उनकी धर्मपत्नी को माता की चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही गंगाजली भेंट कर आगामी चारधाम यात्रा में आने का निमंत्रण दिया। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उपराष्ट्रपति शाम करीब साढ़े चार बजे एयरपोर्ट से वापस दिल्ली को रवाना हुए। उपराष्ट्रपति का स्वागत करने वालों में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार, डीएम सोनिका, एसएसपी अजय सिंह आदि शामिल रहे।

## 60 किलो पॉलिथीन जब्त कर एक लाख का जुर्माना वसूला

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर निगम की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। तिलक रोड स्थित एक प्रतिष्ठान से भारी मात्रा में पॉलिथीन जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को नगर निगम प्रशासन की टीम ने क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट ने बताया कि कार्रवाई में टीम ने तिलक रोड स्थित स्वामी ट्रेडर्स से प्रतिबंधित 60 किलो पॉलिथीन जब्त की है। इसके अलावा प्रतिष्ठान स्वामी का चालान कर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी वसूला गया है। इस मौके पर सफाई निरीक्षक अमित नेगी, आकाश कुमार, कालिका प्रसाद, रोहित मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी एक ग्रीन कार्ड हुआ जारी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चारधाम यात्रा के लिए एआरटीओ कार्यालय में दूसरे दिन भी एक ग्रीनकार्ड जारी हुआ। जिन वाहनों में फिटनेस संबंधित औपचारिकता पूरी नहीं थी, उन्हें वापस लौटाया गया। अब लोकसभा चुनाव के बाद वाहनों के ग्रीन कार्ड बनवाने में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। चारधाम यात्रा के लिए बृहस्पतिवार से ग्रीन कार्ड बनाने का काम शुरू हुआ था। पहले दिन सर्वर में दिक्कत के कारण एक ग्रीन कार्ड जारी हुआ था। शुक्रवार को दूसरे दिन भी एक ग्रीन कार्ड जारी हुआ। ऋषिकेश, डोईवाला, हरिपुर कलां, चौदह बीघा, रामझूला, शिवपुरी, व्यासी आदि क्षेत्रों के वाहनों के चुनाव में अधिग्रहण होने के कारण वाहन स्वामी अपने वाहनों को ग्रीन कार्ड नहीं बनवा पा रहे हैं।

## स्वामी पूर्णानंद भारती से मिले मुख्यमंत्री धामी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** मुनि की रेती स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम गंगा रिजॉर्ट में ठहरे गुजरात वडोदरा के स्वामी पूर्णानंद भारती से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुलाकात की। शुक्रवार को दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से पूर्णानंद खेल मैदान पहुंचे। यहां से कार में सवार होकर वह गंगा रिजॉर्ट पहुंचे। आश्रम में उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक स्वामी पूर्णानंद भारती से बंद कमरे में बातचीत की। उसके बाद वह देहरादून के लिए रवाना हो गए। पूर्णानंद खेल मैदान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री निजी दौरे पर स्वामी से मिलने पहुंचे थे।

## चैती मेले में रंगबिरंगी मछलियों की दुनिया देखेंगे लोग



**काशीपुर, एजेंसी।** ऐतिहासिक चैती मेले में पहली बार अंडर वाटर फिश टनल लोगों के आकर्षण का केंद्र होगा। इस टनल में देशी-विदेशी कई प्रजातियों की मछलियों का लोग एक छत के नीचे दीदार कर सकेंगे। चैती मेले में पहली बार रांची झारखंड से शान अली व मो. बबलू अंडर वाटर फिश टनल लेकर पहुंचे हैं। पहली बार शहरवासियों को इस टनल में देशी-विदेशी समुद्री मछलियों का दीदार करने का मौका मिलेगा। इस टनल में नदियों और समुद्री प्रजातियों की मछलियों से लोग रूबरू होंगे। इसके लिए केरल, चेन्नई के साथ ही कई राज्यों की रंगबिरंगी मछलियां मंगाई गई हैं। शान अली ने बताया कि उत्तराखंड में पहली बार चैती मेले में अंडर वाटर फिश टनल लगेगा। बताया कि जल्द ही टनल स्थापित किया जाएगा। उधर, मेला ठेकेदार राजा ने बताया कि मेले में पहली बार फिश टनल के अलावा मनोरंजन के लिए बड़े-बड़े झूले लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा खान-पान स्टाल के साथ ही खेल-खिलौने की दुकानें भी लगाई जा रही हैं। बताया दुकान बाहर से आने शुरू हो गए हैं और 9 अप्रैल तक मेले में सभी दुकानें लग जाएगी।

# आईआईएम में अस्पताल प्रबंधन विषय पर पीजी कोर्स शुरू



**काशीपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) ने मैक्स हेल्थ केयर के सहयोग से डॉक्टरों और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेशेवरों के लिए अस्पताल प्रबंधन में अपनी तरह का पहला एक साल का पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रम शुरू किया है। इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। आईआईएम के डीन (विकास) प्रो. कुणाल गांगुली ने बताया कि पहली बार किसी आईआईएम ने मैक्स अस्पताल के साथ साझेदारी की है। भारत में कुशल स्वास्थ्य पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एक-वर्षीय पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। बताया पहले बैच की कक्षाएं आईआईएम काशीपुर और मैक्स हेल्थ केयर दोनों के संकाय की ओर से मैक्स अस्पतालों में व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ होंगी।

इससे पहले उद्घाटन भाषण में संस्थान निदेशक प्रो. कुलभूषण बलूनी ने कहा कि हमने पिछले कुछ वर्षों में कई पहल की हैं। आईआईएम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए इस तरह के पाठ्यक्रम को शुरू करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत के स्वास्थ्य सेवा उद्योग ने वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है जिसमें अस्पतालों, चिकित्सा उपकरणों, फार्मास्युटिकल व स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी में निवेश में वृद्धि हुई है। इस वृद्धि को बनाए रखने और विश्व स्तरीय सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए, अस्पतालों में कुशल संचालन प्रबंधकों की आवश्यकता बढ़ रही है। उधर मैक्स हेल्थकेयर के वरिष्ठ मानव संसाधन निदेशक व मुख्य लोक अधिकारी उमेश गुप्ता ने सहयोगात्मक पहल के महत्व पर जोर दिया। वहीं मैक्स अस्पताल की एचआर व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितु वर्मा ने बताया इस कोर्स में पेशेवर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की बारीकियां सीखेंगे। जैसे अस्पताल कैसे चलाना है, बजट बनाना, आवश्यक जनशक्ति व विभिन्न परिस्थितियों से कैसे निपटना है जैसे कई विषयों को शामिल किया गया है। पहले बैच में 10 डॉक्टरों और 15 स्वास्थ्य कर्मियों ने नामांकन कराया है जो उत्तराखंड, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, नेपाल, राजस्थान आदि जगहों के हैं। साथ ही विभिन्न निजी व सरकारी अस्पतालों से जुड़े हैं। सभी पास-आउट पेशेवरों को आईआईएम पूर्व छात्रों का दर्जा दिया जाएगा।

# केजरीवाल सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये - गोयल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रद्रोही व भ्रष्ट केजरीवाल सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी व यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट द्वारा शिव मंदिर, नवीन शाहदरा में बैठक कर जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति भारत, मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट, गृहमंत्री, भारत सरकार, मुख्य न्यायाधीश दिल्ली हाईकोर्ट, डायरेक्टर जनरल एनआईए, निदेशक सीबीआई, डायरेक्टर, ईडी, सेंट्रल विजिलेंस कमिश्नर को एक ज्ञापन देकर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री जय भगवान गोयल ने कहा कि अब समय आ गया है कि केजरीवाल सरकार को तुरंत बर्खास्त कर राज्य में जल्द से जल्द राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। पंजाब में विधानसभा चुनाव के समय पन्नू जैसे कनाडा में बैठे आतंकवादी (जो आए दिन पंजाब में फिर से खालिस्तान मूवमेंट का जिंदा करने का कोई न कोई षड़यंत्र रचता रहा है) से 165 करोड़ रुपये यह कह कर लिए थे कि अगर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी तो उनका खालिस्तान के एजेंडा को पंजाब में लागू करेंगे और भूल्लर जैसे जेल में बैठे खतरनाक आतंकी की रिहाई कराएंगे और अगर ध्यान से देखा जाए तो केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सरकार बनते ही अपने झंडे का रंग बदलकर खालिस्तानी रंग वाले झंडे को ही दिल्ली नगर निगम चुनाव में अपना लिया था और किसानों का दिल्ली में ट्रेक्टरों के मार्च के आयोजन का खुला समर्थन करके गणतंत्र दिवस पर सलामी मंच पर हमला करने की साजिश भी रची थी। उन्हांने कहा कि 2014 में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड़ को जबरदस्ती रोकने के लिए रेल भवन के सामने, मुख्यमंत्री होते हुए भी केजरीवाल धरने पर बैठ गए थे यह कृत्य भी राष्ट्रद्रोह से कम नहीं हांका जा सकता है।



श्री गोयल ने कहा कि 19 फरवरी, 2018 में केजरीवाल ने मुख्य सचिव अंशु प्रकाश व सीनियर सरकारी अधिकारियों को रात को फाईलों के साथ अपने निवास पर बुलाकर, आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह द्वारा जबरदस्ती अपनी मर्जी अनुसार फाईलों पर मारपीट कर, डरा धमकाकर उनके हस्ताक्षर करवा लिए थे, जिसके ऊपर अधिकारियों ने एफआईआर भी दर्ज करवाई थी। उन्हांने कहा कि जिस संतोष कोली नाम की गरीब लड़की के घर पर सुंदर नगरी से अरविंद केजरीवाल ने अपनी एनजीओ के माध्यम से धरना प्रदर्शन कर अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत की थी उसकी हत्या की गुत्थी आजतक उल्झी हुई है। संतोष कोली की मां आज भी दर-दर न्याय के लिए भटक रही है और खुलेआम सीआईए के एजेंट केजरीवाल को अपनी बेटी का हत्यारा मानकर उसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रही है। आयकर विभाग की नौकरी करते हुए अरविंद केजरीवाल ने अमेरिका जाकर 3 साल की जो पढ़ाई की थी वह सीआईए की ट्रेनिंग ही थी। उन्होंने कहा कि फोर्ड इंटरनेशनल अमेरिकी कंपनी जो करोड़ों अरबों रुपया खर्च करके दूसरे देशों में अस्थिरता पैदा करने के लिए अपने एजेंटो द्वारा कार्य करती है जिसका जीता जागता प्रमाण 2008 से 2010 के बीच खूंखार नक्सली आतंकवादी देशद्रोह के जुर्म में सजायाफता विनायक सेन व सोनी सोढ़ी और केजरीवाल की गुरू अरूणा राय की रिहाई के लिए, केजरीवाल, मनीष सिसोदिया ने छत्तीसगढ़ जाकर राज्यपाल व जेल महानिदेशक को ज्ञापन सौंपे थे और भारी भरकम विदेशी पैसे के बल पर प्रशांत भूषण के माध्यम से न सिर्फ विनायक सैन को जमानत दिलवा दी बल्कि मुकदमे की सुनवाई भी बंद करवा दी थी। 2020 में सीएए के खिलाफ कट्टरपंथी मुस्लिम जिहादियों द्वारा 55 दिनों तक शाहीन बाग में आम आदमी पार्टी ओखला क्षेत्र के विधायक अमान तुल्ला खान के नेतृत्व में लोगां की आवाजाही को बाधित कर खुल्ला दहशत व आतंक का तांडव किया गया था और सीलमपुर में आम आदमी पार्टी के विधायक अबदुल रहमान ने सीलमपुर मेट्रो स्टेशन पर धरना देकर रोड़ बाधित किया और मुस्तफाबाद आम आदमी पार्टी के विधायक हाजी युनूस ने तो खुलेआम रोड़ जाम करके दंगाईयों को हर प्रकार के दंगा के करने के सामान मुहैय्या करवाए और डीसीपी व एसीपी पर जानलेवा हमला करवाया, जिसमें रतन लाल नाम का हवलदार शहीद भी हो गया था। नार्थ-ईस्ट दिल्ली क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद ताहिर हुसैन अभी तक जेल में है जिसने इन सभी लोगां के साथ मिलकर दंगे का षड़यंत्र रचा था। दंगे का समय भी जानबूझकर उस समय तय किया गया जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप दिल्ली में दौरे पर थे ताकि पूरी दुनिया में यह संदेश देकर भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छवि धूमिल की जा सके कि भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के साथ खुलेआम अत्याचार व सौतेला व्यवहार किया जाता है। श्री गोयल ने कहा कि जलबोर्ड, शीशमहल मुख्यमंत्री का आवास घोटाले की जांच को भी इसी जांच में ही सम्मिलित किया जाए और इससे भी बढ़कर जेएनयू दिल्ली में जब नक्सलवादी, मायोवादी व राष्ट्रविरोधी, टुकड़े-टुकड़े गैंग ने खुलेआम, ह्यभारत तेरे टुकड़े हांगे, इंशा अल्लाह-इंशा अल्लाहह्ल व ह्यहम लेके रहेंगे आजादीह्ल, जैसे देशद्रोही नारे लगाए थे तब भी सीआईए एजेंट केजरीवाल व उसके साथियों ने खुल्लमखुल्ला इन राष्ट्रविरोधियों का समर्थन किया था। उन्हांने कहा कि संवेदनशील मामलों की सीबीआई, एनआईए, ईडी, सीवीसी आदि जैसी उच्च स्तरीय जांच एजेंसियों से जांच करवाकर केजरीवाल व इनके साथियों पर तत्काल राष्ट्रद्रोह के मुकदमे दर्ज किए जाएं व इसके साथ-साथ इनसे तत्काल त्याग पत्र लिए जाएं और दिल्ली की लगभग 2 करोड़ जनता को इन विदेशी सीआईए एजेंटों से मुक्ति दिलवाई जाए।

इस अवसर पर सर्वश्री जितेन्द्र महाजन (विधायक, रोहताश नगर) रितेश सूजी (पार्षद), संजय डींडवाना, मिनाक्षी वशिष्ठ, धर्मेन्द्र बेदी, चौ. ईश्वर सिंह, महेन्द्र मनचंदा, अवध कुमार, शंकर लाल अग्रवाल, प्रेम चंद गुप्ता, विक्रम गुप्ता, जितेन्द्र यादव, सांवर तायल, विनोद गुप्ता, सुमन प्रजापति आदि अपने कार्यकताओं सहित उपस्थित थे।

# अंतिम संस्कार में आए तीन युवक गंगा में डूबे, दो को बचाया, एक की मौत

सैदनगली। थाना क्षेत्र के गांव कुंदरकी भूड़ निवासी 70 वर्षीय रामवती का अंतिम संस्कार करने आए तीन युवक गंगा में डूब गए। दो युवक आस पास के तैराकों और दुकानदारों ने बमुश्किल बचा लिए। 25 वर्षीय विकुल को नहीं बचाया जा सका। उसकी डूब कर मौत हो गई। पौने चार बजे उसका शव बरामद किया गया उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां पर मृत घोषित कर दिया गया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। रामवती का बीमारी के चलते रविवार की सुबह निधन हो जाने पर दोपहर परिजन अंतिम संस्कार के लिए तिगरी में लेकर आए।रिश्तेदारों, संबंधियों के साथ ही गांव के ही विकुल रावत, अशेष और संभल के ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के रजहा निवासी ब्रजेश भी अंतिम संस्कार कराने आए थे। रामवती ब्रजेश की मौसी हैं। करीब दो बजे यहां गंगा तट पर चिता में आग लगाने के बाद सभी लोग गंगा में नहाने लगे।इस बीच विकुल, अशेष और ब्रजेश गहरे जल में समा गए। उनको डूबता देख बाकी लोगों ने शोर मचा दिया। जिस पर आस पास के दुकानदार, गोताखोर व तैराक गंगा में कूद पड़े। खासी मशक्कत के बाद ब्रजेश जाटव व अशेष को बचा लिया गया, लेकिन 25 वर्षीय विकुल को नहीं बचाया जा सका।वह लोगों की आंखों के सामने ही जल में ओझल हो गया। जिसे तलाश करने के लिए गांव के तैराक, गोताखोरों व नाविकों को लगाया गया। कुशल नाविक व गोताखोर गंगा जल में विकुल को तलाश करने में जुट गए। सूचना पाकर एसडीएम चंद्रकांता मौके पर पहुंच गईं।उन्होंने नाविकों और तैराकों को गहरे जल में खोजने के निर्देश दिए। करीब पौने चार बजे विकुल का शव बरामद हुआ। उसे सीएचसी भेजा गया। जहां पर देखते ही मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवसः श्री वेंकटेश्वरा में पाँच दिवसीय हैल्थ अवेयरनैस वीक का समापन



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। विश्व स्वास्थय दिवस (2 अप्रैल से 7 अप्रैल तक) के अवसर पर वेंक्टेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईन्सेस एवं वी.जी.आई. मेरठ के संयुक्त तत्वाधन में पाँच दिवसीय (2 अप्रैल से 7 अप्रैल तक) हैल्थ अवेयरनैस वीक का रविवार को शानदार समापन हुआ।इस हैल्थ अवेयरनैस वीक में राष्ट्रीय स्वास्थय संगोष्ठी, पोस्टर प्रदर्शनी, गुप्त एवं चर्मरोग की सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार, नशा मुक्त भारत एवं भ्रूण हत्या निषेध विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेता छात्र-छात्राओ को समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर स्मृति चिन्ह एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में आज अन्तोदय तक स्वास्थय सेवाओ की पहुँच स्थापित हो चुकी है। आइये हम सब मिलकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने में अपना प्रभावी योगदान दें। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत जैसी शानदार स्वास्थ्य योजनाओं से आज गरीब आदमी भी लाखों रुपए का महंगा इलाज/ ऑपरेशन बिल्कुल मुफ्त करा सकते हैं।इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, हॉस्पीटल सी.ई.ओ. एच.पी. सिंह, एम.ए. चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आई.बी. राजू, कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला, कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, डॉ. प्रज्ञा कुशवाह (एच.ओ.डी.), डॉ. रोहन त्यागी, डॉ. अर्जुन पोसवाल, डॉ. दिक्षा अग्रवाल, डॉ. जूही कैथवास, डॉ. अनूप तिवारी, डॉ. सोहेल अहमद, डॉ. मनिक त्यागी, डॉ. प्राची त्यागी, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. राजेश सिंह मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, डॉ. बी.एस. त्यागी, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. शालिनी गुप्ता, डॉ. राहुल शर्मा, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी का सामूहिक उपवासःसंजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में एक ओर जहां आम आदमी पार्टी आज रविवार को जंतर मंतर पर उपवास कर रही है। मंच पर आप के दिल्ली संयोजक व मंत्री गोपाल राय, मंत्री आतिशी,महापौर शैली ओबेरॉय सहित कई विधायक मौजूद हैं। मंच पर डॉ अंबेडकर और बलिदानी भगत सिंह के बीच में महात्मा गांधी की भी फोटो लगाई है।

शरथ चंद रेड्डी ने भाजपा को दिए 60 करोड़ - संजय सिंह

आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा, ईडी, सीबीआई कह रही है कि शराब घोटाला हुआ है, मैं कहता हूं कि मगर पैसा आप में नहीं भाजपा में गया है। कथित शराब घोटाले के आरोपी शरथ चंद रेड्डी ने भाजपा को 60 करोड़ दिया है। यह बात साबित हो चुकी है, फिर इनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है?

इस मामले में आप के खिलाफ कहीं कोई मनी ट्रेल नहीं है। मगर गिरफ्तार आप के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री हो रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ईमानदार थे, ईमानदार हैं और ईमानदार रहेंगे। आतिशी बोलीं- ईडी, सीबीआई बीजेपी के राजनीतिक हथियार आतिशी ने आरोप लगाया कि शराब नीति घोटाले में पैसे का लेन-देन शराब कारोबारी शरत रेड्डी से लेकर बीजेपी तक हुआ है। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई बीजेपी के राजनीतिक हथियार को रूप में काम कर रही है। दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल से प्यार करते हैं। वे उन्हें सीएम के रूप में नहीं बल्कि अपने बेटे या भाई के रूप में देखते हैं। सभी अरविंद केजरीवाल के लिए जमानत चाहते हैं। गांधी जी के दिखाए रास्ते पर अअढ- दिलीप पांडेय आप नेता दिलीप पांडेय ने कहा




कि बापू ने आंदोलन की लड़ाई में 18 बार उपवास किए। बापू ने 1943 में 21 दिन का भी उपवास किया था। उस उपवास की धमक पूरे देश में सुनाई दी थी। उस उपवास ने अंग्रेजों को हिला कर रख दिया था। बापू ने गैर कानूनी गिरफ्तारी के विरोध में उपवास किया था उसी तरह आज हम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गैर कानूनी गिरफ्तारी उपवास कर रहे हैं।

कनॉट प्लेस में आज भाजपा का प्रदर्शन

वहीं दूसरी ओर भाजपा भी आबकारी नीति घोटाले से लेकर सीएम की आवास निर्माण में हुए कथित घोटाले को लेकर कनॉट प्लेस में प्रदर्शन कर रही है।

कनॉट प्लेस में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ दिल्ली के सातों सीटों से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी भी मौजूद हैं। इस दौरान सीएम के आवास की प्रतिकृति भी वहां मौजूद हैं। जिसके तहत भाजपा नेता नागरिकों को सेल्फी लेने के लिए भी कहेंगे। दिल्ली बीजेपी आम आदमी पार्टी को उसी के तरीके से जवाब दे रही है।

बीते दिनों जब आम आदमी पार्टी ने भाजपा मुख्यालय के पास प्रदर्शन की घोषणा की थी तो वहीं भाजपा ने राजघाट पर जाकर प्रदर्शन किया था। ऐसे में रविवार को जब आम आदमी पार्टी ने जंतर मंतर पर उपवास की घोषणा की तो भाजपा ने भी प्रदर्शन की घोषणा कर दी।

# सिख समाज ने समाज मे दिया गंगा जमुना तहजीब और भाईचारे का संदेश



प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

- गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कमेटी एवं समूह संगत स्योहारा ने कराई रोजा इफ्तार पार्टी

स्योहारा।गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माह ए रमजान मुबारक में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कमेटी एवं समूह संगत स्योहारा की ओर से पंजाबी धर्मशाला स्योहारा में मुस्लिम समुदाय के लिये रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में सभी धर्मों के लोगों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की।गौरतलब है कि नगर की यह विशेष खासियत और परंपरा रही है नगर के सभी धर्मों के नगर वासी यहां एक दूसरे के त्योहारों में बढ़-चढ़कर प्रेम पूर्वक हिस्सा लेते हैं। होली के पर्व पर मुस्लिम भाइयों की ओर से स्वागत किया जाता है सिख समाज के महान गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर भी मुस्लिम समाज के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और स्वागत करते हैं तो वही हिंदू समाज के लोग ईद के पर्व पर ईदगाह पर कैंप लगाकर उनका स्वागत करते हैं। इसी परंपरा को बनाए रखते हुए आज सिख समाज ने मुस्लिम भाइयों के लिए शानदार रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर सभी आने वालों का गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के संरक्षक डॉ एच. एस.कालरा, प्रधान सरदार अवतार सिंह गोल्डी, सैकेट्री अरविंदर सिंह काका ने रोजा इफ्तार पार्टी में आने वाले सभी लोगों का दिल से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, चेयरमैन फैसल वारसी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी फहीम उर रहमान, चौधरी जुनैद उर रहमान, खलीक चौधरी नगर अध्यक्ष कांग्रेस, सभासद मास्टर खुर्शीद अली, इमरान अख़्तर उर्फ सनी, रोटेरियन हाजी जमील अहमद,पूर्व सी. ओ.इकबाल उज्जमा,असजद चौधरी प्रोपराइटर चौधरी मेडिकल, नय्यर चौधरी,डॉक्टर अदनान मारूफ, डॉक्टर नोमान मारूफ ,फजले रब, मास्टर अहमद अली, धर्मवीर प्रजापति, वारिस चौधरी,अजीम चौधरी, जुनैद मलिक , दूल्हा जान अल्वी नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा रामपुर, शैंकी रस्तोगी, वरिष्ठ पत्रकार कांता प्रसाद पुष्पक आदि सहित सैकड़ो गणमान्य लोग शामिल रहे।विशेष रूप से रोजा इफ्तार पार्टी में सहयोग करने वालों में सरदार प्रीतम सिंह ,सरदार प्रितपाल सिंह, सरदार कंवलजीत सिंह उर्फ रॉक्सी सिंह, सरदार लवजीत सिंह, सरदार सतनाम सिंह, अवतार सिंह कालरा, सरदार जसपाल सिंह कालरा, सरदार ,सरदार गुरदीप सिंह उर्फ शम्मी, सरदार सिमरनदीप सिंह उर्फ हेम,सरदार अमनदीप सिंह, रमनदीप सिंह, दमनदीप सिंह, जगदीप सिंह उर्फ आशु, सरदार गुरुविंदर सिंह प्रबन्धक गोल्डन बैल्स स्कूल आदि रहे।

# तिमारपुर में माचिस न देने पर युवक की चाकू घोपकर हत्या

नई दिल्ली। तिमारपुर इलाके में शनिवार सुबह नाबालिगों ने माचिस नहीं देने पर एक युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी। पुलिस ने 12 घंटे में दोनों आरोपियों को दबोच लिया। 19 वर्षीय अंशुल कुमार परिवार सहित जगतपुर एक्सटेंशन में रहता था। परिवार दूध के कारोबार से जुड़ा है और वह भी इसमें हाथ बंटाता था। शुक्रवार रात वह दोस्तों के साथ घूमते हुए तिमारपुर गोल मार्केट के पास पार्क में बैठ गया। इसी दौरान नाबालिग भी साथी के साथ आ गया और अंशुल से माचिस मांगने लगा, लेकिन उसने मना कर दिया। इसी बात पर झगड़ा शुरू हो गया। देखते ही देखते नाबालिग ने साथ मिलकर अंशुल पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए और फरार हो गए। लोगों ने घायल को अरुणा आसफ अली अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया। साथ ही, एसीपी नीरव पटेल की देखरेख में इंस्पेक्टर पंकज तोमर की टीम ने जांच शुरू की।

# यूथ स्पीक फोरम में छात्रों को जेंडर के आधार पर किया जागरूक

नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली में एआईईएसईसी दिल्ली आईआईटी की ओर से यूथ स्पीक फोरम-24 का रविवार को डोगरा हॉल में आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों शिक्षित, सशक्त और जेंडर के आधार पर जागरूक करना है। इस दौरान युवाओं के लिए सीवी बनाने की कार्यशाला, नेटवर्किंग, पैनल वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान युवाओं के नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित किया गया। आयोजन में स्कूली छात्रों के साथ कॉलेज छात्र बड़ी संख्या में मौजूद रहे। युवा अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञों से मुखातिब हुए। कार्यक्रम में छात्रों ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी। इस आयोजन में अमर उजाला नॉलेज पार्टनर रहा। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मुख्य वक्ताओं के साथ बातचीत करने का मौका मिला और पैनल चर्चा स्थान के माध्यम से दुनिया के मुद्दों पर उनके विचारों को समझने और अपने आस-पास एक बेहतर समुदाय बनाने के गुर सीखने का मौका मिला। वहीं, नवाचार और उपभोग की शक्ति और युवा लोग समाधान में किस तरह अपना योगदान दे सकते हैं, इसके बारे में उत्साही चर्चा भी की गई। कार्यक्रम में फाइनेंस एजुकेटर व बिजनेस कोच पुष्कर राज ठाकुर, एजुकेशन इन्फ्लुएंसर हिमांशी सिंह, दिल्ली एमसीडी की मेयर शैली ओबेरॉय व पत्रकार शुभांकर मिश्रा प्रथम सत्र में शामिल हुए। वहीं, दूसरे सत्र में निकोले एसोसिएट्स की फाउंडर मिताली निकोरे, फैशन इन्फ्लुएंसर इशिता मंगल, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो से श्रुति कपूर ने जेंडर समानता को लेकर पैनल चर्चा की। अशोक एंड प्लाक्षा यूनिवर्सिटी के संस्थापक विनीत गुप्ता, फोर के डायरेक्टर जनरल जितेंद्र दास, बिजनेस कंटेंट क्रिएटर नितिन जोशी ने अंतिम सत्र का संचालन किया। शिक्षकों को मूल्यों पर देना होगा ज्यादा ध्यान : हिमांशी सिंह मेयर शैली ओबेरॉय ने छात्रों को अपनी क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, उन्होंने बताया कि तकनीक के दौर में छात्र किस तरह इसे क्रांति के रूप में बदल सकते हैं। वहीं, एजुकेशन इन्फ्लुएंसर हिमांशी सिंह ने कहा कि शिक्षकों को पढ़ाने के लिए रोचक तरीके विकसित करने होंगे। इसमें उन्हें मूल्यों पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# हिम्मत है तो दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर दिखाओ : मंत्री गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रविवार को जंतर-मंतर पर एक दिन का सामूहिक भूख हड़ताल किया। मंत्री गोपाल राय ने इस दौरान सभा को संबोधित किया। उन्होंने बीजेपी को चुनौती देते हुए कहा कि यदि हिम्मत है तो दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर दिखाओ। हम तुम्हें नेस्तनाबूद कर देंगे। गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल कल भी जनता के लिए लड़ाई लड़ रहे थे और आज भी जनता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और यह लड़ाई जारी रहेगी। केंद्र की भाजपा सरकार ने हर वर्ग को परेशान किया गया है। विश्वविद्यालयों के छात्रों को परेशान किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को परेशान किया है। वे दिल्ली नहीं पहुंच सकें, इसलिए सड़कों पर कीलें गड़वा दी गईं। कहा था कि फसल की एमएसपी दी जाएगी, मगर अब दो साल बाद भी उन्हें फसलों की एमएसपी नहीं मिली है। अब फिर कीलों से उनका स्वागत किया गया है। मंत्री गोपाल राय कहा कि हमें आज फक्र है कि इसी जंतर-मंतर आज हम उपवास पर बैठे हैं। इसी जंतर-मंतर पर पार्टी के गठन के समय पर एक आंदोलन को बल मिला था। इसी जंतर-मंतर पर लोगों की आवाज बुलंद होती रही है। आज पूरे भारत में उपवास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आप कार्यकर्ता यही दुआ कर रहे हैं कि तुम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को हिम्मत देना। भाजपा के नेता विदेश में जाते हैं तो इवेन्ट मैनेजमेंट के जरिए अपना प्रचार कराते हैं। मगर अरविंद केजरीवाल को किसी प्रचार की जरूरत नहीं है। आज विदेश में भी जनता केजरीवाल के साथ आ रही है।

# ईद-उल-फित्र से पहले जकात व फितरे की अदायगी कर दें मुस्लिम समाज : अली हसन

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा।जिले में अलविदा की नमाज के बाद माह-ए-रमजान अंतिम दौर में पहुंच गया है। ईद की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। ऐसे में लोग अपने आसपास अपनों का ध्यान रखें।इसी के चलते वरिष्ठ समाज सेवी, अमरोहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सैदपुर इम्मा के ग्राम प्रधान अली हसन आढ़ती ने अपने खायलात का इजहार करते हुए कहा की ईद-उल-फित्र से पहले जकात व फितरे की अदायगी कर दें। हर साहबे नेसाब को जकात की अदायगी करना जरूरी है। माल के शुद्धीकरण के लिए ढाई प्रतिशत जकात निकालना इस्लामी फरीजा है। माह-ए-रमजान में जिस तरह सें लोग रोजा रख कर अपने शरीर को रोग मुक्त कर शुद्धीकरण करता है। उसी तरह वर्ष भर में एक बार अपने माल का ढाई प्रतिशत जकात निकाल कर माल का शुद्धीकरण कर लेना चाहिए। जकात वर्ष के किसी भी माह में निकाला जा सकता है। मगर रमजान में की गई हर इबादत अन्य माह के अनुपात में 70 गुना सवाब मिलता है। इसलिए अधिक सवाब के चलते अधिकांश लोग इसी माह जकात, खैरात व इमदाद करते हैं। श्री अली हसन आढ़ती ने आगे बताया कि जकात की रकम देने के लिए सबसे पहले अपने घरों में तलाश करो। हो सकता है कि आपके घर खानदान में ऐसे लोग हों जो जकात के मुस्ताहिक हैं। सब पहला हक उन्हीं लोगों का है। फिर रिश्तेदारों के घरों में तलाश करें। अधिकांश भाई व रिश्तेदार शमाहीजोरी के चलते आपसे कह नहीं सकते। ऐसे हालात में आपको उनकी मदद करना जरूरी है।आगे कहा कि जकात का धन गरीबों, मिसकीनों गरीब, विधवा, बेसहारा महिला, सगे रिस्तेदार जो जकात के मुस्ताहिक हो दें सकते हैं। उन्होंने बताया भाई, बहन, मामा, भांजा सहित कई रिश्तेदार को जकात का पैसा दे सकते हैं।

# निबंध प्रतियोगिता से 10 छात्राओं का हुआ चयन, नवरात्रि के 10 दिन एक-एक दिन के लिए बनेंगी डूसू अध्यक्ष

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

रात आठ बजे के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर के कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां छात्राएं गुजर नहीं सकतीं। वहां अंधेरा ही पसरा रहता है। रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं है। प्रवेश के वक्त छात्राओं को छात्रावास नहीं मिलते, उन्हें पीजी में जाना पड़ता है और वहां उन्हें सुरक्षित माहौल नहीं मिल पाता। इसलिए जरूरी है कि छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो और सभी को छात्रावास की सुविधा मिल सके। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की ओर से नवरात्र में 10 दिनों के लिए डूसू अध्यक्ष बनने वाली छात्राओं ने इन मुद्दों पर काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे इसके लिए डीयू के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगी। डीयू में रात में सुरक्षा एक चुनौती नवरात्र के पहले दिन अध्यक्ष बनने जा रहीं, हिंदी विभाग की छात्रा ईशा अवाना ने कहा कि डीयू में रात में सुरक्षा एक चुनौती है। छात्राओं के



साथ छेड़छाड़ और लूटपाट होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में वे बाहर नहीं निकल पातीं। जरूरी है कि यहां रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो और गार्ड की संख्या भी बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि उत्तरी परिसर में पानी की समस्या है। छात्रों को साफ पानी हर वक्त मिलना चाहिए। वे एक दिन में इसके लिए जरूर प्रयास करेंगी।

मुस्लिम छात्राओं की भागीदारी विश्वविद्यालय में कम

नौवें दिन डूसू अध्यक्ष बनने जा रहीं हंसराज कालेज की जैनब निगार ने कहा कि डूसू की पहल छात्राओं को राजनीति में लाने में महत्वपूर्ण होगी। छात्राएं राजनीति में कम सक्रिय रहती हैं, इसलिए उनको टिकट भी नहीं मिलते। इससे उन्हें राजनीति में भाग लेने की प्रेरणा मिलेगी। नवरात्र में ऐसे कदम का अच्छा असर होगा। मुस्लिम छात्राओं की भागीदारी विश्वविद्यालय में कम है, वे अध्यक्ष बनकर इसको लेकर जागरूकता लाने का काम करेंगी। 2008 के बाद से डूसू ने महिला अध्यक्ष देखी है।

प्लेसमेंट की हालत भी अच्छी नहीं

जैनब ने कहा कि छात्राओं की सबसे बड़ी समस्या छात्रावास है। कालेजों में लड़कियों के छात्रावास की कमी है। डीयू प्रशासन को इनकी संख्या बढ़ानी चाहिए। प्लेसमेंट की हालत भी अच्छी नहीं है। इसको लेकर काम होना चाहिए।

सत्यवती कालेज की साक्षी पटेल ने कहा कि कॉलेज में एक घंटे की कक्षा के बाद एक घंटे का ब्रेक होता है। इससे छात्रों का काफी समय बर्बाद हो जाता है। इसका समाधान की बात वे उठाएंगी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी कालेज की छात्रा श्यामा त्रिवेदी ने कहा, दिव्यांग छात्राओं की भागीदारी डीयू में हर क्षेत्र में कम है। इसको बढ़ाने के लिए काम होना चाहिए। वे ऐसी योजना देना चाहती हैं, जिससे इनकी भागीदारी बढ़ सके। छात्रावास के लिए बने नियमावली दौलतराम कालेज की छात्रा अंशिता चौहान ने कहा कि डीयू में छात्रावास सीमित हैं। छात्र पीजी का रुख करते हैं, लेकिन वहां किराया मनमाना है। वे चाहती हैं, इसके लिए नियमावली बने। वे सरकार से इस दिशा में काम करने की मांग उठाएंगी।

श्री वेंकटेश्वरा कालेज की छात्रा दीक्षा लिंगायत ने कहा कि एनसीसी, एनएसएस और अन्य गतिवधियों में भाग लेने वाले छात्रों को हाजिरी की समस्या होती है। उन्हें 17 प्रतिशत रियायत मिलती है। इसे बढ़ाया जाना चाहिए। वे इस मामले को डीयू प्रशासन के संज्ञान में लाएंगी।

शोध और नए स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाए

रामजस की छात्रा अक्षिता जौहर ने कहा कि विज्ञान संकाय के छात्रों पर डीयू में ध्यान कम दिया जाता है। इसलिए शोध और नए स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

बता दें कि डूसू ने महिला दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की थी। इसमें 5234 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इनमें 10 नामों का चयन किया है। उन्हें डूसू अध्यक्ष बनने का मौका दिया गया है। उन्हें एक स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

# भारत की कर प्रणाली पूरी तरह बदल चुकी हैः कोविंद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक समारोह में भारत के तीन अद्वितीय अर्थशास्त्रियों न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रो. जगदीश भगवती, डॉ. विजय केलकर और एन के सिंह को टीआईओल वित्तीय पुरुस्कार देते हुए भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कर नीति को सुगम बनाने की दिशा में भारत की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि जटिल प्रक्रियाएं इतनी सरल हो चुकी हैं, कि उनको पहचानना मुश्किल है। अब प्रक्रिया में बहुत ही कम त्रुटियां रह गई हैं, और कर नीति अब काफी हद तक प्रत्याशित है। कर प्रक्रिया के सुधारों पर आगे बोलते हुए श्री कोविंद ने कहा कि निवेशकों का विश्वास बढ़ा और बिजनेस करना आसान हो गया है। हाल ही के वर्षों में करदाता और कर निर्धारणकताओं के बीच व्यवहार करने का तरीका पूरी तरह से बदल गया है। यह सब टेक्नोलॉजी के उपयोग से संभव हुआ और भविष्य में भी डिजिटल संदेश-संचार और फेसलैस निर्धारण को मजबूत करते रहना होगा। खचाखच भरे कार्यक्रम स्थल पर अर्थशास्त्र और नीति की दुनिया के सुप्रसिद्ध गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें संसद सदस्य और मीडिया जगत की हस्तियां भी शामिल रहीं। कर, डिजिटल टेक्नोलॉजी के उपयोग और मैक्रोइकनोमिक नीतियों के क्षेत्र में कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए टीआईओएल पुरुस्कार शुरू करने के लिए श्री कोविंद ने टीआईओल फाउंडेशन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने उपयोग नीति निर्णय को आकार देने एवं प्रभाव छोड़ने और सभी हितधारकों के बीच विचार-विमर्श को बढ़ावा देने के लिए टीआईओएल के प्रयासों की सराहना की। राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने तीनों पुरुस्कार प्राप्तकताओं की प्रशंसा करते हुए भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था और नीति-निर्माण में उनके अमूल्य एवं अद्वितीय योगदान को सराहा। इस अवसर पर अपने विशिष्ट भाषण में 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन प्रो अरविंद पनगढिया ने वैश्विक व्यापार नीति और भारत की वित्तीय नीति को आकार देने में तीनों पुरुस्कार प्राप्तकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को याद करते हुए कहा कि इन सभी के योगदान ने अर्थव्यवस्था की ऊंची वृद्धि दर के लिए आवश्यक संतुलन सुनिश्चित किया है।

टीआईओएल कौटिल्य ग्लोबल पुरुस्कार 2023 विजेता सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो, जगदीश भगवती ने कैलिफोर्निया से डिजिटल माध्यम से दिए स्वीकृति भाषण में अपने पिता के उनके जीवन पर अमिट प्रभाव को याद किया और टीआईओएल के पिछले विजेता भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की यादें साझा कीं। अपने ह्यफिस्कल अवार्डह्ल को साथ काम कर चुके भारत के चार वित्त मंत्रियों और अपने मार्गदशक डॉ मनमोहन सिंह को समर्पित करते हुए डॉ विजय केलकर ने जीएसटी से हो रही आय को सरकार की तीसरी परत (नगरपालिका) के साथ साझा करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि नगरी अर्थव्यवस्था को सबसे ज्यादा कुशल आधारभूत ढांचे और उच्च गुणवत्ता के स्थानीय पब्लिक गुड्स की और भी ज्यादा आपूर्ति की आवश्यकता है। दुर्भाग्यवश हमारी नगरपालिकाएं इस अतिआवश्यक आधारभूत ढांचे के लिए जरूरी वित्तीय आधार की काफी ज्यादा कमी से जूझ रही हैं। जीएसटी की आय को तीसरी परत के साथ समान रूप से साझा करने से हमारी नगरीय सरकारों का वित्तीय आधार मजबूत होगा, जिससे जमीन पर लोकतंत्र और प्रशासन सुदृढ़ होगा, उन्होंने आगे कहा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, सोमवार, 08 अप्रैल, 2024

# संयमित जीवन शैली अपनाकर ही बीमारियों से बचाव संभव हैः शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय

## 74वें विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सबके लिए एक ही संदेश

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नैशनल चाइल्ड एंढ वूमेन डवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आज ट्रस्ट के मुख्यालय बरवाला में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय के ने 74वें विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जन-जागरूकता अभियान चलाने की शुरूआत करने का आह्वान किया है। वत्स ने कहा कि इस साल 2024 की थीम है मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार यानि जरुरी स्वास्थ्य सुविधाएं, सेवाएं और शिक्षाएं सबको मिलें,

अर्थात सबके लिए स्वास्थ्य। मनुष्य मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक रुप से स्वस्थ रहे तभी विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाना सार्थक होगा। स्वास्थ्य सबका मौलिक अधिकार भी है। इसलिए सबके लिए एक ही संदेश है कि हम संयमित जीवन शैली अपना कर ही अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। स्कूल कॉलेजों में इस बात का अधिकाधिक प्रचार किया जाना चाहिए कि विद्यार्थी मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ रहने के लिए खेल गतिविधियों में बढ चढकर भाग लें। प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियों में समय दें और सुबह शाम की सैर पैदल चलकर करें। स्वच्छता को प्राथमिकता दें। इससे ना केवल हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होगी बल्कि मन भी प्रसन्न होगा। जंक फूड से दूरी जरूरी है। नारियल पानी,, खरबूजा, तरबूज,




नींबू- पानी तथा मौसमी फलों का सेवन जरूर करें। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहे इसके लिए सकारात्मक सोच के मित्रों संग समय बिताएं जिससे नकारात्मक विचार दिमाग पर हावी ना हों। डाइबिटीज, उच्च रक्तचाप और तनाव, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक आज के समय में घर- घर में दस्तक दे चुका है। ऐसे में खुश रहना बेहद जरूरी है। अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बडी दौलत है। वत्स ने कहा कि भारतीय दवा बाजार नकली और घटिया निम्न गुणवत्ता वाली दवाओं से पटा पड़ा है। जीवन रक्षक दवाएं तक नकली हैं। भारी मुनाफे के लालच में नकली दवा माफिया चांदी काट रहा है। कड़ी सजा का कानून ना होने से नकली दवा माफिया को किसी का डर नहीं है। यह भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ है। वत्स ने कहा कि भारत की राजधानी के दिल्ली सरकार के सरकारी अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में पिछले चार महीने से दवाएं नहीं मिल रही हैं। दिल्ली सरकार अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों पैंशनरों तक को दवाएं उपलब्ध कराने में विफल रही हैं। 15जनवरी 2024 से दवाओं के टेंडर का नवीनीकरण या नया टेंडर तक नहीं हुआ। जबकि दिल्ली सरकार वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सुविधाओं की बात करती है। ऐसे में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सरकारी लापरवाही चिंता का विषय है।

# दिल्ली में अगले हफ्ते कैसा रहेगा मौसम का हाल?

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को आसमान साफ बना हुआ है। सुबह में उत्तर पश्चिम की तरफ से 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से शीतल हवा चलने से पिछले दिन के मुकाबले न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। इस वजह से सुबह में हल्की गुलाबी ठंड महसूस की गई। दिल्ली में बारिश के आसार मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी आसमान साफ रहेगा। इसके बाद मौसम थोड़ा करवट बदलेगा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा।

इस वजह से आकाश में आंशिक बादल छा सकते हैं और सप्ताह के अंत में कुछ जगहों पर गरज के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। न्यूनतम तापमान करीब चार डिग्री सेल्सियस कम मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम है। एक दिन पहले शनिवार को न्यूनतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस था। इसके मुकाबले न्यूनतम तापमान करीब चार डिग्री सेल्सियस कम रहा। इस वजह से सुबह मौसम में हल्की ठंडक रही। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं दिल्ली में एयर इंडेक्स 200 से नीचे बना हुआ है। सुबह नौ बजे दिल्ली में एयर इंडेक्स 175 रहा। इस वजह से हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में बरकरार है। नोएडा में लू के थपेड़े चलने की आशंका मौसम ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। दिल्ली से सटे नोएडा में रविवार को सुबह से लोग तेज धूप के चलते लोग गर्मी से परेशान हैं। दिन के साथ ही रात का पारा भी चढ़ने लगा है। माह के तीसरे सप्ताह से गर्म लू के थपेड़े चलने की आशंका भी जताई जा रही है। अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से करीब चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं रात का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# देह व्यापार का भंडाफोड़, दो नाबालिग सहित तीन लड़कियां बचाई गईं, GB रोड पर की जाती थी सप्लाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस ने बंगाल पुलिस और एनजीओ के साथ मिलकर शनिवार को सीलमपुर इलाके में छापेमारी कर मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो नाबालिगों सहित बंगाल की तीन लड़कियों को देह व्यापार के दलदल से मुक्त कराया हैं।

नाबालिग को व्यस्क दिखाने के लिए आरोपितों ने उसका नकली आधार कार्ड बनवाया हुआ था। मानव तस्करी के इस मामले में गिरफ्तार आरोपित पति हसन और पत्नी मंजिला बंगाल और असम से लड़कियां लाकर जीबी रोड पर उनसे देह व्यापार कराते हैं। पहले भी दोनों को मानव तस्करी के मामले में पकड़ा जा चुका है। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों को बंगाल ले गई

इस अभियान में दिल्ली पुलिस, बंगाल पुलिस के साथ ही मिशन मुक्ति फाउंडेशन, रेस्क्यू फाउंडेशन और रेस्क्यू एंड रिलीफ फाउंडेशन शामिल रहें। रविवार को बंगाल पुलिस गिरफ्तार आरोपितों को अपने साथ बंगाल ले गई है। मुक्त कराई गई लड़कियों का चिकित्सा परीक्षण कराया गया है और को आश्रय और अन्य सहायता प्रदान की गई है।

मिशन मुक्ति ने दिल्ली पुलिस के साथ साझा की

बंगाल पुलिस ने 21 मार्च को मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह से संपर्क कर बंगाल के मालदा से एक 14 साल की लड़की के गायब है,जिसे कोई महिला अपने साथ ले गई है। बंगाल पुलिस ने लड़की की लोकेशन जीबी रोड़ पर मिलने की सूचना साझा की थी। जो मिशन मुक्ति



ने दिल्ली पुलिस के साथ साझा की।

सूचना के आधार पर जांच में पता चला कि बंगाल पुलिस द्वारा जो कोठा नंबर बताया गया था,उस नंबर का कोठा जीबी रोड पर है ही नहीं। आगे की जांच में यह जानकारी निकल कर आई कि जो महिला लड़की को लेकर आई है वह महिला पहले से ही जीबी रोड के कोठा नंबर 70 में देह व्यापार कराती है। मगर पिछले चार-पांच दिन से वह कोठे पर नहीं आ रही थी।

2021 में भी असम से तस्करी कर लाई गई लड़की

साथ ही जानकारी मिली की आरोपित महिला से 2021 में भी असम से तस्करी कर लाई गई लड़की सीलमपुर इलाके से बरामद की जा चुकी है और मामला सीडब्ल्यूसी में चल रहा है। डीसीपीसीआर के पूर्व सदस्य/बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी-वी) के अध्यक्ष रूप सुदेश विमल से आरोपित तस्कर लगातार संपर्क में था। इस पर रूप सुदेश वर्मा के माध्यम से आरोपितों को मामले के संबंध में बुलवाया गया।

पुलिस ने घर पर छापा मारा

आरोपित पति पत्नी जैसे ही शंकर आश्रम पहुंचे टीम ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि लड़की उनके घर सीलमपुर में है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी को जानकरी दे मदद मांगी गई और सीलमपुर थाना पुलिस को साथ लेकर घर पर छापा मारा गया। वहां 14 साल की नाबालिग के साथ ही दो अन्य लड़कियां भी मिली जिसमें से एक ने अपनी उम्र 19 साल और दूसरी ने 26 साल बताई।

छह महीने से 70 नंबर कोठे पर देह व्यापार यहां जानकारी मिली की 26 साल वाली लड़की पिछले छह महीने से 70 नंबर कोठे पर देह व्यापार कर रही है। वहीं जिस लड़की ने अपने उम्र 19 साल बताई संदेश होने पर उससे आधार कार्ड मांगा गया, तो उसमें भी उम्र 19 साल लिखी हुई थी।

संदेह को दूर करने लिए बंगाल पुलिस ने बंगाल में स्थानीय पुलिस से संपर्क किया और स्थानीय पुलिस ने लड़की के स्कूल से उसका एडमिशन फार्म निकलवाया तो उसमें उसकी उम्र 14 साल थी। पूछताछ करने पर लड़की ने बताया कि उसका आधार कार्ड आरोपित ने बनवाया था और कहा था कि जब भी कोई पूछे तो अपनी उम्र 19 साल बताना।

पीड़िता की मां को भी दिल्ली लाया था आरोपित

14 साल की जिस नाबालिग लड़की को तलाशते हुए बंगाल पुलिस दिल्ली पहुंची, उसकी मां को भी आरोपित हसन 2021 में नौकरी लगवाने के नाम पर दिल्ली लाया था। यहां हसन ने उसे कोठा नंबर 70 में सलमा को बेच दिया था। महिला ने आरोप लगाया कि वह उसकी बेटी से भी देह व्यापार करा रहा था।

# दिल्ली में आप पार्षदों की भागदौड़ शुरू, मेयर पद की दौड़ में ये नाम सबसे आगे

- पार्षदों में असंतोष दिल्ली नगर निगम में दो वर्ष से न तो वार्ड कमेटियों का गठन हुआ है और न ही शिक्षा के साथ ग्रामीण जैसी वैधानिक कमेटी का गठन हुआ है।
- यह सामान्य सीट है। सारिका आरक्षित श्रेणी से संबंध रखती हैं।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों की भागदौड़ शुरू हो गई है। सीएम अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद आप पार्षदों को एकजुट रखने के साथ ऐसे पार्षदों को इस पद के लिए चुनना भी किसी मशक्कत से कम नहीं है, जिसपर सभी पार्षदों की सहमति बन जाए।

संजय सिंह के परिवार की काफी करीबी हैं सारिका चौधरी चूंकि इस वर्ष मेयर पद अनुसूचित जाति के पार्षद के लिए आरक्षित है, इसलिए प्रत्याशी का चुनाव आरक्षित श्रेणी से ही किया जाना है, लेकिन अन्य सीट जैसे उप मेयर और नेता सदन जैसे पद पर भी अन्य सामान्य श्रेणी के पार्षदों की नजर हैं। दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव के लिए आप पार्षदों में दरियागंज वार्ड से पार्षद सारिका चौधरी का नाम सामने आ रहा है। पार्षद ज्योति प्रकाश जारवाल भी इस दौड़ में शामिल सूत्र बताते हैं कि वह आप नेता संजय सिंह के परिवार की काफी करीबी हैं। चूंकि संजय सिंह अब जेल से बाहर आ गए हैं तो उनकी दावेदारी और ज्यादा मजबूत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, तिगड़ी से दूसरी बार की पार्षद ज्योति प्रकाश जारवाल भी इस दौड़ में शामिल हैं। उनके पति प्रकाश जारवाल देवली से विधायक हैं। प्रेम चौहान का नाम भी मेयर पद की दौड़ में इसी विधानसभा से दक्षिणपुरी वार्ड से दूसरी बार के पार्षद और पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रेम चौहान का नाम भी मेयर पद की दौड़ में हैं। पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी वार्ड से पार्षद मोहिनी जिंदवाल, सिविल लाइंस वार्ड से पार्षद विकास, घड़ौली से प्रियंका गौतम और पुल प्रहलादपुर से पार्षद राकेश लोहिया का नाम दौड़ में शामिल है। पार्षदों में असंतोष दिल्ली नगर निगम में दो वर्ष से न तो वार्ड कमेटियों का गठन हुआ है और न ही शिक्षा के साथ ग्रामीण जैसी वैधानिक कमेटी का गठन हुआ है। इतना ही नहीं 25 से ज्यादा तदर्थ और विशेष समितियां हैं, उनमें भी पार्षद सदस्य से लेकर चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन चुने जाते थे, लेकिन स्थायी समिति का गठन न होने की वजह से पार्षद नाखुश हैं। पहले वर्ष का मेयर चुनाव चूंकि महिला पार्षद के लिए आरक्षित था तो डॉ. शैली ओबेराय चुनाव मैदान में उतरीं। तब पार्टी ने पूरी ताकत उनको जिताने के लिए लगा दी। पर डेढ़ वर्ष से ज्यादा समय होने के बाद ज्यादातर पार्षदों को निगम में कोई अहम जिम्मेदारी नहीं मिली है इसलिए आप पार्षदों में इसको लेकर असंतोष हैं। पार्षदों पर हैं पार्टियों की नजर भाजपा और आप के साथ कांग्रेस पार्टी अपने-अपने पार्षदों पर नजर रख रही हैं। चूंकि बहुमत तो आप के पास है, लेकिन इस समय आप के लिए विपरीत परिस्थितियां हैं। इसलिए पार्षदों पर आप नेता नजर रखे हुए हैं। भाजपा भी अपने पार्षदों पर नजर बनाए हुए है। सामान्य सीट पर सारिका चौधरी जीती हैं चुनाव सारिका चौधरी दरियागंज वार्ड से पार्षद हैं। यह सामान्य सीट है। सारिका आरक्षित श्रेणी से संबंध रखती हैं। ऐसे में उनका नामांकन स्वीकार होगा या नहीं इस पर अभी स्पष्टता नहीं है। अभी तक अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से जीतकर आने वाले पार्षद ही मेयर बने हैं। यह पहला मौका होगा जब कोई सामान्य सीट से जीतकर आने वाला पार्षद अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र लेकर इस पद के लिए दावेदारी करेगा। जाति प्रमाणपत्र जांचने का अधिकार निगम के पास नहीं है।

# मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कुमार ने दावा किया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतदाता होने के नाते वह व्यक्तिगत रूप से इस बात से व्यथित हैं कि उनके केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री एक ऐसा व्यक्ति है जो पद संभालने में असमर्थ है। यह भी कहा कि केजरीवाल न्यायिक हिरासत से कभी भी मुख्यमंत्री के रूप में कार्य नहीं कर सकते। याचिका में कहा गया है कि केजरीवाल संविधान के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यों को करने में असमर्थ हैं और इसलिए वह इस पद पर नहीं रह सकते। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ सामूहिक उपवास आज, अअढ ने बताया भारत के अलावा किन देशों में होगा आंदोलन 21 मार्च को हुई थी दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने दो घंटे की पूछताछ के बाद 21 मार्च की शाम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड ली थी। इसके बाद रिमांड अवधि खत्म होने पर ईडी ने एक अप्रैल को दिल्ली सीएम को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां से अदालत ने उन्हें 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके बाद से दिल्ली सीएम को तिहाड़ जेल में रखा गया है।

# पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी बस्ती सिग्नेचर ब्रिज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

इंडियन मेडीकल एसोसिएशन द्वारा 07 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में पाकिस्तानी हिन्दू शरणार्थी बस्ती सिग्नेचर ब्रिज में स्वास्थ्य शिविर का एक भव्य आयोजन किया गया, शिविर मे 150 से अधिक कई छोटी मोटी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की जाँच की गई व दवाइयाँ वितरित की गई। 7 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा शरणार्थी बस्ती में लोगों की शुगर, बीपी व महिलाओं में हीमोग्लोबिन की जांच की गई, लोगों को सफाई का महत्व समझाते हुए 100 से अधिक साबुन वितरित किए गए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ ग्लैडबिन त्यागी ने बताया कि आज के इस विशेष जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य यहाँ के लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए छोटी छोटी बातों का ध्यान रखकर बीमारी से बचाव के उपाय समझाना था, पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ त्यागी ने बताया कि बस्ती के लोगों ने पिछले स्वास्थ्य शिविर में स्वच्छ जल की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया था और वर्ष 2024 में ह्लमेरा स्वास्थ्य-मेरा अधिकारह्व संगठनका मुख्य विषय है, जिसे चरितार्थ करते हुए-बस्ती मे स्वच्छ जल की व्यवस्था करते हुए शिविर में डॉ कुमार गाँधी, डॉ मीनाक्षी कॉ, डॉ सुरेश गौड़, डॉ सुनील शुंगलू, डॉ बी बी वधवा, मोहित, श्री विजेंद्र त्यागी ने सहयोग दिया और डॉ अंकुर त्यागी स्वास्थ्य शिविर के संयोजक रहे। और जाँच शिविर के अंत में डॉक्टर ग्लैडविन त्यागी ने पत्रकारों और शिविर में जांच करने आए मरीजों को आगे समय समय पर अपने पूरे शरीर की नियमित जांच करवाने का आग्रह किया जिससे कि उन्हें समय-समय पर जानकारी मिलती रहे कि उनके शरीर में कोई ऐसी असाध्याय बीमारी तो नहीं पनप रही है जिनका भविष्य में आगे जाकर इलाज करवाना बेहद मुश्किल हो जाए'

## इंडिया गठबंधन से नीतीश कुमार का जाना दुखद था : संजय सिंह

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आए आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने नीतीश कुमार के इंडिया से बाहर जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक दशक में पांच बार जेडीयू नेता नीतीश कुमार ने पाला बदला है। नीतीश कुमार ने 18 महीने से भी कम समय में गठबंधन छोड़ने के बाद एनडीए में आ गए थे और बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में 9वीं बार शपथ ली थी। अक्टूबर में गिरफ्तारी से पहले संजय सिंह गठबंधन की चर्चा में एक प्रमुख सदस्य थे। उस दौरान जेडीयू के अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के खिलाफ मुखर थे। संजय सिंह ने नीतीश कुमार का विपक्षी संगठन से बाहर जाना बहुत दुखदायी बताया है। संजय सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार का जाना दुखद था। वह समाजवादी आंदोलन से आते हैं। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के साथ काम किया है। नीतीश कुमार इस तरह दल बदलते रहे। यह बिल्कुल अच्छा नहीं था। संपूर्ण क्रांति का नारा देने वाले लोकनायक जयप्रकाश नारायण का बिहार की जनता ने भरपूर समर्थन किया।

# सरकारी स्कूलों में कक्षा छठी से नौवीं में दाखिला के लिए सोमवार से पंजीकरण करें



नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरकारी स्कूलों में गैर योजनाबद्ध दाखिला के तहत कक्षा छठी से नौवीं में दाखिला को लेकर सोमवार से पंजीकरण कर सकेंगे। दाखिला के लिए केवल दिल्ली में रहने वाले बच्चे आवेदन के पात्र होंगे। दाखिला की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी। पहले चरण के तहत आठ अप्रैल को दोपहर 12 बजे से लेकर 17 अप्रैल शाम पांच बजे तक दाखिला के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। चयनित आवेदकों की सूची 29 अप्रैल को प्रदर्शित होगी। 30 अप्रैल से लेकर दस मई तक दस्तावेज का सत्यापन होगा। दूसरे चरण के लिए 15 मई दोपहर 12 बजे से लेकर 15 जून शाम पांच बजे तक पंजीकरण किया जा सकेगा। पंजीकृत आवेदकों की सूची 27 जून को प्रदर्शित होगी। दस्तावेज का सत्यापन 28 जून से लेकर छह जुलाई तक किया जाएगा। तीसरे चरण में दाखिला के लिए दस जुलाई दोपहर 12 बजे से लेकर 31 जुलाई तक शाम पांच बजे तक पंजीकरण कर सकेंगे। आवेदकों के लिए आवंटित स्कूलों की सूची 12 अगस्त को जारी होगी। 13 अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक दस्तावेज का सत्यापन होगा। दाखिला पंजीकरण में आवेदकों को कोई मुश्किल न हो। उसके लिए स्कूलों में हेल्प डेस्क की सुविधा मिलेगी। अभिभावक आवेदन फॉर्म भरने के लिए स्कूल में भी संपर्क कर सकेंगे। दाखिला को लेकर 1800116888 और 10580 नंबर पर सुबह साढ़े सात बजे से लेकर शाम साढ़े छह बजे तक सभी कार्य दिवसों में कॉल करके जानकारी जुटाई जा सकती है।

# संजय सिंह ने जंतर-मंतर से भरी हुंकारः बोले- साजिश है केजरीवाल की गिरफ्तारी, देश को लूटने की फिराक में भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता देश भर में सामूहिक उपवास कर रहे हैं। आप नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी एक दिन का सामूहिक उपवास कर रहे हैं। सामूहिक उपवास के दौरान आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल को गहरी साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। अगर एक होम गार्ड और सिविल डिफेंस वालंटियर को पढ़ने के लिए दे दिया जाए तो वो भी तीन घंटे में बता देंगे कि फर्जी मुकदमा है। संजय सिंह ने कहा, ह्यमैं गहरी साजिश इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि सीबीआई और ईडी ने 456 गवाह बनाए हैं और 50 हजार पन्नों की चार्जशीट में चार बार अरविंद केजरीवाल का नाम लिया।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा, जंतर-मंतर की ऐतिहासिक धरती से मैं कहना चाहता हूं अरविंद केजरीवाल इमानदार थे, इमानदार हैं और इमानदार रहेंगे। अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री




थे, मुख्यमंत्री हैं और मुख्यमंत्री रहेंगे। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला भारतीय जनता पार्टी ने किया है। राज्यपाल वीके सक्सेना को घेरते हुए संजय सिंह ने कहा कि अगर उन्हें अपने पद की जरा सी नैतिकता है। अगर संविधान में जरा सा भी भरोसा है तो आज ही चिठ्ठी लिखकर ईडी, आईटी और सीबीआई की जांच कराएं। कहा कि भाजपा के नेताओं की कॉलर पकड़कर जेल भेजो। भाजपा के पास 55 करोड़ की मनी ट्रेल मिली है। हम सब को मिलकर इसकी जांच की मांग देश की सरकार, उपराज्यपाल और राष्ट्रपति से करनी चाहिए। सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का तो काम हो गया है, चोरी भी और सीनाजोरी भी। पूंजीपतियों का 15 लाख करोड़ माफ कर दिया। नोटबंदी का घोटाला किया। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को छिपा दिया, जिसने एक एक भ्रष्टाचारी को चुन-चुनकर, माला पहनाकर अपने साथ मिला लिया वो भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलती है। मोदी जी की गारंटी है, उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ेंगे। सबको चुन चुन कर भाजपा में शामिल करेंगे। संजय सिंह ने कहा अमित शाह तीन महीने जेल में और दो साल गुजरात से बाहर रहे। पांच साल तक मुकदमा चला, जब उनकी सरकार बनी तब बरी हुए। भाजपा वाले नैतिकता के आधार पर सीएम अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा मांग रहे हैं। फिर भगवंत मान का इस्तीफा मांगेंगे और पूरा विपक्ष खत्म करके पूरे देश में बेइमानी करेंगे। पूरे देश को लूटेंगे। हम इन्हें दिल्ली लूटने नहीं देंगे। 15 साल एमएसडी को लूटा, वहां से जनता ने निकालकर कूड़ेदान में डाल दिया।

# आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों का पालन कर बचा जा सकता है रोगों से : डॉक्टर पाराशर

नई दिल्ली। इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष) की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस की पर रोहिणी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रिवेंशन से ही सुलझेंगी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं विषय पर आयोजित इस सेमिनार में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु रोकथाम के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर. पी. पाराशर ने कहा कि आहार विहार में आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों का पालन कर अधिकांश रोगों से बचा जा सकता है। आचार्य चरक ने आयुर्वेद के दो प्रमुख उद्देश्य बताए हैं - स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी व्यक्ति को स्वस्थ करना। यदि हम अपने दैनिक आहार विहार में ऋतु और काल को मद्देनजर रखकर संशोधन कर लें तो रोग उत्पत्ति की स्थिति ही नहीं आएगी। इसके लिए न केवल ऋतु के अनुसार आहार विहार का चयन करना महत्वपूर्ण है बल्कि भोजन में काबोहाइड्रेट और वसा जैसे तत्वों की मात्रा का ध्यान रखना भी अति आवश्यक है क्योंकि जीवन शैली से संबंधित अधिकांश रोग आजकल भोजन में वसा की अधिकता और खतरनाक रसायनों की मिलावट के कारण हो रहे हैं।

डॉ पाराशर ने बताया कि आयुर्वेद में रोगों के पूर्व रूपों का उल्लेख किया गया है जिनके आधार पर रोग के उत्पन्न होने से पहले ही पता लग जाता है कि व्यक्ति को अमुक रोग होने वाला है। रोगों की प्रीवेंशन के लिए पूर्व रूपों का ज्ञान होना और उनके आधार पर रोगों को होने से बचाना आयुर्वेद के माध्यम से ही संभव है। संतुलित आहार से जीवन शैली से संबंधित रोगों के साथ-साथ संक्रामक रोगों से भी बचा जा सकता है क्योंकि असंतुलित भोजन के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है जो रोगों की उत्पत्ति का प्रमुख कारण है। डॉ पाराशर ने बताया कि अलग-अलग ऋतुओं में अलग-अलग दोषों व रोगों का प्रकोप होता है और पंचकर्म की विभिन्न थेरेपी के माध्यम से हम शरीर का शोधन कर रोगों की उत्पत्ति को टाल सकते हैं। डॉ पाराशर ने कहा की रोकथाम संबंधी उपायों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाले खर्च को पचास प्रतिशत तक कम किया जा सकता है और इससे होने वाली बचत को मानव संसाधन विकास के अन्य कार्यक्रमों में निवेश किया जा सकता है। संगठन के संरक्षक डॉ युवराज त्यागी ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और रोगों की रोकथाम के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि लोग स्वस्थ जीवन शैली के प्रति आकर्षित हों। इस अवसर पर डॉ ज्ञानेश्वर शर्मा, डॉ ए.के. सिंह, डॉ वी.के. जैन, डॉ टी.पी. सिंह, डॉ मुकीम अहमद, डॉ अनूप शर्मा ने भी कार्यक्रम से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

# आप की शिकायत के 48 घंटे बाद भी चुनाव आयोग ने भाजपा के आपत्तिजनक होर्डिंग्स के खिलाफ नहीं लिया कोई एक्शन

- शुक्रवार सुबह ही आम आदमी पार्टी ही चुनाव आयोग से की थी भाजपा के आपत्तिजनक होर्डिंग की शिकायत, 48 घंटे बीतने के बाद भी चुनाव आयोग मौन
- चुनाव आयोग आप की लगातार शिकायतों पर भी नहीं ले रहा कोई एक्शन, लेकिन भाजपा की शिकायत पर मात्र 12 घंटे में ही एक्शन ले लिया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी की लगातार शिकायतों के बाद भी चुनाव आयोग ने दिल्ली भर में भाजपा द्वारा लगाए गए आपत्तिजनक होर्डिंग पर कोई एक्शन नहीं लिया है। शिकायत किए 48 घंटे बीत जाने के बाद भी चुनाव आयोग द्वारा अबतक भाजपा को कोई समन नहीं भेजा गया है। इस बाबत ट्वीट के जरिए आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि- दिल्ली भर में भाजपा के आपत्तिजनक होर्डिंग्स के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया में शिकायत दर्ज किए हुए 48 घंटे बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक चुनाव आयोग की ओर से बीजेपी को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि क्या चुनाव आयोग केवल विपक्षी दलों को ही नोटिस भेजेगा? बता दें कि, भाजपा ने दिल्ली भर में आपत्तिजनक होर्डिंग्स लगाए है। इसे लेकर शुक्रवार सुबह ही आम आदमी पार्टी ने इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया में इसकी शिकायत दर्ज की थी। लेकिन शिकायत करने के 48 बीत जाने के बाद भी चुनाव आयोग ने न तो इस विषय में कोई एक्शन लिया और न ही भाजपा को कोई नोटिस भेजा। इसके विपरीत भाजपा द्वारा चुनाव आयोग में एक शिकायत करने के मात्र 12 घंटे के भीतर ही वरिष्ठ आप नेता आतिशी को नोटिस भेज दिया गया था। यही नहीं आतिशी को चुनाव आयोग का नोटिस मिलने से आधे घंटे पहले ही ये खबर मीडिया में चल चुकी थी। ये चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। सवाल उठाता है कि क्या चुनाव आयोग केवल भाजपा की शिकायतों पर ही संज्ञान लेगी और विपक्षी दलों के शिकायतों को नजरअंदाज करेगी?

# गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, विदेश से था सीधा कनेक्शन

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली की स्पेशल स्टाफ की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया और सरगना को गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी के कार से 32 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है. साथ ही कार को भी जब्त कर लिया गया. पूर्वी दिल्ली की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहार के सहरसा निवासी 41 वर्षीय सुरेंद्र यादव के तौर पर हुई है.सूचना मिली कि पूर्वी दिल्ली के मंडावली, शशि गार्डन सहित अलग-अलग झुग्गी बस्तियों में रहने वाले किशोर गांजा का सेवन कर रहे हैं और नशे की हालत में आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं. जानकारी मिलने के बाद इलाके में गांजा का सप्लाई करने वालों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल स्टाफ की विशेष टीम को लगाया गया. टीम को जानकारी मिली कि बिहार का गांजा सप्लायर सफारी कार से गांजे की डिलीवरी देने के लिए गाजीपुर इलाके में आने वाला है. सूचना मिलते ही एसआई विकास कुमार, एएसआई अमरपाल, हेड कॉन्स्टेबल नीरज, हेड कॉन्स्टेबल सत्यदेव राणा, हेड कांस्टेबल सनी राठी, हेड कांस्टेबल युवेंद्र, हेड कॉन्स्टेबल कांस्टेबल रोहित और हेड कांस्टेबल मुकेश की टीम का गठन किया गया. इसके बाद गाजीपुर के नाला रोड पर ट्रैप लगाकर आरोपी सुरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया. जहां से उसकी व्हाइट सफारी कार से 32 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ. आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह गांजा की सप्लाई करने में लग्जरी कर का इस्तेमाल करता है ताकि वह पुलिस को चकमा देकर निकल जाए

## संक्षिप्त खबरें

### आम आदमी पार्टी का प्रार्थना सभा व उपवास कार्यक्रम



हाजीपुर। आप के देश व्यापी आन्दोलन के तहत आप के वैशाली जिला प्रभारी मनोज फुमार साह के नेतृत्व में जिले के कार्यकर्ता हाजीपुर के गाँधी चौक पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के - सकुशल रिहाई के लिए एक दिवसिय प्रार्थना सभा सह सामुहीक उपवास किए। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश के डॉ० शशीकान्त एवं वैशाली के जोनल प्रभारी मनोज कुमार सहित अन्य शामिल हुये। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी रामा सुधीर पासवान, राजेन्द्र सिंह, प्रकाश सिंह, प्रहलाद सिंह एवं हाजीपुर विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार के साथ साथ सुमिन्दर कुमार, महावीर प्रसाद, अशोक कुमार अकेला, सुरेश रात्र, नवल किशोर प्रसाद, रेयाज अहमद, रामएकवाल चंद्रवंशी, राजकिशोर चंडांगी, अशोक पासवान, मो० शाह आलम, दिनेश सिंह, सुबोध सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# महुआ थाना क्षेत्र से हुई दो पेट्रोल पंप से लूट के मामले का वैशाली पुलिस ने किया उद्भेदन

- घटना में शामिल 4 अपराधियों समेत हथियार, कारतूस और बाइक और नकदी भी किया गया बरामद

प्रात: किरण, संवाददाता




हाजीपुर। महुआ थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग पेट्रोल पंप से हुए लूट के मामले का वैशाली पुलिस ने उदभेदन करते हुए इस लूट की घटना में शामिल चार अपराधी समेत उसके पास से हथियार चोरी की बाइक और लूट हुई रकम में से कुछ रुपए के साथ-साथ लूटे गए मोबाइल भी बरामद किया गया है। घटना में शामिल चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अपराधियों ने पिछले सप्ताह महुआ थाना क्षेत्र के शेरपुर प्यारे गांव के हकीमपुर स्थित एक पेट्रोल पंप समेत महुआ के अक्षयवट महाविद्यालय के पास स्थित एक एच पी पेट्रोल पंप से भी अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले का उद्भेदन किए जाने के बाद वैशाली के एसपी हरि किशोर राय ने अपने हाजीपुर स्थित कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इन चारो गिरफ्तार अपराधियों में से दो अपराधियों का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है और उन पर वैशाली जिले के कई थानों में कई मामले पहले से भी दर्ज है और इस लूट की घटना में शामिल कुछ अपराधि हाल ही में जेल से छूट कर बाहर आए थे।उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी महुआ थाना क्षेत्र के शेरपुर प्यारे गांव स्थित किसी गाछी में अपराध की योजना बना रहे हैं। इस तरह की सूचना मिलते ही महुआ थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन करते हुए हुआ छापेमारी करने के लिए भेजा गया।छापेमारी दल में शामिल पुलिस कर्मियों एवम पुलीस पदाधिकारी ने शेरपुर प्यारे गांव स्थित गाछी में छापेमारी करते हुए अपराध की योजना बना रहे चार अपराधियों को रंग के हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, लूटे गए तीन मोबाइल, घटना में प्रयुक्त किए गए एक बाइक समेत कुछ नकदी भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में कटहरा थाना क्षेत्र के मजिया निवासी मौहम्मद ऐनुल का पुत्र मौहम्मद सैयद,मौहम्मद मिंटू का पुत्र मौहम्मद आजाद, कटहरा थाना क्षेत्र के चेहरा खुर्द निवासी महेश पासवान के पुत्र मुन्ना पासवान,कटहरा थाना क्षेत्र के चेहराकला निवासी मुकेश राम के पुत्र विपिन राम शामिल हैं। इन चारों गिरफ्तार अपराधियों में से मोहम्मद सैयद एवं विपिन राम का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है और उन पर वैशाली जिले के गोरौल थाना में कई मामले दर्ज है। वैशाली के एसपी हरि किशोर राय ने बताया कि इन सभी चार अपराधियों के गिरफ्तारी के बाद इस गैंग में शामिल कई अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इन सभी गिरफ्तार अपराधियों ने महुआ थाना क्षेत्र से दोनों पेट्रोल पंप से लूट के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

## भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडिन सिरप के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

### पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की बड़ी कार्रवाई



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलो पंचायत के समीप छेका टोला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की जहां छापेमारी के दौरान पुलिस ने छेका टोला निवासी नशा कारोबारी सुधीर कुमार नामक व्यक्ति को भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशा युक्त कोडीन सिरप के साथ गिरफ्तार किया। वहीं इस मामले को लेकर मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि लोक सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है खासकर शराब और नशे के कारोबारी के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा रही है।

इसी कड़ी में मुरलीगंज थाना क्षेत्र के बेलो पंचायत के समीप छेका टोला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की जहां नशा कारोबारी सुधीर कुमार को 158 पीस नशा युक्त प्रतिबंधित कोडीन सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है जिले के सीमावर्ती इलाके में ब्रेकेटिंग लगाकर सघन जांच कर रही है साथ हीं नशा कारोबारी के विरुद्ध मुहिम चलाया जा रहा है ताकि शराब बंदी कानून को शक्ति से अमली जामा पहनाया जा सके।

## छात्राओं को बौद्धिक विकास हेतु शैक्षणिक परिभ्रमण पर किया गया रवाना



प्रात: किरण, संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लौआलगान की छात्राओं को बौद्धिक विकास हेतु शैक्षणिक परिभ्रमण पर रविवार को मंदार हिल, जैन मंदिर, कुप्पाघाट, तेतरी दुर्गा मंदिर आदि ऐतिहासिक व पर्यटक स्थल ले जाया गया। जिसे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरेंद्र झा एवं प्रखंड निकासी व व्यन पदाधिकारी छविनाथ पासवान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। बीईओ श्री झा ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। शिक्षा का जीवन में बहुत बड़ा महत्व हैं। शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों के अंदर बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक क्षमता का विकास होता है। वर्तमान समय में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ- साथ प्रायोगिक ज्ञान की भी आवश्यकता है। जिसे लेकर सरकार द्वारा मुख्यमंत्री दर्शन योजना का संचालन किया गया है। प्रखंड निकासी व व्ययन पदाधिकारी छविनाथ पासवान ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थियों को संबंधित स्थलों के ऐतिहासिक व भौगोलिक महत्ता से अवगत होने का अवसर प्राप्त होता है, साथ ही अपने ज्ञान को भी समृद्ध करने का मौका मिलता है। मौके पर मौजूद विद्यालय की वार्डन प्रीति कुमारी ने बताया कि परिभ्रमण दल में शामिल छात्रों को दर्शनीय स्थल मंदार हिल, जैन मंदिर, कुप्पाघाट, तेतरी दुर्गा मंदिर का परिभ्रमण कराते हुए उक्त सभी स्थलों के ऐतिहासिक, भौगोलिक व सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जायेगी। विद्यालय के संचालक प्रमोद पासवान ने कहा कि कस्तूरबा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बालिकाओं को पर्यटन व धार्मिक स्थलों का एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा जिससे बालिकाओं के ज्ञानवर्धन के साथ ही पर्यटन क्षेत्र की जानकारी मिल सके। मौके पर लालजी साह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद पासवान, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लौआलगान की वार्डन प्रीति कुमारी, शिक्षिका नीलम कुमारी, शिक्षक राधेश्याम पासवान, ग्रामीण आशुतोष कुमार बीएम, छात्राएं अंजली कुमारी, गुड़िया कुमारी, रिचा कुमारी, राजकुमारी, सुष्मिता कुमारी, पूनम कुमारी, करीना कुमारी, सोनी कुमारी, शिल्पी कुमारी, अमृता कुमारी, अर्चना कुमारी, ममता कुमारी, माही कुमारी, मौसम कुमारी समेत दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को थाना पुलिस ने किया जब्त



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। गिद्धौर थाना क्षेत्र के गंगरा जाने वाली सड़क से अवैध बालू लोड कर ले जा रही एक ट्रैक्टर वाहन को गिद्धौर थाना पुलिस ने जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गंगरा पंचायत में बालू अवैध उत्खनन की जानकारी गिद्धौर थाना पुलिस को मिली। जिसको लेकर त्वरित कारवाई करते हुए थानाध्यक्ष रीता कुमारी,अवर निरीक्षक अनुज कुमार एवं पुलिस के जवान गंगरा नदी से आ रहे अवैध बालू लोड़ ट्रैक्टर को गंगरा जाने वाली सड़क पर पुलिस को आता देख ट्रैक्टर वाहन के चालक गाड़ी खड़ी कर भाग गये। वहीं थाना पुलिस द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले गिद्धौर थाना ले आयी। इधर गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गंगरा नदी से बालू उत्खनन की जानकारी मिली थी। जिस पर मेरे नेतृत्व में अवर निरीक्षक अनुज कुमार द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। वहीं ट्रैक्टर वाहन के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## विश्व स्वास्थ दिवस पर मंच के सदस्यों द्वारा मेरा स्वास्थ, मेरा अधिकार, मेरा पर्यावरण का दिया गया संदेश

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई। पर्यावरण संरक्षण के लिए थोड़ी राशि खर्च कर हजारों लाखों रुपया अपने स्वास्थ पर होने वाले खर्च को बचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ दिवस के मौके पर साईकिल यात्रा एक विचार, जमुई के एक दर्जन सदस्यो द्वारा अपने 431वें रविवारीय यात्रा के क्रम में जमुई से चलकर धमना ग्राम पहुंच कर लोगो को अपने स्वास्थ को बेहतर बनाए रखने के लिए पर्यावरण को संरक्षण करने की अपील की गई। इस अवसर पर धमना ग्राम के काली मंदिर एव शिव मंदिर परिसर में दो दर्जन पौधा और पूर्व से लगे शिशु पौधा को संरक्षित किया गया। यात्रा का नेतृत्व करते हुए सचिराज ने बताया कि विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा इस बार विश्व स्वास्थ दिवस के अवसर पर मेरा स्वास्थ मेरा अधिकार का नारा दिया है। यह नारा केवल नारा तक ही सीमित ना हो। अपने स्वास्थ को बेहतर रखना हम सब का अधिकार होना चाहिए स्वास्थ सही रहेगा तो वेफुजुल खर्च से बचा जा सकता है। इसके लिए सबसे सार्थक उपाय है सामूहिक रूप से पर्यावरण को बेहतर बनाने का प्रयास करें। लोगो को स्वास्थ के प्रति जागरूक करते हुए राहुल सिंह राठौर ने बताया अगर अपने स्वास्थ को बेहतर रखना है तो सबसे बेहतर उपाय है अपने आस-पास के वातावरण को सुधार करें इसके लिए जहां तक संभव हो पौधारोपण करें, पूर्व से लगे पौधा का संरक्षण और उसकी लगातार देखभाल करना चाहिए इससे पर्यावरण में बेहतर प्रभाव देखने को मिल सकता है। सामाजिक कार्यों में हमेसा योगदान करते वाले धमना निवासी अभिलाष कुमार द्वारा बताया गया की हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ की चिंता है, हर व्यक्ति अपने गलत खान-पान रहन-सहन की चर्चा तो करता है पर अमल कर ही नहीं पता है। ग्रामीणों के समक्ष मंच के कार्यों को बताते हुए कहा कि ऐसे ही सामूहिक रूप से प्रत्येक रविवार को हमलोग अपने गांव में कुछ कुछ कार्य श्रम दान कर करे तो जल्द ही इस गांव में पर्यावरण से संरक्षित एव सामाजिक बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर राहुल सिंह, धीरज कुमार सिंह, शैलेश भारद्वाज, विवेक कुमार, मोहित कुमार, हर्ष कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, सचीराज पद्ममाकर, अभिलाष कुमार, विपिन कुमार पाण्डेय, रामानंद कुमार, राहुल कुमार, कारू कुमार साह,मोहित सिंह, विकास कुमार पाण्डेय सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## हवा, पानी एवं वन्य जीवन जैसे संसाधनों का संरक्षित करना पर्यावरणीय स्थिरता:डॉ सत्येंद्र



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। आर एन कॉलेज हाजीपुर में एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी और एसेंशियल फैक्टर फॉर हुमन एक्जिस्टेंस विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेव इंटरनेशनल पटना, इंडियन एरोबायोलॉजिकल सोसाइटी तथा मृणाल फाउंडेशन के कोलेबोरेशन से आयोजित किया गया। इस सेमिनार की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रवि कुमार सिन्हा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में आईसीएआई इंस्टिट्यूट ऑफ मखाना के पूर्व डायरेक्टर मखाना मैन डॉ जनार्दन तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में इसी महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ महेश राय , एस एन एस कॉलेज के जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष व वेटलैंड मैन डॉ सत्येंद्र कुमार, आर एन कॉलेज के जंतु विज्ञान के पर विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार उपस्थित रहे। डॉ जनार्दन ने अपने संबोधन में छात्रों को बताया कि वायु, जल और भोजन यह तीनों हमारे शरीर की मूलभूत आवश्यकता है, वही डॉक्टर महेश राय ने पर्यावरण विनाश के लिए मुख्य रूप से मनुष्य को ही जिम्मेदार बताया। सेमिनार में कीनोट स्पीकर के रूप में वेटलैंड मैन डॉ सत्येंद्र कुमार कहा भाभी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, पानी एवं वन्य जीवन जैसे संसाधनों का संरक्षित करना पर्यावरणीय स्थिरता महत्वपूर्ण है इन्होंने यह भी चर्चा की कि जीवित रहने के लिए भोजन, पानी, कपड़ा, नींद और आश्रय मूलभूत आवश्यकताओं मे हैं,धरती पर हो रहे ग्लोबल वार्मिग के असर पर तथा छठी विलुप्तीकरण पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि अभी भी मानव गंभीता नही दिखाई तो परिणाम बहुत भयावह होगा। डॉ विजय कुमार ने पर्यावरणीय स्थिरता के मुख्य बिंदु पर प्रकाश डाला । अपने अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि कुमार सिंह ने कहा कि प्राकृतिक संसाधन का जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग हो ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह भविष्य में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ शशि कुमार ने की।

## मध्य विद्यालय सहोरी मे शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी और दीक्षांत समारोह का आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी और दीक्षांत समारोह का आयोजन भगवानपुर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय सहोरी के प्रांगण में धूम धाम से किया गया`इस कार्यक्रम में उच्च माध्यमिक विद्यालय माधोपुर राम और राजकीय मध्य विद्यालय सहोरी के वर्ग 1 से 11 तक के छात्र छात्रा को सम्मानित किया गया` साथ हीं साथ, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी में उतीर्ण 46 छात्र- छात्राओ को भी सम्मानित किया गया` कार्यक्रम का संचालन पूर्ववर्ती छात्र रौनक कुमार ने किया` इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए आलोक रंजन ने कहा कि विभाग की इस अनूठी पहल का विद्यालय परिवार स्वागत करता है` ऐसे आयोजन अभी तक निजी विद्यालयों में ही होता रहा है` पहली बार सरकारी विद्यालयों में इतने वृहत स्तर पर आयोजन हो रहा है `जब कोई बच्चा टॉप करता है तो उसे प्रोत्साहित करने के लिये और कमजोर बच्चों को प्रेरणा लेकर मेहनत करने के लिये ऐसे कार्यक्रम अवश्य होने चाहिए` यद्यपि मध्य विद्यालय सहोरी सदैव से बच्चों को पुरस्कृत करता रहा है चाहे वो उनके जन्मदिन का अवसर हो, क्विज प्रतियोगिता हो या अन्य कार्यक्रम` आज के बैठक में उपस्थित अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिस दिन आप सभी माता पिता विद्यालय से सकरात्मक रूप में जुड़ जायेंगे, उसी दिन से सरकारी विद्यालय निजी विद्यालयों को पीछे छोड़ देंगे` आप बच्चों के पोशाक, छात्रवृत्ति या अन्य लाभुक योजनाओं का लाभ लेने के अलावे बच्चे की पढाई के लिये चिंतित ही जायेंगे, बच्चों को प्रत्येक दिन शाम में स्कूल की पढाई को हीं दोहराने के लिये बैठाने लगेंगे, आपके बच्चे का भविष्य सुनहला हो जायेगा ` उच्च माध्यमिक विद्यालय माधोपुर राम और राजकीय मध्य विद्यालय सहोरी के सभी शिक्षक अपने पूरे ईमानदारी से कर्तव्य का निर्वहन करते रहे ह। विद्यालय में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप से संबंधित जागरूकता संदेश भी फ्लेक्स के माध्यम से दिया गया` कार्यक्रम को सफल बनाने में उच्च माध्यमिक विद्यालय माधोपुर राम की शिक्षिका सुमन कुमारी, अमरनाथ कुमार, विद्या और मध्य विद्यालय सहोरी के गरीबनाथ सिंह, अनिसुर रहमान, आरिफ हुसैन, अमरजीत कुमार, रात्रि प्रहरी आशुतोष कुमार, सभी रसोईया के साथ साथ यूथ क्लब,इको क्लब के सदस्यों गोविंद, श्रवण, डी एस निखिल, वैष्णवी, वैदेही, सिमरन आदि ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में पेरेंट्स टीचर मीट का होगा आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। निजी विद्यालय के तर्ज पर अब सरकारी विद्यालय में भी अभिभावक के साथ शिक्षक बैठक कर रहे हैं। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने पत्र जारी किया है। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्च विद्यालय तक के सरकारी स्कूलों में पेरेंट्स शामिल होना है। शनिवार को प्राथमिक विद्यालय में गार्जियन के सामने सभी बच्चों को वार्षिक परीक्षा का रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया। सूचना के मुताबिक इस आयोजन को लेकर सभी विद्यालय के लिए अलग से फंड उपलब्ध कराया गया है।विभागीय पत्र के अनुसार शनिवार को प्राथमिक विद्यालय में रिजल्ट का वितरण किया गया था। इसके लिए 10 हजार रूपया शिक्षा विभाग के द्वारा स्वीकृत भी किया गया है।प्रखंड के कुछ विद्यालय में बिना अभिभावक के बुलाए ही रिजल्ट का वितरण किया गया है।प्राथमिक,मध्य विद्यालय के लिए 15 हजार और उच्च विद्यालय के लिए 25 हजार रूपया तक का फंड विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।शनिवार से परीक्षा फल घोषित कर बच्चों के प्रगति पत्रक का वितरण शुरू कर दिया गया है। प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को समारोह आयोजित किया गया।शेष मध्य स्कूलों में सोमवार को वितरण किया जाएगा। ग्रामीण परिवेश की बालिकाएं कर रही है बेहतर प्रदर्शन नवीन प्राथमिक विद्यालय बेला में भव्य समारोह आयोजित कर पेरेंट्स टीचर मीट बुलाया गया।मध्यांतर के बाद अभिभावकों की मौजूदगी में यहां के बच्चों के बीच रिपोर्ट काट दिया गया।विद्यालय प्रभारी पुनम कुमारी ने बताया कि मेरे विद्यालय में बालिकाएं बेहतर प्रदर्शन कर रही है। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सामान्य ज्ञान की पुस्तकें,कलम,डायरी व ज्योमेट्री बॉक्स आदि उपहार स्वरूप दिया गया।

## आपका सबसे बड़ा संसाधन मनोबल है जिससे वीटीआर को बढ़ा सकते : आनन्द शर्मा

प्रात: किरण, संवाददाता




हाजीपुर। राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने कहा कि वैशाली के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के नेतृत्व में जिले की मजबूत स्वीप टीम जरूर 70 प्रतिशत मतदान लक्ष्य को हासिल करेगी। वे आज मतदान प्रतिशत मढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले चार ह्लमहा स्वीप दिवसह्व के प्रथम दिन हाजीपुर के बिहार प्रशासनिक सुधारात्मक संस्थान (बीका) के सभा कक्ष में जिला स्वीप कोषांग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाडी केन्द्रों के सेविकाओं और सहायिकाओं से वार्ता के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि वीटीआर बढ़ाने के लिए मतदान केन्द्रवार निम्न मतदान प्रतिशत के कारणों का सूक्ष्म विश्लेषण करना होगा। इसके लिए शासन और प्रशासन से जुड़े हरेक पदाधिकारी और कर्मी को घर-घर दस्तक देना होगा। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इलेक्शन एक फील्ड वर्क है. टेबुल वर्क नहीं। उन्होंने पदाधिकारियों और कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका सबसे बड़ा संसाधन मनोबल है। आप मनोबल से वीटीआर को बढ़ा सकते है। अपर मूख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा बीका के बाद हथसारगंज कन्या मध्य विद्यालय, हाजीपुर में जीविका दीदी के एक स्वीप कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कुछ आंगनबाड़ी सेविकाओं और जीविका दीदीओं से संवाद कर निम्न मतदान प्रतिशत के कारणों को जानना चाहा। इस अवसर पर बीका में उएटर पोर्टल को भी लांच किया गया। इसके पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का स्वागत करते हुए बताया कि वैशाली जिला में 29 फरवरी से ही लगातार एक कैलेंडर के अनुसार विभिन्न स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में 1585 गांव है। हरेक गांव में टीम गठित कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहें है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में जो पदाधिकारी बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उन्हें जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय ने इस अवसर पर कहा कि मतदान आपका अधिकार ही नही, जिम्मेवारी भी है। उन्होंने कहा कि इस संदेश को जीविका दीदीयों और आंगनबाड़ी सेविकायें अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचायें। उन्होंने कहा कि वे स्वीप गतिविधियों में लगातार शामिल होते रहे है और आगे भी मदद जारी रहेगी। कार्यक्रम में अपर समाहर्त्ता, डीडीसी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, डीपीजीआरओ, डीपीआरओ, सभी बीडीओ, सभी सीओ, एआरओ, सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रामनवमी और ईद को ले एएसपी ने जनप्रतिनिधियों के साथ की शांति समिति की बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर एएसपी प्रवेंद्र भारती ने मुरलीगंज थाना परिसर में रामनवमी और ईद पर्व को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक की। बैठक के दौरान एएसपी प्रवेंद्र भारती ने स्थानीय प्रबुद्धजनों को संबोधित कर कहा कि सबसे पहले तो आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जिले में धारा 144 लगी हुई है जिस कारण इस बार सभी पर्व शांति पूर्ण माहोल में मनाया जाएगा साथ हीं इस बार खासकर रामनवमी के मौके पर कहीं भी जुलूस निकालने की परमिशन नहीं है और ध्वनि यंत्र आदि यंत्र पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की कोई अव्यस्था उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है हर जगहों पर सादे लिबास में पुलिस तथा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी पुलिस सोसल मीडिया पर भी पैनी नजर बनाए हुए हैं ताकि विधि व्यवस्था बना रहे।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

प्रात: किरण, संवाददाता



मुरलीगंज (मधेपुरा) आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी एवं ईद पर्व मनाए जाने को लेकर रविवार को क्षेत्र में प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। सीओ किसलय कुमार, थाना प्रभारी मंजू कुमारी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी के साथ अर्धसैनिक बल थाना परिसर से कतारबद्ध होकर बाजार के विभिन्न मार्गो में पैदल भ्रमण किया। बताया गया कि आगामी रामनवमी और ईद पर्व को लेकर शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सख्त है। आदर्श आचार संहिता के नियम का पालन करते हुए पर्व सादगी से मनाने की अपील की जा रही है। पर्व के दौरान शांति व विधि व्यवस्था भंग करने वाले पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। लोकसभा चुनाव में लागू आदर्श आचार संहिता में पर्व के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। बाजार के अलावे थाना क्षेत्र के अन्य मार्गो में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान एसआई नदीम अख़्तर, इमनाज खान, दुर्गेश कुमार के अलावे पुलिस बल शामिल रहे।

सम्पादकीय

# मां-बाप की सेवा करो


माता-पिता बच्चों की छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखते हैं कि हमारे बच्चे बड़े हो रहे है उन्हें भी निजता चाहिए, अपने आप थोड़ी सी जगह में रहकर, अभाव सहकर बच्चों की हर जरुरत को पूरा करते है लेकिन वही बच्चे बड़े होकर अपने माता-पिता को बोझ समझते हैं उन्हें अपने से दूर रखने की कोशिश करते हैं उनकी खांसी की आवाज, कराहने की आवाज बुरी लगती है। जो माता पिता सारी-सारी रात जागकर बच्चों की देखभाल करते है वही बच्चे बाद में उन्हें नजर अन्दाज करते हैं। माता पिता को यदि हम साथ नहीं ले जा पाते हैं, तो कोई बात नहीं लेकिन यदि हम उनसे इतना ही कह दें कि हमें अमुक जगह जाना है, उसी में वह खुश हो जाते हैं उन्हें लगता है कि मेरे बच्चे हमारी कितनी परवाह करते हैं। पूछने और बताने में अन्तर होता है। यह शब्दों का हेर-फेर है। लेकिन बुजुर्ग माता पिता की आवश्यकताएं क्या हैं, हम लोगों का साथ और थोड़ा सा भोजन, यदि हम उनसे पूछ कर बनाएं तो उन्हें भी लगेगा कि हमारी घर में सबको परवाह है। हमें अपने बुजुर्गों के अनुभवों से लाभ प्राप्त करना चाहिए अर्थात सलाह लेनी चाहिए, आज की पीढ़ी छोटी सी समस्या आ जाने पर घबरा जाती है या आवेश में अजाती है लेकिन यदि हम अपने बुजुर्गों से सलाह लेगे तो वह शान्त चित्त से अपने अनुभव के आधार पर अच्छा मार्ग दर्शन देंगे। किसी एक दिन को मदर्स डे या फादर्स डे मनाने से कुछ नही होगा। माता पिता हमारे लिए भगवान का दूसरा रुप है, हमारी सृजनकर्ता है, हमारा जो वजूद है वह उन्हीं के कारण है। उनकी महत्ता को किसी विशेष दिन से बांधने की जरुरत नहीं है। यही छोटी-छोटी बातें हैं जिनका अगर हम ध्यान दे तो, यह जीवन में ऊर्जा प्रदान करती है। जरुरत है बस इस अहसास को जगाने की है। हमें अपने परिवार के साथ-साथ अपने बुजुर्ग माता पिता की देखरेख भी उतनी ही शिद्दत से करनी है क्योंकि यह अनमोल है आज जो हमारा वजूद है वह इन्हीं की बदौलत है। अगर हमारे पास समय है, तो अपने बुजुर्ग यदि हमारे साथ नहीं है तो हमारे आसपास भी बहुत से वृद्ध होंगे जिन्हें हमारे साथ की आवश्यकता है यदि हम अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकाल कर तो हमें अपने परिवार अपने समाज को यह समय देना चाहिए, इससे हमें कितना संतोष मिलता है। क्योंकि परिवार से समाज, समाज से देश बनता है। एक अच्छे नागरिक होने का यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास की बातों को भी नजरअन्दाज न करें, बल्कि एकसभ्य/जागरुक नागरिक होने के नाते उन्हें भी पूरा करें। हमारे इस प्रयास को हमारे बच्चे भी देखते हैं, उन पर भी एक अच्छा सन्देश जाएगा। क्योंकि जैसा हम बोते हैं वैसा ही काटेंगे। यह मेरी प्रार्थना है वैसे तो आज के समय में सब समझदार लोग हैं। मैं यह किसी पर कटाक्ष नही कर रहा हू जो भी लोग अगर इन बातों का अमल करते हैं उन्हें हमारी शुभकामनाएं। सदैवयही न सोचें कि उसने हमारे के लिए क्या किया बल्कि यह सोचें कि हमने क्या किया। कई बार बुजुर्गों से भी गलती हो जाती है, वह जिद कर लेते हैं बच्चों की तरह तो हमें यह बाते नजरअन्दाज कर देनी चाहिए क्योंकि कहते हैं न बच्चा बूढ़ा एक समान। किसी भी अच्छी बात की शुरूआत हमें अपने से करनी चाहिए हमेशा दूसरे से ही अपेक्षा ने करें स्वंय से शुरूआत करें। कहते हैं न जहां जागो, वही सवेरा है। मेरी बस एक विनती है, प्रार्थना है कि केवल अधिकारों को नही कर्तव्यों को भी याद रखें।

# चोरी फिर भी सीनाजोरी

चुनाव के दिनों में लोकतांत्रिक हथियार के रूप में आरोप प्रत्यारोप का खेल खूब देखा जाता रहा है, मगर फाइनेंसियल टूल को चुनाव लडे का हथियार बना लेना यह 2024 के लोकसभा चुनाव को सबसे अलग बना रहा है। इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट का विपक्षी दलों को नोटिस भेजना भले एक रूटीन काम हो सकता है, मगर इसकी टाइमिंग विपक्ष को सत्तारूढ़ दल पर हमला करने का मौका जरूर दे रही है। वैसे देखा जाए तो पहले भी सत्तासीन पार्टियों द्वारा ऐसी संस्थाओं के उपयोग की कहानी न्यायालयों द्वारा ही दुरुपयोग के विशेषण से नवाजी गई है परन्तु अबकी यह मामला प्रभाव क्षेत्र के हिसाब से बहुत आगे निकल गया है। इन्कम टैक्स का नोटिस सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस को मिला है और अस्तित्व का संकट लेकर आया है। शनिवार को जारी किये गए डिमांड नोटिस के बाद कांग्रेस पर आयकर विभाग का कुल लगभग 3, 567 करोड़ रुपए बकाया बैठता है। ताजा डिमांड नोटिस 1745 करोड़ रुपए का है जो वित्त वर्ष 2014- 2015, 2015- 2016 और 2016- 2017 का है। हालांकि इसकी आशंका कांग्रेस शुक्रवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाहिर कर चुकी थी कि उसे अभी और परेशान किया जाएगा। इसके पहले जो कांग्रेस को नोटिस मिला था वह 1823 करोड़ रुपए का था। यह बकाया पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के लिए था और इसमें मूल और ब्याज दोनों राशियां शामिल है। दिलचस्प बात यह भी है कि इस नोटिस में वित्तीय वर्ष 1994-1995 में कांग्रेस पार्टी द्वारा वित्तीय गड़बड़ी और टैक्स की हेरा फेरी का वित्तीय दंड भी शामिल है। आयकर विभाग के ये नोटिस कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह बनकर इसलिए खड़े हो गए हैं क्योंकि पार्टी ने 2023- 2024 के आयकर रिटर्न में पार्टी की कुल संपत्ति ही 1430 करोड़ रुपए बतायी थी। इसमें 657 करोड़ रुपए का फंड, 340 करोड़ की चल अचल संपत्ति और लगभग 388 करोड़ का लिक्विड कैश बताया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि पार्टी अपनी कुल संपत्ति बेचकर भी आयकर विभाग का फाइन नहीं भर सकती। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस पार्टी दिवालिया घोषित हो जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो यह भारतीय राजनीति की एक ऐसा घटना होगी जो अगर सकारात्मक प्रभाव को लेकर आगे बढ़ी तो कभी भी कोई पोलिटिकल पार्टी इन्कम टैक्स के नियमों को सुविधानुसार उपयोग में लाने की भूल से बचेगी। लेकिन अगर इसी को नकारात्मक रूप से इस्तेमाल किया जाने लगा तो बदले की भावना से ग्रसित होकर स्वयं सत्ता में आने पर पूर्वकालिक सत्तारूढ़ पार्टियों के ऊपर भी ऐसी ही कार्यवाही करेगी। राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की धमकी दे चुके हैं। अब सवाल यह उठता है कि कांग्रेस और समस्त इंडिया गठबंधन आयकर विभाग के नोटिस को जिस तरह से गलत बता रहा है वो नोटिस सही हैं या गलत शनिवार को जारी 1745 करोड़ रुपए के नोटिस के अलावा दूसरा मामला 1700 करोड़ के नोटिस का है। मामला 2017 से 2021 के बीच कांग्रेस को कैश के रूप में मिले चंदे और अन्य कैश अनियमितताओं से जुड़ा है। इसमें लगभग 526 करोड़ रुपए शामिल हैं, जिसका स्पष्ट हिसाब-किताब कांग्रेस के पास नहीं है। दरअसल 2019 में आयकर विभाग के कई छापों के दौरान यह बात खुल कर सामने आई थी कि दो कंपनियां मेधा इंजीनियरिंग और कमलनाथ के करीबी की एक कम्पनी ने कैश में कांग्रेस को ये पैसे दिए हैं। आयकर विभाग को इन कंपनियों द्वारा कांग्रेस को ट्रांजेक्शन की रसीद मिली है। सूत्रों के अनुसार 20 करोड़ के एक पेमेंट का ब्यौरा आयकर विभाग के पास ऐसा भी है जिसमें कमलनाथ के जरिये पैसा सीधे कांग्रेस ऑफिस को गया है। आयकर विभाग दावा कर रहा है कि ये सारे पैसे रिश्वत के हैं जिसे मध्य प्रदेश में मंत्रियों और अफसरों को दिया गया था और जो घूम फिर कर कांग्रेस पार्टी को फंड के रूप में मिला है। यह आयकर कानून के सेक्शन 13( ) का उल्लंघन है जिसके अनुसार 2,000 रुपए से ज्यादा कैश पेमेंट कोई पार्टी नहीं ले सकती। इसी तरह तीसरा मामला 135 करोड़ का है। यह 2018-2019 के बीच का है। इस दौरान कांग्रेस ने साढ़े 14 लाख रुपये का दान नकद में लिया और टैक्स रिटर्न भी 33 दिन की देरी से फाइल किया था। इसका परिणाम यह हुआ कि उस वित्त वर्ष में कांग्रेस की कुल आय को ही टैक्स रिबेट के दायरे से बाहर कर दिया गया जो 135 करोड़ था। राजनीतिक दलों को इनकम टैक्स में छूट आयकर कानून की धारा 13(1) के तहत क्लेम करनी पड़ती है। कांग्रेस पर इसी प्रावधान के उल्लंघन का आरोप है। चूंकि पार्टी ने इस वित्त वर्ष के दौरान 33 दिन की देरी से टैक्स रिटर्न फाइल किया तो आयकर विभाग ने कांग्रेस की कुल 199 करोड़ की आय पर टैक्स के छूट के दावे को खारिज कर दिया। हालांकि 2021 में विभाग ने 105 करोड़ की अनियमितता के एवज में नियमानुसार 20 फीसदी यानी 21 करोड़ चुकाने को कहा था जिसके बाद केस की सुनवाई तक स्टे लग जाता। पर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। परिणामस्वरूप 16 मार्च को आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खातों से 135 करोड़ रुपये की वसूली कर ली। इसमें से 103 करोड़ के करीब का जुमार्ना था और बाकी के 21 करोड़ इस जुमार्ने पर लगे ब्याज की रकम थी। यह अमाउंट लियन है अर्थात बैंक अकॉउंट में फाइन वाली अमाउंट पर रोक लगा दी गई है, बाकी पैसों को पार्टी खर्च कर सकती है। यहीं कांग्रेस झूठ का भ्रम फैला रही है कि उसके बैंक अकॉउंट फ्रीज कर दिये गये हैं। मगर वास्तव में ऐसा है नहीं। अब इनके अकॉउंट में सिर्फ फाइन जितने पैसे थे तो क्या ही किया जा सकता है और अब तो कुल फाइन जितने पैसे भी कांग्रेस के एकाउण्ट में नहीं बचे हैं।

# चीन प्र्रकरण-कुछ तो है जिसकी पदार्दारी है?

**छोटे-छोटे देश जो आज आटे के लिए तरस रहे हैं, उनके आतंकी हम पर हमला करके चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि अब ऐसे नहीं चलेगा...आज का भारत घर में घुसकर मारता है...आज का भारत दुनिया को दिशा दिखाता हैह्व। स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ था। उसी पाकिस्तान की तरफ जिसके कांग्रेस पार्टी ने 1971 में न केवल दो टुकड़े कर दिये थे बल्कि भारत पाक के बीच हुये संक्षिप्त युद्ध के दौरान भारतीय सेना के समक्ष पाकिस्तानी सेना ने विश्व का अब तक का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण भी किया था। इतना ही नहीं बल्कि यह सब उस अंतराष्ट्रीय राजनैतिक वातावरण के बीच हुआ था जबकि अमेरिका, पाकिस्तान का पक्षधर था और भारत के विरुद्ध सातवें बेड़े के रूप में अपना जंगी जहाज भेजने की घुड़की भी दी थी। गोया आजादी के मात्र 24 वर्षों बाद ही भारत ने न तो अमेरिका जैसी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की परवाह की न ही पाकिस्तानी सेना की। अब जरा मोदी राज में पड़ोसी देश चीन के दुस्साहस और सरकार के हौसले पर नजर डालिये। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी का दावा है कि चीन ने लद्दाख की 4, 067 वर्ग किमी जमीन हड़प ली है। उन्होंने यह भी कहा है कि मोदी सरकार सच्चाई छिपा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी यही दावा कर चुके हैं कि लद्दाख के एक बड़े हिस्से पर चीन ने कब्जा किया हुआ है।**



तनवीर जाफरी
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

बिहार के जमुई में गत दिनों राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का भारत दुश्मन के घर में घुसकर मारता है। कांग्रेस के राज में भारत को गरीब और कमजोर देश माना जाता था। छोटे-छोटे देश जो आज आटे के लिए तरस रहे हैं, उनके आतंकी हम पर हमला करके चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि अब ऐसे नहीं चलेगा...आज का भारत घर में घुसकर मारता है...आज का भारत दुनिया को दिशा दिखाता हैह्व। स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ था। उसी पाकिस्तान की तरफ जिसके कांग्रेस पार्टी ने 1971 में न केवल दो टुकड़े कर दिये थे बल्कि भारत पाक के बीच हुये संक्षिप्त युद्ध के दौरान भारतीय सेना के समक्ष पाकिस्तानी सेना ने विश्व का अब तक का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण भी किया था। इतना ही नहीं बल्कि यह सब उस अंतराष्ट्रीय राजनैतिक वातावरण के बीच हुआ था जबकि अमेरिका, पाकिस्तान का पक्षधर था और भारत के विरुद्ध सातवें बेड़े के रूप में अपना जंगी जहाज भेजने की घुड़की भी दी थी। गोया आजादी के मात्र 24 वर्षों बाद ही भारत ने न तो अमेरिका जैसी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की परवाह की न ही पाकिस्तानी सेना की।

अब जरा मोदी राज में पड़ोसी देश चीन के दुस्साहस और सरकार के हौसले पर नजर डालिये। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी का दावा है कि चीन ने लद्दाख की 4, 067 वर्ग किमी जमीन हड़प ली है। उन्होंने यह भी कहा है कि मोदी सरकार सच्चाई छिपा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी यही दावा कर चुके हैं कि लद्दाख के एक बड़े हिस्से पर चीन ने कब्जा किया हुआ है। चीन ने लद्दाख के सीमावर्ती जमीन पर कब्जा भी किया और इस कब्जे के कुछ ही दिनों बाद उसने अपने देश का एक नया मानचित्र भी जारी कर दिया, जिसमें अक्साईचिन जोकि भारत का हिस्सा है उसे चीन के क्षेत्र में दिखाया गया है। लद्दाख के स्थानीय लोग भी चिल्ला चिल्ला कर कह रहे हैं कि चीन ने लद्दाख की जमीन पर कब्जा कर लिया है जिसमें बड़ा हिस्सा उनकी चरागाह भूमि का भी है। कई पूर्व सैन्याधिकारी अनेक राजनेता व विदेशी मामलों के जानकार बार बार इस बात को दोहराते रहे हैं कि चीन ने लद्दाख की हजारों किलोमीटर जमीन बलात दबा ली है। परन्तु इनसब आरोपों के जवाब में हमारे प्रधानमंत्री मोदी फरमाते हैं कि लद्दाख की एक इंच जमीन पर भी चीन ने कब्जा नहीं किया है। प्रधानमंत्री के शब्दों में-न वहां कोई हमारी सीमा में घुसा हुआ है, न ही हमारी कोई पोस्ट किसी दूसरे के कब्जे में है। प्रधानमंत्री मोदी तो चीन का नाम लेने तक से कतराते हैं। इसी विषय पर मोदी सरकार के विदेश मंत्री एस जयशंकर के तो विचार ही निराले हैं। जयशंकर यह तो स्वीकार करते हैं कि आज चीन सीमा पर शांतिकाल में हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती है। वे यह भी बताते हैं कि सीमा पर आधारभूत संरचना खर्च को मौजूदा सरकार ने पांच गुना तक बढ़ाया है। परन्तु साथ ही वह यह भी कहते हैं कि -चीन भारत से बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम चीन से नहीं लड़ सकते। इस वातावरण में भी सरकार द्वारा सफल विदेश नीति व सफल कूटनीति का दावा करना कैसे सही समझा जाये? क्योंकि यदि सफल विदेश नीति और कूटनीति होती तो सीमा पर सैनिकों की तैनाती कम होती, शांति की स्थापना का रास्ता हमवार होता। सीमा पर युद्ध और सैन्य टकराव के हालात न होते।

भारत द्वारा लद्दाख सीमा पर अपनाये जा रहे ढुलमुल रवैय्ये का ही नतीजा है कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर भी अपनी गिद्ध दृष्टि लगाई हुई है। पिछले दिनों उसने अरुणाचल प्रदेश को चीनी क्षेत्र का इलाका बताते हुये वहां के तीस स्थानों के नाम बदल दिए हैं। इनमें से 11 रिहायशी इलाके, 12 पर्वत, 4 नदियां, 1 तालाब और पहाड़ों से निकलने वाला एक प्रमुख रास्ता शामिल है। वैसे तो चीन पूरे अरुणाचल पर अपना दावा करता है परन्तु फिलहाल मुख्यतः उसकी बुरी नजर तवांग इलाके पर टिकी हुई है। तवांग अरुणाचल के उत्तर पश्चिम में स्थित हैं, जहां पर भूटान और तिब्बत की सीमाएं हैं। अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा राज्य है। इसके उत्तर व पश्चिमोत्तर में तिब्बत, पश्चिम में भूटान और पूर्व में म्यांमार के साथ इसकी सीमा है। भारत के लिये अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर के सुरक्षा कवच की अहमियत रखता है। इन सबके बावजूद जहां भारत चीन के प्रति नर्म व उदासीन रवैय्या अपनाता दिखाई देता है वहीँ चीन के हौसले इतने बुलंद हैं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 सम्मेलन बीच में ही छोड़ कर अपने सैन्य मुख्यालय पहुँच जाते हैं और अपने सैनिकों को युद्ध के लिये तैयार रहने का आदेश भी दे देते हैं?

निश्चित रूप से चीन की गिनती विश्व के विस्तारवादी देशों में होती है जोकि अपने सीमावर्ती देशों की जमीनों को अपनी सैन्य शक्ति की धौंस दिखाकर या उन्हें कर्ज में डुबोकर या तो कब्जा जमाता रहा है या उनपर अपना दावा ठोकता रहा है। भारत सहित पाकिस्तान, पूर्वी तुर्किस्तान, दक्षिणी मंगोलिया, तिब्बत, ताइवान, हॉन्गकॉन्ग व मकाउ जैसे देश इसी सूची में शामिल हैं। लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश में उभरे नये विवाद से पहले भी भारत की हजारों किलोमीटर जमीन पर चीन ने कब्जा कर रखा है। परन्तु वर्तमान मोदी सरकार जोकि दुश्मन को लाल आँखें दिखाने की बात करती है, जिस सरकार के मुखिया स्वयं अपनी छाती की नाप छत्तीस इंच बताते हैं जो देश को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का दावा करते हैं जो दुश्मन को घर में घुसकर मारने की बातें करते हैं, उनसे निश्चित रूप से देश यही उम्मीद करता है कि वे चीन को भी अपनी छाती की नाप बताएं और लाल आँखों से उसकी तरफ भी देखें। आखिर क्या वजह है कि प्रधानमंत्री के इस दावे के बावजूद कि न वहां (लद्दाख में) कोई हमारी सीमा में घुसा हुआ है, न ही हमारी कोई पोस्ट किसी दूसरे के कब्जे में है, फिर भी लद्दाख के स्थानीय लोग ही यह कह रहे हैं कि कि चीन ने हमारी हजारों किलोमीटर जमीन कब्जा कर रखी है? क्या वजह है कि इसी बात को लेकर 7 अप्रैल को लद्दाख में मोदी सरकार की इन्हीं ढुलमुल नीतियों के विरुद्ध लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में पशमीना मार्च के नाम से जो बड़ा प्रदर्शन होने जा रहा था, सरकार ने लद्दाख के लोगों की आवाज को दबाने व प्रदर्शन से निपटने के लिये लद्दाख में इंटरनेट बंद करने का आदेश जारी कर दिया? इतना ही नहीं बल्कि सरकार ने इस प्रदर्शन से घबराकर लद्दाख में धारा 144 भी लागू कर दी और हर प्रकार के प्रदर्शन व आंदोलन पर रोक लगा दी? नतीजतन सोनम वांगचुक को सरकार व प्रशासन से किसी भी प्रकार के टकराव को टालने की गरज से प्रस्तावित प्रदर्शन को वापस लेना पड़ा। इस समस्या को छुपाने, दबाने, मीडिया ब्लैक आउट या झूठे बयानों से बात नहीं बनने वाली है। देश को सच्चाई जानने का अधिकार है। बकौल मिर्जा गालिब-बे-खुदी बे-सबब नहीं गालिब। कुछ तो है जिस की पर्दा-दारी है।

# परिवारवाद की जकड़न में फसता लोकतंत्र

**लोकतंत्र में जनता की पसंद और नापसन्द को ही महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन आज हमारे देश में राजनीतिक दल अपने ही परिवार के कुछ लोगों को जबरदस्ती आगे करके नायक बनाने का खेल खेल रहीं हैं। यह खेल निश्चित रूप से लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कहा जा सकता है। इस श्रेणी में एक या दो दल नहीं, कमोवेश हर राजनीतिक दल आज परिवारवाद की राह का अनुसरण करने के लिए अग्रसर हो रहा है। सवाल यह आता है कि आज नेता का बेटा या बेटी को ही विरासत सौंपने का चलन क्यों बढ़ रहा है, जबकि सारे राजनीतिक दल विशेषकर विपक्षी राजनीतिक दल लोकतंत्र को बचाने का नाराज बुलंद करने का सब्जबाग दिखा रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र बचाने के नाम पर एक रैली की, जिसमें परिवार को राजनीतिक विरासत सौपने की ही राजनीति दिखाई दी। इसका तात्पर्य यही हो सकता है कि अब विपक्षी दल लोकतंत्र के बजाय परिवारवाद को ज्यादा महत्वपूर्ण मान रहे हैं। लोकसभा चुनाव में सत्ता चाह की रास्ते तलाश करने वाला विपक्ष आज पूरी तरह से परिवारवाद की राजनीति को ही चरितार्थ करने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी के पश्चात विपक्षी राजनीतिक दलों की राजनीति परिवार को आगे लाने की कवायद करने वाली ही लग रही है।**



सुरेश हिंदुस्तानी
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। यह सभी जानते हैं कि भारत में जनता के लिए जनता का ही शासन है। जनता के शासन का सीधा तात्पर्य यही है कि जनता अपने बीच के किसी व्यक्ति को नायक बनाकर अपना प्रतिनिधि बनाती है। लोकतंत्र में जनता की पसंद और नापसन्द को ही महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन आज हमारे देश में राजनीतिक दल अपने ही परिवार के कुछ लोगों को जबरदस्ती आगे करके नायक बनाने का खेल खेल रहीं हैं। यह खेल निश्चित रूप से लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कहा जा सकता है। इस श्रेणी में एक या दो दल नहीं, कमोवेश हर राजनीतिक दल आज परिवारवाद की राह का अनुसरण करने के लिए अग्रसर हो रहा है। सवाल यह आता है कि आज नेता का बेटा या बेटी को ही विरासत सौंपने का चलन क्यों बढ़ रहा है, जबकि सारे राजनीतिक दल विशेषकर विपक्षी राजनीतिक दल लोकतंत्र को बचाने का नाराज बुलंद करने का सब्जबाग दिखा रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र बचाने के नाम पर एक रैली की, जिसमें परिवार को राजनीतिक विरासत सौपने की ही राजनीति दिखाई दी। इसका तात्पर्य यही हो सकता है कि अब विपक्षी दल लोकतंत्र के बजाय परिवारवाद को ज्यादा महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में सत्ता चाह की रास्ते तलाश करने वाला विपक्ष आज पूरी तरह से परिवारवाद की राजनीति को ही चरितार्थ करने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी के पश्चात विपक्षी राजनीतिक दलों की राजनीति परिवार को आगे लाने की कवायद करने वाली ही लग रही है। पहले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल केवल अपने परिवार को ही आगे करके राजनीति करते रहे और आज भी कर रहे हैं, लेकिन अब इस दिशा में आम आदमी पार्टी और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा भी शामिल हो गयी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्न ी सुनीता केजरीवाल ने भी अब सक्रिय राजनीति में कदम रख दिया है। हालांकि वे जनता की सहानुभूति पाने के लिए अरविन्द केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व को फिर से स्थापित करने का प्रयास करेंगी, लेकिन केजरीवाल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर विपक्ष की ओर से कोई भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। जिस भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आज से एक दशक पूर्व दिल्ली के रामलीला मैदान से पटकथा लिखी गई, आज वही रामलीला मैदान भ्रष्टाचार के आरोप लगने पर केजरीवाल को बचाने का गवाह बना। लोकतंत्र बचाने के नाम पर की गयी इस रैली को किसी आभासी प्रहसन से कम नहीं कहा जा सकता। अगर केजरीवाल ने कुछ किया नहीं होता तो उसे न्यायालय से आरोप मुक्त करके छोड़ दिया जाता। पहले प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत के बाद अब केजरीवाल न्यायिक हिरासत में दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में यह भी स्पष्ट हो जाता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के पास अपने बचाव के लिए ठोस प्रमाण नहीं हैं। यह बात सही है कि एक समय दिल्ली की जनता भ्रष्टाचार और वर्तमान राजनीतिक कार्य प्रणाली से बहुत त्रस्त हो गई थी, ऐसी स्थिति में जनता को केजरीवाल में एक नायक दिखाई दिया, जो जननायक बनने की श्रेणी में आ सकता था, लेकिन जब उन पर और उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे, तब इस पटकथा की इबारत बदली हुई सी लगने लगी। अब आप पार्टी के नेता और राज्यसभा के सांसद संजय सिंह दो लाख के निजी मुचलके पर जेल से सशर्त बाहर आए तो उनका स्वागत ऐसे किया गया, जैसे वे आरोप मुक्त हो गए हों। आम आदमी पार्टी के इस प्रकार के चरित्र को देखकर यही कहा जा सकता है कि जो पार्टी राजनीति में बदलाव लाने का सपना दिखाकर मैदान में आई थी, आज वह भी समय के अनुसार बदल गई है। खैरङ्क यहां परिवारवाद की बात हो रही है। आप नेता संजय सिंह जेल से छूटने के बाद अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने पहुंचे। यह वाकया निश्चित ही यह संकेत दे रहा है कि अब संभवतः सुनीता केजरीवाल दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सपनों को पूरा करने वाली हैं।

यह बात एक दम प्रामाणिक रूप से कही जा सकती है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा परिवारवाद है, इसके बावजूद भी राजनीतिक दल अपने परिवार तक ही अपने दल को सीमित रखने की कवायद कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि इन दलों को वास्तविक लोकतंत्र से कोई मतलब नहीं है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने तो परिवारवाद की सीमाएं लांघ दी। उन्होंने बिना किसी राजनीतिक योग्यता के एक अनपढ़ पत्नी को राज्य की कमान सौंप दी। अब अपने पुत्रों को गद्दी सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। इसी प्रकार दो बार लोकसभा के चुनावों मंब पराजय की स्थिति में पहुंचाने वाले विरासती पृष्ठभूमि के नेता राहुल गांधी भी परिवारवाद के ही परिचायक हैं। आज भले ही कांग्रेस ने अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बदल दिया हो, लेकिन वे भी राहुल गांधी को किनारे करने का साहस नहीं दिखा सकते। कांग्रेस के बारे में यही कहा जा सकता है कि वह आज भी परिवारवाद के चंगुल से बाहर नहीं निकल सकी है। कुछ ऐसा ही नहीं, बल्कि इससे ज्यादा परिवारवाद समाजवादी पार्टी में दीखता है। मुलायम सिंह के परिवार के लगभग सभी सदस्य या तो विधायक और सांसद हैं या रह चुके हैं। बसपा नेता मायावती ने भी अपनी विरासत अपने परिवार को ही सौंपी है। ऐसे उदाहरण से क्षेत्रीय दल भी अछूते नहीं हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट पर परिवार कायम है तो नेशनल कान्फ्रेंस पर शेख अब्दुल्लाह का परिवार ही कमान संभाल रहा है। खास बात यह है कि यह सभी परिवार पार्टी के मुखिया ने ही स्थापित किए हैं। लोकतंत्र में ऐसी राजनीति नहीं होना चाहिए। भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए परिवारवाद को राजनीति से अलग करने की जरुरत है, क्योंकि जहां परिवार को आगे बढ़ाने की राजनीति होगी, वहां लोकतंत्र के लिए कोई जगह ही नहीं बचेगी। लोकतंत्र जनता का होता है, जहां जनता को महत्व मिलेगा, वही तो लोकतंत्र है, और जहां परिवार को महत्व दिया जाता हो, वहां तानाशाह जैसी प्रवृति जन्म लेती है। उनको इसका अहंकार भी हो सकता है कि हम तो सत्ता के लिए ही बने हैं और यही अहंकार भारत के लोकतंत्र को कमजोर करता है। इसलिए अब इस बात की बहुत आवश्यकता है कि भारत में लोकतंत्र को कायम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, नहीं तो जनता के शासन के स्थान पर परिवारवाद के सहारे तानाशाही का राजनीति कायम हो जाएगा।

# वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की पूरी गिनती की मांग

यह अनिवार्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उठने वाले संदेहों का पूरा निवारण किया जाए। लोकतंत्र में यह विश्वास सबसे महत्त्वपूर्ण होता है कि चुनाव के जरिए वास्तविक जनमत की अभिव्यक्ति हुई है। तभी जनादेश सर्व-स्वीकृत बना रहता है। सुप्रीम कोर्ट ने आश्वासन दिया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज होने वाले वोट और उससे संबंधित वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की अर्जियों पर वह समय रहते अपना निर्णय देगा। लेकिन फिलहाल संकेत यह मिला है कि अदालत ने इस मसले को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी है। वरना, सुनवाई दो हफ्तों के लिए नहीं टाली जाती। समस्या यह है कि 19 अप्रैल से मतदान शुरू हो जाएगा। यह तारीख जितनी करीब आएगी, निर्वाचन आयोग की यह दलील उतनी ठोस होती जाएगी कि इस मामले में सिस्टम बदलने के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा है। इस मामले में निर्वाचन आयोग के रुख पर पहले से कई सवाल रहे हैं।

जबकि ना सिर्फ विपक्ष, बल्कि सिविल सोसायटी के भी बहुत बड़े दायरे में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गहराते शक के साथ वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की मांग जोर पकड़ती गई है। मुमकिन है कि इन संदेहों में कोई दम ना हो। इसके बावजूद यह अनिवार्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उठने वाले संदेहों का पूरा निवारण किया जाए। लोकतंत्र में यह विश्वास सबसे महत्त्वपूर्ण होता है कि चुनाव के जरिए वास्तविक जनमत की अभिव्यक्ति हुई है। तभी मिला जनादेश सर्व-स्वीकृत बना रहता है। अगर इसके विपरीत धारणाएं बनीं, तो फिर पराजित पक्ष अपनी हार को सहजता से स्वीकार नहीं कर पाता, जिससे पूरे राजसत्ता की वैधता को चुनौती मिलने की दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं। इसलिए इसे आवश्यक माना जाता है कि मतदाता सूची तैयार करने से लेकर चुनाव परिणाम की घोषणा तक का हर कदम विश्वसनीय ढंग से उठाया जाए। दुर्भाग्य से इनमें से कुछ प्रक्रियाओं पर आज संदेह पैदा हो गया है। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने जब वीवीपैट संबंधी अर्जियों पर फिर से सुनवाई का फैसला किया, तो उससे समाज के एक बड़े हिस्से में उम्मीद पैदा हुई। वीवीपैट पर्चियों की गिनती के खिलाफ व्यावहारिक दिक्कत संबंधी कई दलीलें दी जाती हैं। लेकिन चुनाव प्रक्रिया को संदेहों से परे बनाए रखने के लिए तमाम दिक्कतों को बेहिचक स्वीकार की जानी चाहिए। आशा है, अपना निर्णय देते वक्त सुप्रीम कोर्ट इस आकांक्षा को ध्यान में रखेगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 08 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### मौसम के बदलते मिजाज से किसान चिंतित

लहलादपुर: कभी आसमान में मंडराते अवारा बादल तो कभी अंधड़-तूफान जैसे मौसम को देखकर प्रखंड क्षेत्र के किसान काफी चिंतित नजर आ रहे है. गेहूं के फसल तैयार हैं, कुछ किसानों ने गेहूं की कटनी शुरु कर दी है तो कुछ शुरु करने वाले है. इस दरम्यान मौसम के भिन्न-भिन्न तरह के बदलते मिजाज से गेहूं की कटनी-दवनी के समय बारिश होने की संभावना से किसान चिंतित हैं. एक किसान वकील राय का मानना है कि लगभग पंद्रह दिनों तक मौसम का मिजाज नहीं गड़बड़ाये तो सारे किसान गेहूं की कटनी-दवनी से निपट जायेंगे।

### राजापट्टी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

मशरक (सारण) छपरा-थावे रेलखंड पर राजापट्टी रेलवे स्टेशन पर रविवार को ट्रेन से कटकर करीब 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मौके पर घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी हैं। घटना के बारे में ग्रामीणो ने बताया कि उक्त युवक टहल रहा था और छपरा से मशरक होकर थावे जाने वाली पैसेंजर ट्रेन से कट गया। फिलहाल कटे युवक की पहचान नही हो पाई है। घटना की सूचना रेल प्रशासन थावे को दी गई । मामले में रेल प्रशासन के द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। मौके पर स्थानीय विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा मुझे भी सूचना मिली। फिलहाल युवक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### बकरी चराने के विवाद में मारपीट में पाँच लोग घायल

मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गाँव मे रविवार की सुबह बकरी चराने के विवाद मे मारपीट होने से पाँच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया,जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों ने बताया कि बकरी चराने को लेकर लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों में लखनपुर गाँव के 18 वर्षीय राजन कुमार, 30 वर्षीय सरिता देवी, 45 वर्षीय रमिता देवी, 28 वर्षीय जयमंगल महतो, 24 वर्षीय रंजीत कुमार शामिल है।

### शोकसभा का हुआ आयोजन

परसा गत दिनों सड़क हादसे में हुई चेतन परसा निवासी समाजसेवी राम नरेश राय की मौत के बाद उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।स्व. राम नरेश राय के तैलीय चित्र पर पूर्व मंत्री चंद्रिका राय,दरियापुर प्रमुख प्रतिनिधि राजन राय,भूषण राय,माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष विनोद कुमार,सच्चा राय,अर्जुन सिंह,विनोद सिंह,इंद्रभूषण सिंह,प्रो विमल प्रसाद,उप प्रमुख रघु राय,सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार,सत्येंद्र राय,पूर्व मुखिया राम लगन साह,उमेश राय, सुग्गा सिंह,विनोद दास,शिव कुमार सिंह,सुरेश राय,ओम प्रकाश राय,मनीष कुमार,चंदन कुमार सहित दर्जनों गणमान्य लोगो ने पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक सच्चे दिल इंसान थे।वे हमेशा समाज में अच्छे लोगों को प्रोत्साहित करने का काम किया।अचानक चले जाने से अपूर्णिय क्षति हुई।

### पुलिस ने दो वारन्टीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज

एकमा ।स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बाढ़ेया गांव निवासी जनार्दन महतो के पुत्र बाली महतो को गिरफ्तार कर लिया ये पर्व के वारंटी थे ।वहीं भरहोपुर मठिया गांव निवासी बीरबल अली के पुत्र हैदर अली को भी गिरफ्तार कर लिया इन पर एससी एसटी एक्ट के आरोपी थे। दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण में बाधक बने माँझी के लगभग दो दर्जन सड़क किनारे बनी पक्की घरों दुकानों पर चला बुलडोजर

प्रात : किरण, संवाददाता



माँझी। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से बिहार के हाजीपुर के बीच स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर बन रहे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण में बाधक बने माँझी के लगभग दो दर्जन घरों के साथ साथ लगभग इतनी ही संख्या में सड़क किनारे बनी पक्की दुकानों पर बुलडोजर चलाकर उसे तोड़ तो दिया गया पर बेघर हुए लोगों के दर्द तथा रोजगार से वंचित हुए दुकानदारों का दर्द सुनने वाला कोई नही। घर से बेघर हुए तथा रोजगार से वंचित हुए दर्जनों परिवार से जुड़े लोग कथित तौर पर सारण जिला प्रशासन तथा सम्बन्धित जन प्रतिनिधियों द्वारा इस मामले में उदासीनता बरते जाने तथा खासकर रूखे ब्यवहार से ब्यथित व आक्रोशित हैं। अपने खून पसीने की कमाई से एक एक ईंट को जोड़कर वर्षों पूर्व खड़ा किये गए अपने सपनों के घरों को बुलडोजर के सहारे तास के पत्ते की तरह बिखेर दिए जाने का उनका दर्द थमने का नाम नही ले रहा है। घर तोड़ दिए जाने के बाद भी मुआवजे की राशि से वंचित व अतिक्रमण के दायरे में आने वाले परिवार से जुड़े लोग किसी तरह झोंपड़ी में अथवा पड़ोसी के घर में रहकर अपना दिन गुजारने को विवश हैं। इतना ही नही सड़क किनारे बनी छोटी मोटी दुकानों के मकान मालिक से किराए पर लेकर दुकानदारी के जरिये अपने परिवार को दो जून की रोटी जुटाने वाले दुकानदार दुकानों को तोड़ दिए जाने के बाद से मारे मारे फिर रहे हैं। प्रभावित लोगों का दुर्भाग्य यह है कि उनके द्वारा मुआवजा की राशि को अब्यवहारिक व अपर्याप्त बताकर महीनों पूर्व जो आपत्ति जिला प्रशासन के यहाँ दर्ज कराई गई। मुआवजे को लेकर पीड़ितों द्वारा सारण आयुक्त के न्यायालय में एक मुकदमा भी दर्ज कराया गया। उक्त मुकदमे का फैसला आने से पहले ही भारी संख्या में पुलिस बलों व अर्द्ध सैनिक बलों को तैनात कर उनके घरों को कथित तौर पर जबरन जमींदोज कर दिया गया। जिला प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई से आक्रोशित व बुलडोजर अभियान से प्रभावित लोग अपने जन प्रतिनिधियों से इस मामले में चुप्पी साधने से बेहद खफा हैं। नाराज लोगों का कहना है कि आसन्न लोकसभा चुनाव में उनका गुस्सा गुब्बार बनकर निकलेगा तथा सम्बन्धित नेताओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान की जद में आने से पीड़ित माँझी थाने के चौकीदार ललन माँझी,पेशे से अमीन संजय कुमार दुबे,किसान उदयभान सिंह,रिटायर्ड दारोगा सुरेन्द्र शर्मा,संजय शर्मा,हरेन्द्र सिंह, नवीन कुमार चौधरी तथा फर्नीचर ब्यवसाई धनंजय कुमार सिंह आदि लोगों का कहना है कि उनकी जमीन के अधिग्रहण का न तो उन्हें समय पूर्व नोटिस उपलब्ध कराया गया और न ही पक्का भवन तोड़ने के लिए सरकार द्वारा स्थापित नियम का जिला प्रशासन द्वारा अनुपालन ही किया गया। प्रभावित लोगों का कहना है कि राज्य सरकार के भूअर्जन विभाग द्वारा स्थापित मानक को नजरंदाज कर दशकों से मान्य डीह बासगीत की जमीन तथा नगर पँचायत स्थित सड़क किनारे की ब्यवसायिक जमीन आदि का मुआवजा दर चँवर की जमीन के समान मनमाने ढंग से निर्धारित कर उसकी सूचना प्रभावितों को दे दी गई। जिसपर लोगों ने कड़ा एतराज जताते हुए पिछले अगस्त माह में ही सारण के आयुक्त के न्यायालय में एक मुकदमा दाखिल कर मुआवजा दर के पुनर्मूल्यांकन की गुहार लगाई। छपरा के डीएम को भी ज्ञापन देकर प्रभावितों द्वारा अपनी पीड़ा से उनको भी अवगत कराया गया। आक्रोशित लोगों ने बताया कि स्थानीय भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल तथा माकपा विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव के साथ साथ अन्य नेताओं से भी इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया गया। परन्तु कथित तौर पर किसी ने उनकी फरियाद नही सुनी। आक्रोशित लोगों का कहना है कि बेदर्द हाकिमो के रूखे ब्यवहार से ऐसा लगता है कि जैसे वे लोग भारतीय नही बल्कि पाकिस्तानी हैं। मुआवजे की आस लगाए प्रभावित परिवार के लोग खाली जेब अपने रहने की ब्यवस्था कहाँ करें तथा बन्द हुए रोजगार को पुनर्जीवित करने के लिए बेरोजगार दुकानदार कौन सा उपक्रम करें सभी इसी उधेड़बुन में फंसे हुए हैं। इस सम्बंध में पूछे जाने पर माँझी के सीओ अभिषेक रंजन ने बताया कि उनके कार्यकाल से पहले ही भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका था तथा भूमि व भवन का मुआवजा दर भूअर्जन कार्यालय द्वारा जारी किया जा चुका था। प्रभावितों के मुआवजे की राशि छपरा ट्रेजरी को उपलब्ध करा दी गई है। जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

# विद्यालय के सांस्कृतिक समारोह में काजल के ख्याल गायन,गोप की चैती व सोनम के भाव नृत्य ने बांधा समा

प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर। थाना क्षेत्र के अतरसन उच्चतर विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह में ख्याल गायन ,चैती ,भावनृत्य आदि की प्रस्तुति ने जम कर समां बांधा।संगीत शिक्षिका काजल कुमारी द्वारा प्रस्तुत राग खमाज में छोटा ख्याल की वंदिश वंदौ प्रथम शारदा माता के साथ आलाप व तराना ने उपस्थित शिक्षक दर्शक भाव विभोर हो उठे।लोकगायक रामेश्वर गोप का राम जी के भइले जनमवा हो रामा..,तोरी मीठी बोलिया कोयली... चैती गीत ,सोनम मिश्रा का भावनृत्य ,छात्रा रूबी यादव का भक्ति गीत ,संतोष शरण का गजल भजन, बाल कलाकार आदित्य राज व संगीत शिक्षक निपुण झा के तबलावादन की कला घंटों शिक्षक समुदाय ने मनोरंजन किया।मौके पर सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश राम और आदेशपाल हरि नारायण सिंह को सम्मानित कर विदाई दी गई।प्रधानाचार्य रमेश प्रसाद की अध्यक्षता और वरिष्ठ शिक्षक डॉ संतोष कुमार साह के नेतृत्व में आयोजित समारोह का संचालन सुनिल कुमार राम ने किया।मुखिया प्रतिनिधि व राजद नेता अनिल चौधरी, समाजसेवी उमेशचंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक सतीश कुमार जोगिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालबाबू यादव के अलावे विद्यालय परिवार के शिक्षक ऋषिकेश प्रसाद माला कुमारी , आर के सिंह ,कुमकुम, नरेंद्र यादव , अंकित , सुशील , संतोष कुमार पांडेय, भरत , अमित , अभिषेक, अर्पणा ,रूबी ,अर्चना उपस्थित थे।

# बिजली की शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग से लगभग दस एकड़ से अधिक की गेंहूँ की फसल जलकर राख



प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। माँझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गाँव से उत्तर बधार में रविवार को बिजली की शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग से लगभग दस एकड़ से अधिक की गेंहूँ की फसल जलकर राख हो गई। रविवार को दिन के लगभग ग्यारह बजे से रुक रुक कर लगी आग में कई बगीचों में लगाए गए पेड़ व झुरमुट आदि भी झुलस गए। गाँव के सैकड़ों लोगों के साथ साथ बिजली विभाग के कर्मचारी भी आग पर काबू पाने के प्रयास में लगे रहे। हालांकि बाद में आग के विकराल रूप धारण करने के बाद ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड की दो दमकल गाड़ियों को बुलाया गया तब जाकर लगभग पाँच घण्टे बाद आग पर काबू पाया जा सका। रविवार को घटी आगलगी की उक्त घटना में मुबारकपुर पँचायत के पूर्व सरपंच विश्वनाथ सिंह,मंटू सिंह,टुनटुन यादव,चुनचुन सिंह,ईश्वर सिंह,राजा यादव,बीर बहादुर सिंह,सुदामा यादव,दीनेश्वर तिवारी,शँकर सिंह,जय प्रकाश सिंह तथा शम्भू यादव आदि की लगभग दस एकड़ में खड़ी रवि की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान आस पास में मौजूद दर्जनों पेड़ भी झुलस गए।

# दो दिवसीय सेमिनार सम्पन्न



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जय प्रकाश विश्वविद्यालय में दो दिवसीय सेमिनार सम्पन्न हो गया। सैकड़ो छात्र छात्राओं ने अपना अपना शोध आलेख प्रस्तुत किया। समापन के दिन दर्जनों छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जयप्रकाश विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अन्तराष्ट्रिय मनोविज्ञान सेमिनार में दूसरे दिन रविवार को मुख्य वक्ता के रूप में ऋचा वर्मा ,प्राध्यापिका मिश्रा कालेज, मुजफ्फरपुर रहीं उन्होंने अपने वक्तव्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया । उन्होंने कहा कि ब्रेन के सेल एक दूसरे से जुड़े होते हैं अगर किसी की बुद्धि विकसित होती है तो इसके जरिए ही होती है। मस्तिक एक ऐसा प्रोसेस है जो सेल्स पर काम करता है ये वो न्यूरॉन हैं जो एक को दूसरे से जोड़ते हैं। मस्तिष्क में इलेक्ट्रॉनिक चिप कैसे काम करते है,इसका उल्लेख किया। उन्होने हाइपरलुप ऑफ माइंड के बारे में बताया। विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम सिंह ने कहा कि मनोविज्ञान में आज बदलते परिवेश के कारण निरंतर मानसिक तनाव और शायद चिंता बढ़ रही है आज गर्भवती महिला से लेकर वृद्धावस्था तक प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी तरह की मानसिक संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मनोविज्ञान विशेषज्ञ की भूमिका बढ़ जाती है और मनोविज्ञान के क्षेत्र में रोजगार के भी अवसर बढ़ रहे हैं । प्रो.आशा रानी ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में वैश्वीकरण एवं प्रौद्योगिकीकरण के उन्नति एवं कृत्रिम बुद्धि की वजह से विभिन्न प्रकार की मनोवैज्ञानिक चुनौतियां सामने आ रही हैं और इन चुनौतियों को कैसे अवसर में बदला जाए इसी विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में सभी आगत अतिथियों का उन्होंने स्वागत किया। ,आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार से कई मनोवैज्ञानिको ने भाग लिया तथा अपना अपना व्याख्यान दिया। सभी आगन्तुक विद्वानों ने अपने अपने विचार और व्याख्यान को प्रस्तुत किए। आई.पी.ए प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल अवार्ड 2024 से एडवाइजरी कमिटी के सदस्यों डॉ. अनुपम कुमार सिंह , डॉ. कुमारी नीतू सिंह , गौरव कुमार पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी को सम्मानित किया गया।इस दौरान जयप्रकाश विश्वविद्यालय सहित सभी संबंधित महाविद्यालय के शिक्षको में प्रो.जागो चौधरी,डॉ प्रमोद कुमार ,डॉ. दिनेश बल्लभ, डॉ विवेक तिवारी, डॉ. हरिकेश यादव,और छात्र उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रो.तारणी जी,आई.पी.ए.अध्यक्ष,प्रो.रामध्यान राय, उपस्थित रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

गरखा (सारण) मढ़ौरा प्रखंड क्षेत्र के पोझी भुआल पंचायत अतंर्गत पोझी बुजुर्ग गांव में पैक्स अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिमा प्रकाश लकवा क्लिनिक के द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका लकवा क्लिनिक के संयोजक डॉ अजित कुमार सिंह एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य उपेन्द्र सिंह ने फिता काटकर इस शिविर का उद्घाटन किया साथ ही इस अवसर फलदार वृक्षारोपण किया गया। डॉ अजित कुमार सिंह एवं उनके सहयोगी सदस्य डॉ सुनील कुमार सिंह एवं डॉ एस कुमार के द्वारा सैकड़ों,नस,ब्रेन, हड्डी, एवं अन्य बिमारियों से पिड़ित व्यक्तियों का निःशुल्क जांच एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। मेगा शिविर कार्यक्रम का विधी व्यवस्था रंजीत सिंह संचालन युवा समाजिक कार्यकर्ता तुफान सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित पुकार सिंह,शिव कुमार सिंह, सत्येन्द्र जी, बारूदी राय, अवधेश मांझी, देवमणि देवी,अनिता देवी,दौलतिया देवी सभी ने ऐसे जन कल्याणकारी स्वास्थ्य शिविर कि काफी सराहना किया एवं प्रतिमा प्रकाश लकवा क्लिनिक के संचालक डॉ अजित कुमार सिंह एवं उनके पुरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शिवगंज में आग से बचाव के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक



प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा तेजपुरवा पंचायत के शिवगंज में अनुमंडल अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आग से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान इनलोगो ने ग्रामीणों को आग से बचाव के लिए जागरूक किया। अग्निशमन कर्मियों ने ग्रामीणों के बीच आग से बचाव के उपाय वाले पर्चे को वितरित किया। इस अभियान के तहत अग्निशमन दल के लोगों ने गर्मी के दिनों में आगलगी की घटना को देखते हुए कहा कि जब गांव में झुग्गी झोपड़ी का निर्माण किया जाता है उस समय उसमें में फुस के बजाय सीमेंट या लोहे की चादरो का इस्तेमाल आग से बचाव के लिए वेहतर और आग से सुरक्षित होता है। झुग्गी झोपड़ी बनाते समय एक झुग्गी से दूसरे झुग्गी की दूरी 4 से 5 मीटर की होनी चाहिए। अग्निशमन विभाग के लोगों ने ग्रामीणों से कहा कि गैस का उपयोग घर में लापरवाही से ना करें और चूल्हा बंद करते समय रेगुलेटर के पास से गैस को बंद करें। स्टोप या मिट्टी का चूल्हा यूं ही जलकर ना छोड़े आग को पूरी तरह बुझाकर ही वहां से हटे, बिजली तार के नीचे झुग्गी का निर्माण नहीं करें क्योंकि वह आग से सुरक्षित नहीं है। उन्होंने घर के आसपास पटाखे नहीं जलाने और माचिस की तीली जलाकर इधर उधर नहीं फेकने की सलाह देते हुए अवैध तरीके से बिजली का उपयोग नही करने की बात ग्रामीणों को समझाई। इस मौके पर अक्षय राय ललन शाह मदन शाह पप्पू शाह रविंद्र शाह प्रेम कुमार रविंद्र राय जितेंद्र कुमार सहित अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।

# कानू हलवाई की संख्या अति पिछड़ा एवं वैश्य समाज में सबसे अधिक:प्रदेश अध्यक्ष

प्रात : किरण, संवाददाता

सारण जिला कानू महासभा, छपरा के तत्वावधान में रविवार को डी0 एन0 गार्डन विवाह भवन,छपरा में अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा के बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में बिहार प्रदेश के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, प्रमुख पदाधिकारी गण की उपस्थिति हुई,साथ ही महिला शक्ति के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत श्रीमती अनीता गुप्ता आकाशवाणी के उद्घोषक के अलावे ,महिला मंडल की उपस्थिति भी सराहनीय रही।बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश अध्यक्ष ,प्रोफेसर सुरेश प्रसाद साह एव संचालन महामंत्री रूपेश कुमार साह ने किया। बैठक में संगठन को प्रत्येक जिले में मजबूती से कार्य करने का संकल्प लिया गया ,संगठन को सक्रिय कर कानू हलवाई समाज के हक और सम्मान की लड़ाई तेज किया जायेगा। प्रदेश महामंत्री रूपेश कुमार ने राजनीतिक चेतना के लिए कार्यकारिणी के पदाधिकारी के कार्यों को सराहनीय बताया. सभी जिलों में संगठन बनाकर सभी प्रखंडों में भी उसी तर्ज पर संगठन बनाएंगे। रामानंद गुप्ता ने कहा कि इसके बावजूद कानू हलवाई समाज की जनसंख्यालगभग 37लाख है, अति पिछड़े वर्ग एवम वैश्य समाज में सबसे बड़ी आबादी है। कितना आश्चर्य की बात है कि कानू समाज इतनी बड़ी आबादी वाले इस जाति को आज तक लोकसभा और राज्यसभा का मुंह नहीं देख पाए हैं। कानू समाज की बहुत उपेक्षा हो रही है। अब और बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।महिला शक्ति को संगठित करने के लिए श्रीमती अनीता गुप्ता को महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्षता श्रीमती कमला साहू को सचिव तथा उषा गुप्ता को कोषाध्यक्ष के रूप में श्रीमती नेहा गुप्ता को मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रामानंद गुप्ता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र साह मुखिया ,जिला महासचिव धर्मेंद्र कुमार साह, नागेंद्र शाह मुखिया, सुरेश शाह मुखिया, मुकेश शाह मुखिया, अशोक शाह मुखिया,छपरा नगर सचिव कन्हैया कुमार, अध्यक्ष ललन प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री संतोष कुमार विद्यासागर विद्यार्थी शिक्षक,अरुण कुमार संयोजक, जयचंद प्रसाद,डॉक्टर हरिओम प्रसाद , डॉक्टर लव कुमार ,सुनील कुमार,राजेश कुमार डॉक्टर पीसी गुप्ता ,शशांक कुमार गुप्ता,ब्रज बिहारी प्रसाद, रवि कुमार ,संजीत कुमार , लक्ष्मण प्रसाद ,श्री धर्मनाथ प्रसाद ,मुन्ना कुमार, ललन जी, निर्भय कुमार अधिवक्ता, विजय कुमार, त्रिजुगीनाथ गुप्ता,सुबोध कुमार, मदन शाह ,अशोक कुमार ,गुंजन कुमार, किशन कुमार, राजू शाह, राजकुमारशाह एवं बड़ी संख्या में विभिन्न प्रखंडों के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं को किया गया जागरूक, चमकी बुखार पर हुई विशेष चर्चा



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। स्वस्थ व्यक्ति से ही स्वस्थ समाज संभव है। स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इसलिए लोगों का स्वस्थ्य रहना जरूरी है। यह तभी संभव है जब हम अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। अपनी सभी प्रकार की प्रतिबद्धताओं के बावजूद लोगों को चाहिए कि वे अपने स्वास्थ्य के उचित देखभाल के लिए समय अवश्य निकालें। यूथ आर्गेनाइजेशन टू गिव असिस्टेंस (योगा ट्रस्ट) द्वारा सारण जिले के गरखा प्रखंड के रहमपुर गांव में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वास्थ कार्यक्रमों तथा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक के दौरान विशेष रूप से चमकी बुखार के बारे में विस्तृत जानकारी संस्था के तरफ से प्रमोद कुमार द्वारा दी गई की रात में बच्चो को खाली पेट नही सुलाना है, समय समय पर पानी पिलाते रहना है, तथा कोई दिक्कत होने पर 102 पर कॉल करना है। योगा ट्रस्ट के सचिव रितेश कुमार राय द्वारा बताया गया कि आजकल बहुत सारी बीमारी का इलाज जानकारी के अभाव में नही हो पाता है इसलिए किसी भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के दौरान सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाए तथा वह चिकित्सकों द्वारा मुफ्त में जांच कराए एवं सलाह ले।शुद्ध हवा और पानी आम अवाम का अधिकार है. इसके साथ-साथ भारतवर्ष के अंदर में जिन बीमारियों के प्रति और बिहार के अंदर जिम्मेदारी के प्रति हमें सचेत रहने की आवश्यकता है. उसमें इन्फेक्शन डिजीज में जो एक से दूसरे को संक्रमित करते हैं. जैसे ट्यूबरक्लोसिस बहुत महत्वपूर्ण है, हमारे क्षेत्र प्रदेश के लिए भी इस मौसम में जापानी इन्सेफेलाइटिस, एईएस से बचाव बहुत जरूरी है. जब बारिश का मौसम आता है, उस समय डेंगू से बचाव बहुत जरूरी होता है। इस मौके पर संस्था के सचिव रितेश कुमार राय, सदस्य प्रमोद कुमार समेत महिलाएं और पुरुष मौजूद थे।

# पेंशनर समाज की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल

भेल्दी। आज शिक्षक अपने स्वाभिमान व अभिमान को बेंच चुके हैं। सभी पेशनर डटना व लड़ना सीखिए।शिक्षक सबसे पहले अपने मनोवृत्ति को बदलें। उक्त बातें बिहार पेंशनर समाज सारण के सभापति ब्रजेन्द्र कुमार सिन्हा ने अमनौर प्रखण्ड के मदारपुर में पेंशनर समाज भेल्दी अमनौर शाखा द्वारा आहुत बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई बैंकर्स,पदाधिकारियों व बाबुओं से होती है। बैठक को मुख्य रूप से पेंशनर समाज भेल्दी अमनौर के अध्यक्ष सोहन पंडित,सचिव गणेश ठाकुर,हरिशंकर प्रसाद,धर्मनाथ सिंह,अम्बिका राय,रामप्रवेश पंडित,अजय कुमार,बबन सिंह,रामविनोद शर्मा,रामजन्म सिंह,शशिभूषण सिंह,रामसिगाशन राय आदि ने संबोधित किया।अध्यक्षता ब्रजेन्द्र सिन्हा व मंच संचालन अम्बिका राय ने किया।

# देवराज मुन्ना का रिलीज होगा भोजपुरी गाना का चैता एल्बम



प्रात : किरण, संवाददाता

बिहार के गायक देवराज मुन्ना का रिलीज होगा भोजपुरी गाना का चैता एल्बम। यह गाना पटना के वेनी इंटरटेनमेंट कंपनी ने तैयार किया।इसकी पूरी शूटिंग शनिवार को पूरा हो गया है। सिर्फ एडिटिंग संबंधित कार्य बाकी है, जिसे पूरा कर शीघ्र रिलीज किया जायेगा। सभी गाना का शूटिंग पूरे पटना में सम्पन्न हुआ है। चैता एल्बम के गाने में बिहार के गायक देवराज मुन्ना और पुजा शर्मा ने अभिनय किया है। इसके सभी गाना को गायक देवराज मुन्ना और गायिका गोल्डी यादव ने स्वर दिया है। वहीं गीतकार प्रभात प्यारे और संगीतकार उत्सव गांधी है। भोजपुरी चैता एल्बम के निमार्ता वी. संतोष, कंपनी वेनी एंटरटेनमेंट और स्टूडियो पटना के राज लक्ष्मी है।

# नहीं रहे संपादक ब्रजेश मिश्रा की अर्धांगनी सुषमा

प्रात : किरण, संवाददाता



मेरी पार्टनर ने बीच में हीं अनुबंध तोड़ इस दुनिया से अलविदा कह दिया। आगे की यात्रा तुम्हारे साथ बिताए एक एक दिन के साथ समाजसेवा और राष्ट्रसेवा में गुजरेगा। मेरे जेहन में एक एक सेकेंड तुम जीवित हो और रहोगी। मुझे शक्ति देते रहना जैसे 2003 से 30 मार्च 2024 तक देती रही। संघर्ष तुमसे सीखा है। बिना किसी के सपोर्ट के जीवन जीने का संघर्ष करके मार्ग बनाना हमेशा याद आता रहेगा। मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा कि तुम मेरे साथ नहीं हो। ठाकुर जी तुम्हारी रक्षा करेंगे और अपने चरणों में स्थान देंगे।

उक्त बातें मासिक पत्रिका केवल सच और केवल सच टाईम्स के संपादक ब्रजेश मिश्रा ने कही है। ध्यातव्य है कि बिहार के चर्चित एवम लोकप्रिय संपादक ब्रजेश मिश्रा की अर्ध्यांगनी सुषमा मिश्रा का आकस्मिक निधन विगत शनिवार को नई दिल्ली में हो गया था।

स्व० सुषमा मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री राणा राजेन्द्र प्रसाद, भाजपा के जिला मंत्री शोभा देवी, साहित्यकार राम जतन यादव, स्थानीय नेतागण शामिल थे। ब्रजेश मिश्रा की अर्धांगनी की अस्वस्थता के कारण उनकी सघन चिकित्सा दिल्ली में चल रही थी। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। गुलवीघाट पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सूचना एवम जनसंपर्क विभाग के सेवा निवृत जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पत्रकार मासिक पत्रिका उभरता बिहार के संपादक राजीव रंजन, बी एन 24 लाइव के संपादक कुन्दन पांडेय, पत्रकार किशोर जी, फोटोजर्नलिस्ट त्रिलोकी नाथ प्रसाद सहित लगभग 200 पत्रकार एवम शुभचिंतक शामिल थे।

# आज 5000 लोग एक साथ करेंगे इफ्तार, राइन नौजवान कमेटी करेगा आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सिटी। छपरा नगर निगम क्षेत्र के फीदर बाजार में सोमवार की शाम में राइन नौजवान कमेटी भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन करेगा। आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इसमें करीब 5000 लोग पूरे शहर से जुटेंगे. आयोजन के तहत इफ्तार में शामिल होने वाले लोगों को भेज और नॉन, फल, शरबत, कोल्ड ड्रिंक, और अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाएंगे। यह कार्यक्रम फीदर बाजार, इमामबाड़ा, नवीगंज के पास होगा। पिछले 10 सालों से यह आयोजन होते रहा है और इस आयोजन को संपन्न करने के लिए युवा ब्रिगेड साल भर अपने पॉकेट मनी कोई इकट्ठा करती है, कमेटी के सदस्यों ने बताया कि करीब 100000 खर्च किए जाते हैं और इसके लिए 15 से 20 सदस्य साल भर धनराशि इकट्ठा करते हैं। संगठन गरीबों को भी मदद करता है और उन्हें आर्थिक और अन्य रूप से सहयोग करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन चालकों से पुलिस ने 10 हजार का कटा चालान

कराकाट (रोहतास) कछवां पुलिस लगातार वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर अपने थाना क्षेत्रों के अलावे सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन रूप से वाहन जांच अभियान निरंतर चला रही है। उक्त क्रम में ही कछवां पुलिस ने रोहतास-भोजपुर सीमा पर कंचनटोला के समीप वाहन जांच की। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान एचएचडी मशीन से वाहन चालकों से कुल 10 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान काटकर वाहन को मुक्त कर दिया गया। मौके पर पुलिस पदाधिकारी साथ पुलिस बल के जवान और वाहन चालक लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने एक हजार लीटर महुआ शराब को किया विनष्ट

कराकाट (रोहतास) कछवां पुलिस ने लगातार थाना क्षेत्रों में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर ध्यान में रखते हुए शराब माफियाओं पर नकेल कसते हुए इस वक्त काफी नजर आ रही है। उसी क्रम में कछवां थाना अंतर्गत सोन नदी क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी किया गया। साथ ही साथ करीब 1हजार लीटर महुआ पास शराब को बरामद कर उक्त स्थल पर ही विनष्ट किया गया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्रों में अशांति फैलाने वाले वैसे आसामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत पर नही बख्शा जायेगा। इसके लिए कछवां पुलिस सदैव मुस्तैद है और रहेगी। मौके पर थाना के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के जवान लोग मौजूद थे।

### जिला फुटबॉल संघ के पूर्व सचिव हुए कार्यमुक्त, नए सचिव बनें सुरेंद्र

सासाराम (रोहतास) रोहतास जिला फुटबॉल के पूर्व सचिव को संघ ने किया निलंबित। साथ नये सचिव सुरेंद्र सिंह को फुटबॉल खेल का कार्यभार सौंपा। रविवार रोहतास जिला फुटबॉल संघ के नेतृत्व में एक सभागार में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता डॉ. प्रो. कामेश्वर सिंह ने की। बैठक में सभी पंजीकृत सदस्यों के सहमति से इनाम अहमद को पूर्ण रूप से आजीवन निलंबित एवं अवकाश मुक्त किया गया। साथ ही रोहतास जिला फुटबॉल एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी का गठन कर जिला सचिव सुरेंद्र सिंह और अध्यक्ष जितेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया। जिस गठन में अन्य नाम तहत उपेंद्र तिवारी, लव कुमार, राहुल कुमार, विमलेश सिंह, विजय प्रताप सिंह, किशोरी सोनी, लाला सोनी, कृष्णा पांडे, इनायत खान को जोड़ा गया।

### चैता गायन कार्यक्रम में देर रात तक झूमे श्रोता



कराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के चिकसिल पंचायत अंतर्गत कुरूर ग्राम में चैत का आयोजन किया गया। गायक कलाकारों ने ढोलक, तबला, हरमोनियम झाल पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष सिंह, सुनील सिंह, मुन्ना सिंह, मंजेश सिंह, श्रीकांत सिंह, शिकारी सिंह, रामकुमार सिंह, अभय सिंह, संजय कुमार सिंह, व्यास जयप्रकाश शर्मा, व्यास हरि गोविंद यादव, चर्चित नाल वादक हरेंद्र सिंह ने अपनी कला से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यास ने सुमिरन कंठे सुरवा होख ना सहयिया हो रामा.....से किया। इसके बाद एक से बढ़कर एक चैता गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनयएकादमी के विनय सिंह शिक्षक डॉ के के सिंह, रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया शारदा सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू सिंह, भोजपुरी गायक बाबा मुन्ना पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन पखवाड़े रूप में मनाई गई



कैमूर। रामगढ़ प्रखण्ड में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन बहुजन राजा युग पुरुष मान्यवर कांशी राम का जयंती समारोह मनाई गई। काफी दूर दूर से खिलखिलाती धूप में महिला, पुरुष बच्चे के साथ काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गौतम बुद्ध, संत शिरोमणि रविदास, डा भीम राव अम्बेडकर, सावित्री बाई फुले, मान्यवर कांशीराम साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित करके स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ऊरू कुमार उदय, श्याम नारायण सिंह, सरोज, वकील, रामाधर, सुधीर, भानु, मिशन गायिका प्रमिला बौद्ध और पप्पू लहरी के साथ हजारों श्रद्धालुओं लोग उपस्थित रहे।

# रामनवमी, छठ व ईद को लेकर कोइलवर थाना में बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर थाना में ईद चैती छठ एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी ईद, चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को शांति भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। नवनियुक्त अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 रंजीत कुमार सिंह की अगुवाई में आयोजित इस बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

ईद उल फितर, चैती छठ पर विस्तृत चर्चा के बाद रामनवमी के मौके पर निकलने वाले भव्य शोभायात्रा के संभावित रुट पर चर्चा की गई। कोइलवर व कुल्हड़िया में अयोजित होने वाले शोभायात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था रुटचार्ट, वॉलेंटियर, समिति का निर्माण व उसके नियंत्रण समेत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही छठ को लेकर घाटों का निरीक्षण, ईद की नमाज के लिए मस्जिदों का मुआयना करने की बात कही गयी, साथ ही नियमित गश्ती और मस्जिदों के आसपास पुलिसबल की नियुक्ति की बात कही गयी। चुनाव आचार संहिता के गाइड लाइन को पालन करने के साथ ही लाइसेंस धारी से आग्रह किया की जुलूस में किसी भी प्रकार का पोलटिकल नारा, पोलटिकल झंडा का इस्तेमाल करने पर पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि रामनवमी पर्व को पूरे भव्य और शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।

प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण आयोजन में जहां सहयोग की जरूरत होगी कि जाएगी। वहीं उनहोने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था में बाधा उतपन्न करने वाले अवांछित तत्वो पर सतत निगरानी रखी जायेगी। वैसे असामाजिक तत्वों से प्रशासन पूरी सख्ती से निपटेगी। मौके पर सर्किल पुलिस निरीक्षक संजीव कुमार, अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मिश्र समेत मुखिया धीरेंद्र प्रताप सिंह, शिवशंकर राम, पूर्व मुख्य पार्षद वीरमन्यु, मिथिलेश कुमार, अखिलेश कुमार, बीजेपी नगर अध्यक्ष राकेश शर्मा, सुरेंद्र यादव, हैदर अली खान, अल्ताफ आलम, शिबली समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# गर्मी के दिनों में रखें विशेष ख्याल: डॉ अभिमन्यु पंडित

प्रात: किरण संवाददाता



सासाराम। जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के प्रमुख न्यूरोसर्जन डॉक्टर वीर अभिमन्यु पंडित ने गर्मी के दिनों में आम जनता से विशेष ख्याल रखने की सलाह दी उन्होंने कहा इन दिनों में पर्याप्त मात्रा में पानी पिए और रोज सीजनरी फल और हरी सब्जियां अपने डाइट में शामिल करें गर्मी के दिनों में अक्सर सर दर्द की परेशानी बढ़ती है इसके लिए उन्होंने कहा कि ज्यादातर काला चश्मा प्रयोग करें और बाहर निकलते समय सर पर टोपी या कोई वस्त्र जरूर रखें अपने ब्लड प्रेशर की जांच नियमित रूप से करें तरल पदार्थ का सेवन अत्यधिक मात्रा में करें जिससे आपको डिहाइड्रेशन की परेशानी से छुटकारा मिले बाजार में उपलब्ध खीरा, ककड़ी, मूली, बेल, गन्ने का रस आदि का उपयोग भरपूर मात्रा में लें खुद भी सावधान रहें औरों को भी सलाह दें।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी का आरा में लगा एक दिवसीय अभ्यास वर्ग

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल, मातृ शक्ति, दुगार्वाहिनी की एक दिवसीय अभ्यास वर्ग भोजपुर जिला के आरा नगर दुर्गा उत्सव पैलेस नाला मोड़ पर संपन हुआ।

इस वर्ग में प्रांत से चल के आए प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन जी और प्रांत सह मंत्री संतोष जी जिला सह मंत्री अभिषेक चौरसिया जिला कोषाध्यक्ष विमल किशोर पाठक जिला सह संयोजक अमित पांडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया, कार्यकर्म में आए सैकड़ों के संख्या में उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए प्रांत उपध्यक्षा डॉक्टर शोभा दीदी ने संगठन के नियम और पद्धति समझाया राष्ट्र और धर्म में महिलाओं के योगदान को अनुभव कराया वही प्रांत सह सतसंग प्रमुख रमेश मिश्रा ने बताया कि सतसंग के बिना हम अधूरे हैं सतसंग ही एक अच्छे समाज और इंसान का निर्माण करता हैं !वही जिला सह मंत्री अभिषेक चौरसिया ने बताया कि हम सौभाग्यशाली हैं की इस पुनीत कार्य में हमे सेवा करने का अवसर मिला और वही जिला सह संयोजक अमित पांडे ने बताया अभ्यास वर्ग से हमारे चरित्र और संगठन के पद्धति को समझा और इससे कार्यकतावी का मनोबल बढ़ा वही नगर मंत्री श्याम किशोर पाठक ने बताया ये वर्ग 4 सत्र में संपन्न हुआ उपस्थित जिला सह मंत्री उपेंद्र बजरंगी जिला सेवा प्रमुख रजनीश राजन जी नगर संयोजक जतिन गोस्वामी जी विभा जी, अर्चना जी, गुड़िया, कांति हरिओव तिवारी मनीष बजरंगी उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें सफल कार्यकर्म होने पर जिला कोषाध्यक्ष ने सभी का बधाई और आभार प्रकट किया।

# रामनवमी व ईद पर्व को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) रामनवमी पर्व और ईद पर्व को लेकर क्षेत्रों में विधि व्यवस्था को चुस्त रखने के लिए स्थानीय प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च। साथ ही लोकसभा चुनाव के मदेनजर आदर्श आचार संहिता का पालन को लेकर रविवार को प्रखंड क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान क्षेत्र के अलग-अलग चौक चौराहे पर रुक-रूककर थाना के पुलिस ने मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूक भी किया। साथ ही थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी व विधि व्यवस्था प्रभारी राज कुमार सिंह के नेतृत्व में निकली फ्लैग मार्च क्षेत्र के गोड़ारी बाजार से शुरू होकर जमुआ, करूप, जयश्री, काराकाट बाजार सहित आधा दर्जन गांव में स्थित चौक चौराहे से गुजरी तथा जगह-जगह पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने व निष्पक्ष लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर लोगों से अपील की गयी। आमजनों से मतदान में बढ-चढ़कर हिस्सा लेने व शांतिपूर्वक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय पुलिस ने वैसे तत्वों को सांकेतिक चेतावनी दी। विधि व्यवस्था प्रभारी राजकुमार सिंह ने कहा की जो पर्व त्योहार सहित चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के पालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी की मंशा पाले रखते है ऐसे असमाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू है जिसका सभी को पालन करना होगा। थानाध्यक्ष ने फ्लैग मार्च के दौरान पर्व एवं चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की व उत्पाद मचाने वालों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इस फ्लैग मार्च में थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, विधि व्यवस्था प्रभारी राज कुमार सिंह, पीएसआई रोहित कुमार, 112 टीम के एसआई अनिता कुमारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# प्रसिद्ध गायक उस्ताद मोइनुद्दीन खां साहब की याद में सजी शास्त्रीय सुरों की महफिल

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। घराने के प्रसिद्ध गायक उस्ताद मोइनुद्दीन खां साहब की याद में सजी शास्त्रीय सुरों की महफिल। अवसर था उस्ताद जी के पुण्यतिथि का। नवादा के छोटी मठिया के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन चर्चित चिकित्सक डॉ. मदन मोहन द्विवेदी व महंत छठू दास ने दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि उस्ताद का जीवन शास्त्रीय संगीत के प्रति समर्पित रहा है। शास्त्रीय संगीत को लेकर उनके संघर्ष को हमेशा याद किया जाएगा।

इस अवसर पर जगदीशपुर से पधारें सुविख्यात तबला वादक श्री राणा प्रताप सिन्हा ने स्वतंत्र तबला वादन में बनारस की खास बंदिशों रेलों व बांट को प्रस्तुत दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं युवा गायिका श्रेया पाण्डेय ने राग भीमपलासी में झपताल की बंदिश " नार नवेली चली अकेली पनघटवा" छोटा ख्याल "भरन गई यमुना के तट मैं गगरिया" द्रुत एकताल की बंदिश व खमाज की ठुमरी प्रस्तुत कर समां बांधा।

वहीं चर्चित युवा गायक श्री अजीत पाण्डेय ने राग जोग में विलंबित ख्याल व द्रुत ख्याल "प्रीत की डोर में हम तुम साजन" प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम ककी अंतिम प्रस्तुति में मशहूर कथक नृत्यांगना गुरु आदित्या श्रीवास्तव ने कथक में कृष्ण भजन " अवध बिहारी तोरी गुण गाऊँ" तीन ताल में उपज, ठाट, उठान, आमद, परन व तिहाई के साथ कृष्ण राधा के पावन प्रेम पर आधारित बनारस की ठुमरी "छोड़ो लंगर मोहे बाहिया गहो ना" पर मनोहारी भाव अभिनय किया। तबले पर संगत चर्चित युवा तबला वादक सूरज कान्त पाण्डेय व मशहूर तबला वादक श्री देवेश दुबे ने किया। मंच संचालन खां साहब के समर्पित शिष्य श्री महेश यादव व कलामुद्दीन खां तथा धन्यवाद ज्ञापन उस्ताद निजामुद्दीन खां ने किया। इस अवसर पर संगीत जगत के कई गणमान्य शख्सियत उपस्थित थें।

# पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रक को किया जब्त

प्रात: किरण संवाददाता

कोचस (रोहतास) कोचस पुलिस द्वारा बालू लदे ट्रकों से अवैध वसूली का धंधा परवाना चढ़ रहा है। उक्त मामला तब प्रकाश में आया। जब चौक से शुक्रवार को बगैर चालान के एक बालू लदे ट्रक को पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया। यह मामला न पं क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।जबकि प्रतिदिन सैकड़ो बालू लदे ट्रक उक्त थाना क्षेत्र से होकर प्रतिदिन गुजरते हैं, उस पर पुलिस प्रशासन के द्वारा आखिर कार कब तक करवाई की जाएगी ऐसे लोगों के जहन मे चल रही है। खबर में नाम नहीं छापे जाने के शर्त पर स्थानीय ग्रामीण व्यवसाई तथा सामाजिक कार्यकताओं ने बताया कि थाना क्षेत्र से गुजरने वाली हर अवैध बालू लदे ट्रकों से पुलिस प्रत्येक माह के एंट्री फीस छः हजार रुपए बंधी है, जिसमें वाहन मालिकों को प्रत्येक महीने के एक तारीख से दस तारीख तक जमा करना होता है। जबकि निर्धारित समय से थाने में पैसे नहीं जमा होने पर पुलिस की बक्र निगाहें उस ट्रक पर होती है और उस ट्रक को जप्त कर लिया जाता है। यहां तक की थाने पर पैसा जमा करने के लिए निर्धारित समय पर वाहन मालिकों की लाइन लग जाती है जिसमें पुलिस को ना फोन घूमने की जरूरत होती है ना ही रिस्क लेने की होती है। हालांकि ट्रक मालिक एक थाना क्षेत्र से दूसरे थाना क्षेत्र को ट्रक भेजने में एंट्री फीस दे अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। जिसमें करोड़ो रुपए सरकार का नुकसान होता है। इस संदर्भ में जब कोचस थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा से टेलीफोन के माध्यम से बात करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन रिसीव कर खबर की पुष्टि करने से इनकार कर फोन काट दिया गया हालांकि दोबारा भी उनसे संपर्क किया गया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर सीआरपीएफ ने निकाला फ्लैग मार्च

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा का संदेश दिया। फ्लैग मार्च तहसील से चलकर कस्बा का भ्रमण किया। व्यापारियों और आम जनता को सुरक्षा व शांति का भरोसा दिया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने कहा कि भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस बल तत्पर है। श्री कुमार ने कहा कि स्थानीय थाना के एसआई अविनाश कुमार, एएसआई बिपिन कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ के जवान थाना क्षेत्र के शिवपुर, बरुना व तुरती सहित अन्य गांवों में फ्लैग मार्च किया। बताया कि पुलिस और सीआरपीएफ के जवान रूट मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा शांति व दायित्व का भरोसा दिला रहे हैं। चुनाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों की निगरानी की जा रही है। ऐसे लोगों को प्रतिबंधित कर के भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि कोई मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी हो तो इसकी सूचना तत्काल निर्धारित सरकारी संपर्क नंबरों पर या पुलिस को दें। मौके पर एसआई अविनाश कुमार, एएसआई बिपिन कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# भभुआ के भोखरी में मृतक पिंटू राय के परिजनों को आर्थिक सहायता जिला पार्षद विकास सिंह ने किया

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर सड़क दुर्घटना में युवक के मौत के बाद पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहयता व सांत्वना देने पहुंचे जिला परिषद सदस्य विकास सिंह।जिला परिषद सदस्य ने बताया कि भभुआ प्रखंड के भोखरी गांव निवासी 30 वर्षीय पिंटू राय अपनी माँ के साथ उत्तर प्रदेश से लौट रहे थे तभी चैनपुर भुवालपुर के पास ऑटो बाइक टक्कर में ऑटो पलट जाने से उनकी मौत हो गई और उनकी मां घायल हो गई शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया गया माँ के पैर में काफी चोट है इसके इलाज की जानकारी लिया उनके पैर का बेहतर इलाज कराया जाएगा। पिंटू राय बहुत गरीब आदमी थे पिताजी व बड़े भाई भाभी के मरने के बाद परिवार के एक मात्र सहारा थे।विकलांग रहने के चलते पिंटू राय अविवाहित थे पिता का सया बचपन से ही सर से उठ गया था बड़े भाई व भाभी के गुजर जाने से उनकी 5 बेटी व बूढी माँ के वही सहारा थे जो किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते थे उनके मृत्यु हो जाने के बाद गांव में चीख पुतकार से माहौल गमगीन हो गया है छोटी बच्चियों के मां-बाप का सहारा बचपन में छिन गया था मात्र एक विकलांग चाचा ही सहारा थे अब उनके गुजर जाने के बाद उनकी आंखों तले अंधेरा छाया हुआ है सभी बच्चियों एक स्वर में कह रही थी कि अब हम लोग का क्या होगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य के द्वारा परिवार को आर्थिक सहयोग देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया हिम्मत और साहस देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया मौके पर जिला परिषद सदस्य ने कहा कि मैं सरकार से तत्काल मुआवजा का मांग करता हूं इस परिवार का भरण पोषण हो रोज कमाने और खाने वाला परिवार अब किसके सहारे जिएगा चिंता का विषय है परिवार को जिला परिषद सदस्य के द्वारा गेहूं और चावल भी तत्काल मुहैया कराया जाएगा।वही मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मंटू सिंह, सागर बिंद, रामजी मुसहर, ब्रजेश कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बेटी महोत्सव में 9 अप्रैल को भोजपुरी कलाकर बिखेरेंगे जलवा

बिक्रमगंज (रोहतास) हर साल की भांति इस वर्ष भी प्रखंड क्षेत्र के धावा में बेटी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है।इस वर्ष यह कार्यक्रम 9 अप्रैल को आयोजित होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें भोजपुरी के कई मशहूर कलाकार भाग लेंगे। कार्यक्रम के आयोजक बंधु पिंटू सिंह ने बताया कि दिन में संगर्कितन, संध्या में प्रभु श्रीरामचन्द्र जी का भव्य आरती और जागरण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन अर्थात शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाली बेटीयों को सम्मानित किया जाएगा।इन कार्यक्रमो के बाद रात्रि में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।बिक्रमगंज उत्तरी के जिला पार्षद सदस्य सह आयोजक बंधु प्रभाषचंद्र उर्फ मन्टु सिंह ने बताया कि आयोजन स्थल ग्रिन पार्क स्टेडियम धावां में आयोजित महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# रसोईया क्षमता संवर्धन का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

काराकाट (रोहतास) प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, पीएम पोषण योजना रसोइया सह सहायक के क्षमता संवर्द्धन हेतु एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रखंड काराकाट मुख्यालय गोड़ारी लर्निंग सेंटर में चल रहा प्रशिक्षण रविवार को सम्पन्न हो गया। जिस दौरान प्रशिक्षण में काराकाट प्रखंड के कुल प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के रसोईया का एक दिवसीय प्रशिक्षण का समापन प्रोजेक्टर द्वारा मध्याह्न भोजन से संबंधित गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने का वीडियो दिखाकर प्रशिक्षित किया गया। साथ ही सभी रसोईया को अल्पाहार के लिए सौ-सौ रूपया दिया गया। मौके पर जाखिर खान मध्याह्न भोजन पदाधिकारी, मजहर हूसैन, सिंटू कुमार सहित अन्य विद्यालयों की रसोईया उपस्थित थी।

# 7 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर विचार गोष्ठी किया गया



आरा। अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर" मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार" विषय पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी में अध्यक्ष डॉक्टर बी एन यादव की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। आज का यह आयोजन लोगों के बीच स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता को बढ़ाना था। इस अवसर पर डॉक्टर बी एन यादव ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्धके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के बाद छोटी-छोटी समितियां बनाई गई, विश्व स्वास्थ्य संगठन भी उसमें एक महत्वपूर्ण संगठन बनाया गया। इसका उद्देश्य यह था कि विश्व के सभी मित्र देशों में जितनी भी बीमारियां हैं उनसे संबंधित जागरूकता को बढ़ाया जाए तथा विश्व स्तर के प्रत्येक देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य का लाभ मिले। 7 अप्रैल 1947 को हो इसका स्वरूप बना और गठन हुआ इसलिए 7 अप्रैल को ही विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। डब्ल्यू एच ओ पूरे विश्व में ग्लोबल स्तर पर स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता को बढ़ाने और सुविधाएं प्रदान करने का कार्य करता है ताकि प्रत्येक देश अपने देश के नागरिकों को उसका लाभ दे सके।डा विजय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान वर्ष में पूरे विश्व में डब्लु एच ओ की तरफ से जो थीम दी गई है वह है मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार। प्रत्येक इंसान का मूलभूत अधिकार स्वस्थ रहना है। मुख्य रूप से आज हमें इस बात पर विशेष ध्यान देना है कि क्लाइमेट को ग्लोबल वार्मिंग से कैसे बचाया जाए।यदि सभी को स्वस्थ रहना है तो अपने आसपास के वातावरण को स्वस्थ रखना ही पड़ेगा जिससे कि स्वयं एवं समाज तथा देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रखने में कामयाब बनाया जा सके। उपसंरक्षक श्री लाल दास राय ने कहा की यद्यपि स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जानकारी और जागरूकता बढ़ाई जाती रही है पर फिर भी संसाधन की कमी, आर्थिक विपन्नता, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास आदि के कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाता। बहुत सारे व्यक्ति ज्ञान के अभाव में भी ना तो स्वयं लाभान्वित होते हैं ना ही अपने समुदाय को लाभान्वित कर पाते हैं,इसलिए एक ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी पूर्ण रूपेण स्वास्थ्य संबंधी अपने अधिकारों को जाने और प्राप्त करके लाभ ले सके। कार्यकारिणी सदस्य श्री अशोक शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के कार्यक्रम में को स्वास्थ्य दिवस के रूप में आयोजित करना बहुत ही महत्वपूर्ण परिचर्चा है और अधिक से अधिक लोगों तक हमें यह मैसेज पहुंचाना है कि पर्यावरण की सुरक्षा तथा रासायनिक खाद्य पदार्थों से हम अपने आप को बचा के रखें जैविक खाद का प्रयोग ज्यादा करें और उसे उत्पादन से जो भी अनाज उपजेगा वह हमें निश्चित रूप से स्वस्थ रखेगा। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन रेड क्रॉस सोसाइटी सह आई एम ए के अध्यक्ष डॉ राजेश सिंह ने कहा कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना जरूरी है। रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग की जगह जैविक खाद का प्रयोग, जल के स्रोत की कमी पर ध्यान देना और जल के स्रोत का उचित प्रबंधन भी स्वस्थ रहने में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है। संरक्षक डॉक्टर एस के रुंगटा द्वारा बताया गया की हम सबको यह कोशिश करनी चाहिए कि हम स्वयं तो स्वस्थ रहे ही अपने आसपास के वातावरण और व्यक्तियों को भी स्वस्थ रखें ।वर्तमान परिपेक्ष में रासायनिक खाद का प्रयोग रिफाइंड तेल और कोल्ड ड्रिंक सबसे ज्यादा हानिकारक है ।इसके प्रति परिवार में और समाज में जागरूकता और सावधानी के साथ-साथ अपने वजन को संतुलित रखना और नियमित व्यायाम करना जिससे कि मानसिक और शारीरिक दोनों ही स्वास्थ्य में संतुलन बना रहे यह बहुत ही जरूरी है ।आंखों पर विशेष ध्यान देने के लिए उन्होंने सुझाव दिया कि दिनभर गंदे हाथों से या गंदे कपड़े से आंखों को छुना या रगड़ना आंखों के लिए काफी हानिकारक होता है साथ ही साथ बहुत ज्यादा पानी के छीटे ते मारना भी आंखों को नुकसान पहुंचता है। आज की गोष्ठी में उपस्थित संरक्षक श्री हरेंद्र प्रसाद सिंह कार्यकारिणी सदस्य श्री अजीत प्रसाद मेहता, सिद्धार्थ सिंह बंटी श्री अशोक शर्मा डॉक्टर बीपी सिंह गुंजन कुमार प्रमुख रहे।सभी सदस्यों द्वारा यह संकल्प भी लिया गया कि वंचित वर्ग तथा सामान्य वर्ग तक हम में से प्रत्येक व्यक्ति जागरूकता फैलाकर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों को प्राप्त करवाने में मदद करेगा और स्वयं भी अपने को जागरूक तथा पूर्ण रूपेण स्वस्थ रखने का प्रयास करेगा। विशेष रूप से टीकाकरण विभिन्न प्रकार के कैंसर एचआईवी तथा हेपेटाइटिस आदि पर जागरूक होना बहुत ही जरूरी महसूस की गई।

# पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रक को किया जब्त

प्रात: किरण संवाददाता



कोचस (रोहतास) कोचस पुलिस द्वारा बालू लदे ट्रकों से अवैध वसूली का धंधा परवाना चढ़ रहा है। उक्त मामला तब प्रकाश में आया। जब चौक से शुक्रवार को बगैर चालान के एक बालू लदे ट्रक को पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया। यह मामला न पं क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।जबकि प्रतिदिन सैकड़ो बालू लदे ट्रक उक्त थाना क्षेत्र से होकर प्रतिदिन गुजरते हैं, उस पर पुलिस प्रशासन के द्वारा आखिर कार कब तक करवाई की जाएगी ऐसे लोगों के जहन मे चल रही है। खबर में नाम नहीं छापे जाने के शर्त पर स्थानीय ग्रामीण व्यवसाई तथा सामाजिक कार्यकताओं ने बताया कि थाना क्षेत्र से गुजरने वाली हर अवैध बालू लदे ट्रकों से पुलिस प्रत्येक माह के एंट्री फीस छः हजार रुपए बंधी है, जिसमें वाहन मालिकों को प्रत्येक महीने के एक तारीख से दस तारीख तक जमा करना होता है। जबकि निर्धारित समय से थाने में पैसे नहीं जमा होने पर पुलिस की बक्र निगाहें उस ट्रक पर होती है और उस ट्रक को जप्त कर लिया जाता है। यहां तक की थाने पर पैसा जमा करने के लिए निर्धारित समय पर वाहन मालिकों की लाइन लग जाती है जिसमें पुलिस को ना फोन घूमने की जरूरत होती है ना ही रिस्क लेने की होती है। हालांकि ट्रक मालिक एक थाना क्षेत्र से दूसरे थाना क्षेत्र को ट्रक भेजने में एंट्री फीस दे अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। जिसमें करोड़ो रुपए सरकार का नुकसान होता है। इस संदर्भ में जब कोचस थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा से टेलीफोन के माध्यम से बात करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन रिसीव कर खबर की पुष्टि करने से इनकार कर फोन काट दिया गया हालांकि दोबारा भी उनसे संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठा पाया। जिसमें कि कहीं ना कही थाना क्षेत्र से हो रही अवैध रुपए की उगाही की बात स्पष्ट हो रही है।

# सीमावर्ती क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम ने की बैठक

बिक्रमगंज (रोहतास) चुनाव आचार संहिता के आलोक में बिहार सरकार के सीमावर्ती जिले के अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी की बैठक हुई संपन्न। रविवार को अनुमंडल क्षेत्र के दावथ प्रखंड मुख्यालय के समीप प्रखंड संसाधन केंद्र के सभागार में रोहतास जिले से सटे दो अन्य जिले भोजपुर के पीरो और बक्सर के डुमरांव अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों की एक अहम बैठक हुई ।इस बैठक में शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। बैठक में यह तय किया गया,कि तीनों जिले के बीच पड़ने वाले सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित कर आवागमन की सतर्कता एवं अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा इस पर आपसी सामंजस्य को स्थापित करना पुलिस एवं प्रशासन का प्रमुख कार्य होगा। इसके साथ ही वंचितों की धर- पकड़ तथा इससे संबंधित विभिन्न सूचनाओं का आपस में आदान-प्रदान करना भी एक मुख्य कार्य बतलाया गया। बैठक की जो सबसे मुख्य बातें रही वह यही दिखाई दी, कि किस प्रकार चुनाव में शांति का माहौल कायम रहे? इसके लिए सुरक्षा बलों एवं पुलिस बल के जवानों की गस्ती बढ़ाने एवं रूटीन पेट्रोलिंग को तत्पर रखने की भी बात कही गई।



# मैं और सलमान दुलकर नेपो किड्स हैं



साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन ने एक इंटरव्यू में नेपोटिज्म पर खुलकर बात की है। पृथ्वीराज ने दुलकर सलमान के साथ अपनी दोस्ती को लेकर भी बात की। पृथ्वीराज साउथ के सुपरस्टार सुकुमारन के बेटे हैं, वहीं दुलकर सलमान साउथ स्टार ममूटी के बेटे हैं। पृथ्वी और सलमान कई सालों से अच्छे दोस्त हैं। पृथ्वीराज ने कहा- मेरा और सलमान का घर केरल में कुछ ही दूर पर है। हम दोनों ही 'नेपो किड्स' हैं। इसके बाद नेपोटिज्म पर बात करते हुए उन्होंने कहा- मेरा फिल्म इंडस्ट्री में आना काफी आसान रहा। मेरी पहली फिल्म मेरे सरनेम की वजह से मुझे मिली। किसी ने नहीं सोचा था कि मैं एक अच्छा एक्टर बनूंगा क्योंकि मैं एक बड़े एक्टर का बेटा हूं।

आपकी सफलता जनता के हाथ में होती है

पृथ्वीराज ने मैशबल इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि फिल्म के पहले उनका स्क्रीन टेस्ट भी नहीं किया गया था। वो अपनी पहली फिल्म का क्रेडिट अपने सरनेम को देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भले ही उन्हें फिल्म उनके सरनेम की वजह से मिली। लेकिन आखिरी फैसला जनता के हाथ में ही होता है, कि वो आपको एक्सेप्ट करती है या नहीं। शुक्रवार को जब फिल्म रिलीज होती है, तो जनता ये तय करती है कि आप बतौर एक्टर कितने सफल होंगे। अगर जनता को आप पसंद नहीं आए तो आप किसी के भी बेटे या बेटी हों इसमें कोई भी कुछ नहीं कर सकता है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स भी इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं। जनता ही आपको चुनती है, और आप इससे बच नहीं सकते हैं। आपको उन्हें फेस करना ही पड़ता है। पृथ्वी ने कहा- हां, मैं फिर भी यही कहूंगा कि फिल्म इंडस्ट्री में आना मेरे लिए आसान था। बता दें, पृथ्वीराज जल्द ही अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ-स्टारर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में दिखाई देंगे।



# अब निर्माता बनना चाहती हैं नोरा फतेही

फतेही आज बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। बतौर डांसर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचना बना चुकीं नोरा आज सबकी पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। नोरा हाल ही में फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में नजर आईं। नोरा ने एक इंटरव्यू में अपने काम को लेकर खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वह किस तरह से अपने काम में तालमेल रखती हैं। अभिनय और डांस के बीच किस तरह चीजों को संभालती हैं।

## किस तरह करती हैं काम?

एक मीडिया बातचीत के दौरान नोरा ने अपने काम के बारे में दिल खोलकर बातचीत की। जब नोरा से पूछा गया कि किस तरह से वह अपने सभी कामों को संभालती हैं, तो नोरा ने कहा, मैं सिर्फ काम करती हूं। मैं काम के लिए जिंदा हूं। मैं सुबह काम करती हूं। मैं रात को काम करती हूं। नोरा ने यह भी कहा कि किस तरह से उन्होंने अपने सपनों को पाने के लिए संघर्ष किया है। इसी मेहनत का नतीजा है कि वह आज एक बहु प्रतिभावान कलाकार बन पाई हैं। फिल्म निर्माण में दिखाई दिलचस्पी अभिनेत्री ने कहा, यह मेरा सपना है, मेरी महत्वाकांक्षा है कि मैं हमेशा डांस, एक्टिंग के अलावा बतौर निर्माता-निर्देशक काम कर सकूं। मैं उन सभी लोगों से ज्यादा भाग्यशाली हूं, जिनके पास यह सपने तो होते हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने का मौका नहीं मिल पाता, लेकिन मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ। मेरी खुशनसीबी है कि मुझे यह काम करने का मौका मिल रहा है। नोरा फतेही ने बॉलीवुड में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2014 फिल्म रोरः द टाइगर ऑफ साइबेरियन से की थी। अभिनेत्री को उनकी एक्टिंग से ज्यादा डांसिंग स्टाइल के लिए जाना जाता है। नोरा ने फिल्म सत्यमेव जयते के दिलबर दिलबर गाने से सभी का दिल जीत लिया था। इसके अलावा भी अभिनेत्री ने कई फिल्मों में अपना डांसिंग हुनर दिखाया है। जिनमें से उनका साकी साकी गाना लोगों को आज भी देखना बेहद पसंद है।

## फिल्म के लिए मिला फिल्मफेयर

अभिनेत्री के फिल्मी करियर की बात करे तो उन्होंने वरुण धवन की फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी में भी काम बेहतरीन काम किया है। नोरा के शानदार कामों में फिल्म बटला हाउस का नाम भी शुमार है। इस फिल्म के लिए अभिनेत्री को उनके बेहतरीन काम के लिए सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेत्री का 66वां फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। इसके अलावा नोरा डांस शो झलक दिखला जा और इंडिया बेस्ट डांसर शोज की जज भी रह चुकी हैं।

# सुशांत सिंह राजपूत के फ्लैट खरीदने पर बोलीं अदा शर्मा



अदा शर्मा अक्सर दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के मुंबई वाले फ्लैट के खरीदने को लेकर चर्चा में रहती हैं। बीते साल ऐसी अफवाहें थी कि अदा शर्मा ने सुशांत सिंह राजपूत का फ्लैट खरीदा है जिसमें वे रहते थे। हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में अदा शर्मा ने कहा कि प्रॉपर्टी वाले विषय पर सही समय आने पर ही बात करेंगी। अपार्टमेंट के बाहर देखे जाने के बाद बार-बार अदा शर्मा से पूछा जाता है कि क्या उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत का फ्लैट खरीदा है? अदा शर्मा कहती हैं, अभी मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगी कि मैं सभी के दिलों में रहती हूं। बोलने का एक सही समय होता है। जब मैं वह अपार्टमेंट देखने लगी थी तो मीडिया का ध्यान देखकर थोड़ा अभिभूत हो गई थी। अदा शर्मा ने कहा – मैं एक प्राइवेट पर्सन हूं। मुझे अपनी फिल्मों के लिए लोगों की नजरों में रहना पसंद है। लेकिन मैं हमेशा प्राइवेट ही रहना पसंद करती हूं। मैं अपनी प्राइवेसी को प्रोटेक्ट करती हूं। बात करने का सही वक्त होता है। जब मैं वो जगह देखने गई थी तो मीडिया के अटेंशन से परेशान हो गई थी। सुशांत सिंह राजपूत के अपार्टमेंट के ऑनलाइन बेचे जाने की खबर आने पर अदा शर्मा उनके बारे में की गईं कुछ टिप्पणियों से दुखी हो गई थीं। वह कहती हैं, किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बुरा बोलना गलत है जो अब इस दुनिया में नहीं, खासकर सुशांत सिंह राजपूत जैसे व्यक्ति के बारे में, जिन्होंने कई खूबसूरत फिल्में दी हैं। फिल्मों में उनका अमूल्य योगदान रहा है। वह एक ऐसे अभिनेता थे, जिनके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है।

# परिणीति के गायन को लेकर आश्वस्त नहीं थे दिलजीत दोसांझ

हाल ही में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन के साथ फिल्म क्रू में नजर आए दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपनी अगली फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया है। इस फिल्म में दिलजीत के साथ परिणीति चोपड़ा लीड रोल में हैं। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले ही रिलीज हुआ जिसे दर्शकों ने काफी सराहा है। इन दिनों परिणीति चोपड़ा चड्?ढा दिलजीत के साथ फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। इस दौरान दिलजीत ने परिणीति को लेकर कुछ ऐसा कहा जिसे सुनकर एक्ट्रेस भी हैरान हो जाएंगी। फिल्म कम्पैनियन से बात करते हुए दिलजीत ने अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए दिलजीत ने कहा, काफी मुश्किल था। बहुत ही ज्यादा मुश्किल क्योंकि लोगों ने चमकीला के गानों को राइम्स की तरह सुना है। तो अगर कोई और गा रहा है तो वो 101 प्रतिशत अजीब लगता है। लेकिन हमने कोशिश की और ए आर रहमान सर की टीम ने हमारी बहुत मदद की। दिलजीत ने बताया कि कैसे वह और इम्तियाज, परिणीति के साथ प्रैंक करते थे। उन्होंने कहा, यहां तक की परिणीति, मुझे उनसे कम उम्मीद थी क्योंकि अमरजोत का पार्ट काफी मुश्किल था। अमरजोत काफी हाई पिच पर गाती थीं। तो हमने कोशिश की। मैं चमकीला जैसा नहीं गा सकता और परिणीति, अमरजोत की तरह। हमने बस कोशिश की। अब क्योंकि फिल्म स्टोरी से कनेक्टेड है, लोगों को पसंद आएगा। इससे पहले इम्तियाज ने दिलजीत और परिणीति के काम की तारीफ करते हुए कहा था, दोनों के बहुत प्रैक्टिस सेशन थे शूट से पहले। मुझे पता है दिलजीत और परिणीति अच्छे सिंगर्स हैं। हर शॉट से पहले जब उन्हें गाना होता था दोनों घंटों तक प्रैक्टिस करते थे। उनके और रहमान सर के बीच बहुत सेशन होते थे। परिणीति और दिलजीत स्टूडियो पर जाते और उनके साथ गाना गाते।






# ट्रोल्स से ऐसे निपटती हैं रवीना टंडन की लाडली राशा थडानी

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी जल्द ही बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली हैं। राशा जल्द ही अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ अभिनय करती दिखेंगी। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर नकारात्मकता से निपटने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मुझे भी लोग ट्रोल करते हैं, लेकिन मैं सब कुछ भूलकर आगे बढ़ने की कोशिश करते हूं। राशा ने कहा कि मैं इस कहावत का पालन करती हूं कि यदि आपके पास 100 प्रतिशत कुछ है और तीन प्रतिशत प्रभावित हो रहा है ऐसे में आप 97 प्रतिशत चीजों को प्रभावित न होने दें, अगर ट्रोलिंग होती है तो मुझे थोड़ा बुरा लगता है। मैं उसके बारे में सोचती हूं, फिर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में विश्वास रखती हूं।

# 17 साल बाद फिर साथ आए सिद्धार्थ आनंद और सैफ अली खान





डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद हालही में कई सालों बाद एक्टर सैफ अली खान के साथ फिर से मिले और उन्हें मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बाहर पैपराज़ी ने स्पॉट किया। डायरेक्टर-एक्टर की जोड़ी ने सलाम नमस्ते (2005) और ता रा रम पम (2007) में एक साथ काम किया था। अपने आखिरी प्रोजेक्ट के 17 साल बाद फिर से साथ आने के बाद, उनके एक प्रोजेक्ट पर साथ काम करने की अटकलें लगाई जा रही हैं, हालांकि इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिद्धार्थ आनंद सैफ अली खान, जयदीप अहलावत, कुणाल कपूर और निकिता दत्ता अभिनीत ज्वेल थीफ का निर्माण कर रहे हैं। इन खबरों के बीच, फिल्ममेकर को प्रड्यूसर ममता आनंद के साथ मार्फ्लिक्स पिक्चर्स ऑफिस में एक्टर कुणाल कपूर के साथ सैफ अली खान से मिलते देखा गया। रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित यह फिल्म फिलहाल प्रोडक्शन स्टेज पर है और मई में इसकी शूटिंग इंटरनेशनल लोकेशन्स में होनी है। सिद्धार्थ आनंद और ममता आनंद द्वारा अपने बैनर मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के तहत निर्मित यह प्रोजेक्ट एक लीडिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने वाला है।



# विक्की कौशल ने फिल्म छावा को लेकर दिया बड़ा अपडेट

विक्की कौशल अपनी आने वाली फिल्म छावा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। विक्की आए दिन अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर इस फिल्म से जुड़ी कोई ना कोई जानकारी साझा करते रहते हैं। अभिनेता ने अपनी फिल्म से जुड़ा एक और अपडेट दिया है, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता इस फिल्म को लेकर और भी अधिक बढ़ गई है। मेघना गुलजार की फिल्म सैम बहादुर में विक्की कौशल की अदाकारी देखने के बाद फैंस उन्हें अब छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में देखने के लिए बेताब हैं। विक्की कौशल ने फिल्म छावा को लेकर एक पोस्ट अपने सोशल मीडिया साइट पर साझा किया है, जिसे देखने के बाद फैंस बेहद खुश हैं। वह इसलिए क्योंकि वई शहर में हो रही फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस बात की जानकारी खुद विक्की कौशल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खास तस्वीर के साथ शेयर की। विक्की कौशल ने साझा करते हुए लिखा की उनकी वाई की शूटिंग खत्म हो गई है और अब वह आगे की शूटिंग के लिए बिल्कुल तैयार हैं। अभिनेता ने इस जानकारी को एक फोटो के साथ शेयर किया है। एक इंटरव्यू के दौरान विक्की ने बताया कि उनके लिए फिल्म छावा में छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाना बेहद जिम्मेदारी भरा रहा। विक्की ने यह भी बताया कि उन्हें इस फिल्म में कड़ी मेहनत करते वक्त बड़ा मजा आया। विक्की ने कहा,  यह पहली बार है, जब मैं किसी पीरियड ड्रामा फिल्म में काम कर रहा हूं। इस फिल्म में ढ़ेर सारे एक्शन सीन के साथ काफी ड्रामा मौजूद है। यह एक शानदार कहानी है। विक्की के इस पोस्ट से पहले फिल्म अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म को लेकर जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा, 2 दिन पहले छावा के लिए मेरा रैप था। मुझे इसे स्वीकार करने में दो दिन लग गए। यह फिल्म सभी को पसंद है। क्रू, कलाकार, कहानी, कपड़े, माहौल, सेट , सीन, डायलॉग, सब कुछ। यह सब प्यार है। इसके साथ ही अपनी अगली स्टोरी में अभिनेत्री ने फिल्म में उनके को-स्टार विक्की कौशल की तारीफ की और लिखा, आपके साथ काम करना बहुत खुशी की बात है। आप बहुत अच्छे और दयालु हैं। मैं मजाक कर रही हूं। आप एक स्टार हो। मैं हमेशा आपके लिए प्रे करूंगी यार। बहुत खुशी हुई। मां ने मुझे आपको शुभकामनाएं देने के लिए कहा है।

# दृष्टिहीन संगीतकार की भूमिका निभाएंगे विक्रांत मैसी

विक्रांत मैसी ने हाल ही में विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल में अपनी भूमिका के लिए व्यापक प्रशंसा हासिल की। अब अभिनेता एक फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। बताया गया है कि मैसी अपनी आने वाली फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में एक दृष्टिहीन संगीतकार का किरदार निभाएंगे। इस परियोजना का नेतृत्व लेखक निरंजन अयंगर कर रहे हैं, जो अपने लेखन के तहत कई हिंदी फिल्मों की पटकथा लिखने के दो दशक बाद निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। मिनी फिल्म्स बैनर की मानसी बागला और वरुण बागला फिल्म के निर्माण के लिए भूषण कुमार की टी-सीरीज के साथ हाथ मिला रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आंखों की गुस्ताखियां शीर्षक की जड़ें प्रशंसित लेखक रस्किन बॉन्ड की लघु कहानी द आइज हैव इट से मिलती हैं। अयंगर ने स्वयं इस मनोरंजक कहानी का स्क्रीन रूपांतरण लिखा है, जो एक दृष्टिहीन संगीतकार और एक थिएटर अभिनेत्री द्वारा की गई प्रेम और आत्म-खोज की यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है।



व्यापार

## बंपर रिटर्न : 5 बैंक 1 साल की एफडी पर दे रहे 7.75 प्रतिशत तक ब्याज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप निकट भविष्य में फिक्स्ड डिपॉजिट में इन्वेस्ट करने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। फिक्स्ड डिपॉजिट करने पर ग्राहकों को एक निश्चित अवधि के बाद बंपर रिटर्न के साथ गारंटीड इनकम मिलता है। बीते कुछ सालों से बैंक एफडी करने वाले ग्राहकों को ताबड़तोड़ ब्याज ऑफर कर रहे हैं।

## विप्रो के मैनेजमेंट में बड़ा बदलाव, कंपनी के सीईओ ने दिया इस्तीफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज आईटी कंपनी-विप्रो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थिएरी डेलापोर्ट ने इस्तीफा दे दिया है। यह जानकारी कंपनी ने शेयर बाजार को दी है। इसके साथ ही कंपनी ने श्रीनिवास पल्लिया को नया सीईओ और प्रबंध निदेशक घोषित किया है।

# अब निकलेगी चीन की हेकड़ी... ड्रैगन को पटखनी देने के लिए भारत ने बनाया प्लान

### अगले पांच साल तक सालाना 100 अरब डॉलर एफडीआई टारगेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करीब दो दशक तक चीन ग्लोबल इकॉनमी का इंजन बना रहा। विदेशी कंपनियों ने वहां खूब निवेश किया। लेकिन आज स्थितियां बदल गई हैं। कोरोना काल में चीन में लगी सख्त पाबंदियों के कारण ग्लोबल सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई। साथ ही अमेरिका के साथ चल रहे ट्रेड वॉर के कारण चीन ने विदेशी कंपनियों पर कई तरह की सख्ती करना शुरू कर दिया है। इन कारणों से अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अब चीन पर अपनी निर्भरता कम कर रही हैं। इन कंपनियों के लिए भारत पसंदीदा ठिकाना बनता जा रहा है। इस बीच भारत ने भी इस मौके का फायदा उठाने के लिए एक सॉलिड प्लान बनाया है। भारत का लक्ष्य सालाना कम से कम 100 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करना है

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक डीपीआईआईटी में सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले पांच साल में औसतन कम से कम 100 अरब डॉलर का निवेश हासिल करना है। देश में एफडीआई का ट्रेंड पॉजिटिव है और इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मार्च 2023 तक पांच वर्षों में देश में सालाना औसतन 70 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। सिंह ने कहा कि चालू वित्त वर्ष का आंकड़ा .100 बिलियन के लक्ष्य के करीब होगा। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही बड़ी इकॉनमी है। उसका टारगेट उन कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित करना है जो चाइना प्लस वन की नीति के तहत चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती हैं।





### कौन उठा रहा इन्सेंटिव का फायदा

मोदी सरकार भारत में मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को इन्सेंटिव दे रही है। आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल इंक और दक्षिण कोरिया की सैमसंग जैसी कंपनियां इसका फायदा उठाते हुए भारत में विनिर्माण को बढ़ावा रही हैं। इसके बावजूद मैन्यूफैक्चरिंग में एफडीआई में कोई खास इजाफा नहीं हुआ है। सिंह ने कहा कि विकसित देशों में ज्यादा महंगाई और ब्याज के साथ-साथ भू-राजनीतिक संघर्षों और उभरते बाजारों के बारे में जोखिम की धारणा इसकी मुख्य वजह है। उन्होंने कहा कि भारत के पास इलेक्ट्रिक वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक सामानों या सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ग्रोथ की अपार संभावना है। उन्होंने वादा किया कि सरकार एफडीआई नियमों को आसान बनाने के लिए और कदम उठाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की इकॉनमी में विनिर्माण की हिस्सेदारी को बढ़ाने का वादा किया है। सिंह ने कहा कि सरकार के उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन कार्यक्रम से विनिर्माण को बढ़ावा देने और दूरसंचार तथा ऑटो कंपोनेंट्स जैसे उत्पादों के आयात में भारत की निर्भरता को कम करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा, हमारे पास कम से कम 39 नए चिकित्सा उपकरण भारत में बनाए जा रहे हैं जो पहले कभी नहीं बनाए गए थे। सिंह ने कहा कि सरकार के पास कई नए औद्योगिक गलियारों की योजना है जिन्हें नई सरकार के पहले 100 दिनों के भीतर मंजूरी मिलने की संभावना है। उन्होंने स्वीकार किया कि प्रोत्साहन योजना ने इस्पात और कपड़ा उद्योगों में धीमी प्रगति की है, और इसके तहत शामिल वस्तुओं की सूची का विस्तार करने की योजना का हवाला दिया।

### चीनी लोगों को वीजा

सिंह ने कहा कि सरकार चीन के विक्रेताओं और पेशेवरों को वीजा देने में देरी की समस्या को दूर करने के लिए भी काम कर रही है। देश में मशीनरी स्थापित करने के लिए इन लोगों की जरूरत है। कंपनियों ने सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा, चीनी तकनीशियनों को अल्पकालिक वीजा प्रदान किया जाना चाहिए, क्योंकि हम अपने स्वयं के विनिर्माण को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### होलानी ग्रुप ने 400 करोड का एसएमई फोकस्ड फंड लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** होलानी ग्रुप गर्व के साथ घोषणा करता है कि उसे सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ़ इंडिया (सेबी) द्वारा प्रतिष्ठित कैटेगरी 1 अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) लाइसेंस प्राप्त हुआ है जिससे वित्तीय सेवा क्षेत्र में उसकी स्थिति और मजबूत हो रही है. एआईएफ लाइसेंस के अतिरिक्त होलानी ग्रुप की अग्रणी कंपनी, होलानी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (एचसीपीएल) के पास इन्वेस्टमेंट बैंकिंग और स्टॉक ब्रोकिंग का भी लाइसेंस है. जिससे विस्तृत वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में उसकी स्थिति और मजबूत हो रही है. ये लाइसेंस वित्तीय सेवा क्षेत्र के अंदर होलानी ग्रुप के विस्तृत एक्सपर्टीज और नियामक स्थिति को रेखांकित करते हैं. होलानी कंसलटेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर, श्री अशोक होलानी ने 'होलानी वेंचर्स कैपिटल फंड' लॉन्च किया है, जो ग्रोथ और इनोवेशन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. 300 करोड़ के फंड आकार और 100 करोड़ के ग्रीन शू ऑप्शन के साथ होलानी ग्रुप एसएमई क्षेत्र के अंदर निवेश सुअवसरों का दोहन करने के लिए बेहतर स्थिति में है. कंपनी के पास एसएमई क्षेत्र का फोकस्ड अप्रोच और गहरी समझ होने से उसे एसएमई इकोसिस्टम में योगदान देते हुए भारी ग्रोथ की संभावना के साथ आशाजनक कारोबार की पहचान करने में समर्थ बनता है. होलानी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, श्री अशोक होलानी ने कहा, मैं होलानी वेंचर्स कैपिटल फंड को पेश करते हुए रोमांचित हूं, जो एसएमई को सशक्त बनाने और उनके ग्रोथ को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. यह सीमाचिन्ह हमारे क्लाइंट्स और भागीदारों को विशेष जरूरतों के लिए तैयार निवेश सुअवसरों के विभिन्न रेंज तक पहुंच प्रदान कर उनकी सेवा करने की हमारी क्षमता में और वृद्धि करता है।

### तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड, प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनीने 08 अप्रैल 2024 को अपने इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत निश्चित मूल्य पर 4,439.56 लाख एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने और आम कॉरपोरेट खर्चों का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. इश्यू 08 अप्रैल, 2024 को खुलेगा और 10 अप्रैल, 2024 को बंद होगा. इश्यू की लीड मैनेजर इंटरएक्टिव फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है. तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री महेशभाई कुम्भानी ने कहा, तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड को पब्लिक में ले जाने का हमारा निर्णय हमारी कंपनी की ग्रोथ यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम को आगे बढ़ाने के बारे में निर्दिष्ट करता है. तीर्थ गोपीकॉन ने लचीले ऑर्डर बुक और मौजूदा परियोजनाओं के साथ सुरक्षा, समयबद्धता और क्वालिटी जिसने उसके ग्राहकों का विश्वास अर्जित किया है, पर फोकस के साथ उद्योग में स्वयं को विख्यात खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अन्य से 5,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड ने अपनी वृद्धि योजनाओं में तेजी लाने के लिए अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) सहित संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचकर 5,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इसने अपना 5,000 करोड़ रुपए का पात्र संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने कहा कि क्यूआईपी से प्राप्त आय इसकी पूंजी संरचना को और मजबूत करेगी, वित्तीय मजबूती को बढ़ाएगी और कंपनी को अपनी महत्वाकांक्षी वृद्धि योजनाओं में तेजी लाने में सक्षम बनाएगी। कंपनी ने कहा, इस निर्गम में प्रमुख वैश्विक दीर्घकालिक निवेशकों, घरेलू म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियों ने बहुत गहरी दिलचस्पी दिखाई। क्यूआईपी में 3.2 गुना से अधिक अभिदान देखा गया। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने कहा, साल 2010 में सूचीबद्ध होने के बाद कंपनी ने पहली बार शेयर बिक्री से धन जुटाया है।

## ईवी के लिए बढ़ेगी बैटरी की मांग, 2035 तक 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सत्तर प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार में अग्रणी है। इससे वह बैटरी की सबसे बड़ी उपभोक्ता बन गई है। हालांकि मारुति सुजूकी इंडिया उसके साथ होड़ में है। अनुमान है कि साल 2035 तक वह बैटरी सेल के मामले में टाटा की मांग बराबरी कर लेगी और इस साल बाद में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की शुरुआत से उसे बढ़ावा मिलेगा।

हल्के वाहनों के लिए भारतीय ईवी बैटरी बाजार के संबंध में एसऐंडपी मोबिलिटी ने एक रिपोर्ट में कहा है कि हालांकि वर्तमान में ईवी बाजार में मारुति की हिस्सेदारी कम है लेकिन बैटरी सेल की इसकी मांग साल 2035 तक 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो टाटा की 22 प्रतिशत हिस्सेदारी से कुछ ही कम होगी।

उम्मीद है कि तीसरी प्रमुख कंपनी ह्युंडै ईवी क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति करेगी, विशेष रूप से हल्के वाहनों में, जिसमें यात्री वाहन और टाटा ऐस जैसे 6 टन से कम वाले वाणिज्यिक वाहन शामिल हैं। हल्के वाहनों के लिए आयातित सेल पर भारत की निर्भरता जारी रहने के आसार हैं। एसऐंडपी ग्लोबल के अनुसार साल 2030 तक हल्के वाहनों को चलाने के लिए आवश्यक कुल बैटरी सेल का केवल 13 प्रतिशत ही घरेलू स्तर पर उत्पादित हो सकेगा। शेष हिस्से के लिए बाहर से आपूर्ति होगी।



एसऐंडपी का यह भी अनुमान है कि साल 2030 तक 23 प्रतिशत बैटरी मॉड्यूल भारत में निर्मित किए जाएंगे, जो मौजूदा नगण्य मात्रा की तुलना में अधिक है। हालांकि बैटरी पैक के मामले में, जिनमें से 50 प्रतिशत का उत्पादन पहले ही भारत में होता है, साल 2030 तक यह आंकड़ा कुछ कम होकर 48 प्रतिशत रह सकता है। एसऐंडपी ने आगाह किया है कि स्थानीयकरण पर जोर देने से ज्यादा विनिर्माता बाहर से आपूर्ति करने के बजाय भारत में ही बैटरी पैक का उत्पादन कर सकते हैं। रिपोर्ट में हल्के वाहनों के लिए भारत की वैश्विक खरीद में बदलाव के बारे में भी बताया गया है। वर्तमान में इस बाजार पर चीन के सेल विनिर्माताओं का वर्चस्व है। उम्मीद है कि जापान और दक्षिण कोरिया के सेल विनिर्माता साल 2027 तक इस बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा लेंगे। खास तौर पर इसलिए कि मारुति और ह्युंडै अपने ई वाहनों को उतारने के लिए अपने देशों से सेल लेने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# एथर एनर्जी ने कम्युनिटी डे के अवसर पर अपना फैमिली स्कूटर रिज़्टा लॉन्च किया

### हरमन कार्डन के साथ साझेदारी में रिज़्टा की बुकिंग पूरे देश में जारी है, बेंगलुरु में इसका एक्स-शोरूम मूल्य 1,09,999 रुपये है

**मुंबई एजेंसी।** भारत के इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी ने आज बेंगलुरु में दूसरे एथर कम्युनिटी डे के अवसर पर अपना फैमिली स्कूटर, रिज़्टा लॉन्च किया। रिज़्टा परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन और इंजीनियर किया गया है। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर आराम, सुविधा और सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व देता है। राइडिंग का अनुभव बेहतर बनाने के लिए इसमें कई नए कनेक्टेड फीचर्स दिए गए हैं। इसके डैशबोर्ड में स्किडकंट्रोलइ और व्हाट्सएप जैसे आधुनिक फीचर्स शामिल हैं। बाजार में बढ़त बनाने के लिए रिज़्टा को काफी प्रतिस्पर्धी शुरुआती मूल्य 1,09,999 (एक्स-शोरूम बेंगलुरु) में लॉन्च किया गया है।



ऑल-न्यू रिज़्टा 2 मॉडल और तीन वैरिएंट में आएगा। इसका 2.9 केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ रिज़्टा एस और रिज़्टा जेड मॉडल होगा और 3.7 केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ टॉप-एंड मॉडल रिज़्टा जेड होगा। 2.9 केडब्ल्यूएच वैरिएंट से 123 किमी की और 3.7 केडब्ल्यूएच वैरिएंट से 160 किमी अनुमानित आईडीसी रेंज मिलेगी। एथर रिज़्टा एस 3 मोनोटोन रंगों में और रिज़्टा जेड 7 रंगों में उपलब्ध होगा, जिनमें 3 मोनोटोन और 4 ड्युअल टोन रंग शामिल हैं। एथर एनर्जी के को-फाउंडर एवं सीईओ, तरुण मेहता ने कहा, हमने टू-व्हीलर बाजार में प्रवेश अपने परफ़ॉर्मेंस स्कूटर, 450 सीरीज़ के साथ किया था, जिसने पूरे उद्योग में पहचान बनाई। अब हम रिज़्टा के साथ फैमिली स्कूटर के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन और इंजीनियर किया गया है। इसमें आराम, सुरक्षा और कनेक्टेड टेक जैसी मुख्य विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हमारा मानना है कि रिज़्टा अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण पारंपरिक स्कूटरों से ज्यादा आधुनिक है।

## निप्पॉन पेंट ने टिकाऊ टेक्नोलॉजी से युक्त शानदार ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट बॉडी एवं पेंट वर्क मास्टरक्राफ्ट का अनावरण किया

**गुरुग्राम/नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया पैसिफिक क्षेत्र की अग्रणी पेंट एवं कोटिंग कंपनी निप्पॉन पेंट ने उपभोक्ताओं के लिए अपना ऑटोमोटिव बॉडी एवं पेंट रिपेयर सर्विस ब्रांड मास्टरक्राफ्ट लांच किया है। मास्टरक्राफ्ट जापानी शुद्धता एवं टेक्नोलॉजी आधारित अनुकरणीय बॉडी एवं पेंट वर्क, कार डेकोरेशन सर्विसेज़ और अल्ट्रा-फास्ट वेलोसिटी रिपेयर्स का वादा करता है।

प्रथम मास्टरक्राफ्ट स्टोर को गुरुग्राम में स्थापित किया गया है। एन-स्क्वायर ऑटोमोटिव सर्विसेज़ द्वारा परिचालित मास्टरक्राफ्ट गुरुग्राम, दिल्ली, गुरुग्राम और एनसीआर के उन विवेकी ऑटोमोबाइल मालिकों को सेवाएं प्रदान करेगा जो त्रुटिहीन पेंट फिनिशेज़ की चाहत रखते हैं। गुरुग्राम का यह सेंटर प्रतिवर्ष करीब 2500 कारों की रिपेयरिंग क्षमता के साथ अनूठी, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और ग्रीन सॉल्यूशंस उपलब्ध कराएगा।




अपने साझीदारों और फ्रैंचाइज़ी के व्यापक नेटवर्क के जरिए निप्पॉन पेंट की योजना देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशी बाजारों में भी मास्टरक्राफ्ट स्टोर्स खोलने और नेटवर्क एवं सेवाओं का विस्तार करने की है।

निप्पॉन पेंट इंडिया के निदेशक एवं अध्यक्ष (ऑटोमोटिव रिफिनिशेस) शरद मल्होत्रा के मुताबिक, मास्टरक्राफ्ट की लांचिंग कुशल एवं हरित ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट पेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के लिए भारतीय बाजार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव और टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अपने वर्ग में अनूठी एवं सर्वोत्तम सेवाएं उपलब्ध कराना चाहते हैं जिसमें से कई सेवाएं आमतौर पर भारत में उपलब्ध नहीं हैं। मास्टरक्राफ्ट नेटवर्क का विस्तार कर हम हमारे ग्राहकों के लिए एक निर्बाध एवं समृद्धशाली अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेंगे।

शोरूम सरीखे दिखने वाली छवि बहाल करने से लेकर कस्टमाइज्ड सॉल्यूशंस का सृजन करने तक मास्टरक्राफ्ट पेंट, डिटेलिंग एवं सरफेस केयर सर्विसेज़ की अनूठी रेंज की पेशकश करता है जिससे यह उन लोगों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बन जाता है जो अपनी कारों का दिल से ख्याल रखते हैं। त्वरित और टेक्नोलॉजी संचालित सॉल्यूशंस के साथ यह सुविधा असाधारण शिल्प कौशल का वादा करती है। मास्टरक्राफ्ट में जिन सेवाओं की पेशकश की जाती है, उनमें छोटी मोटी मरम्मत कर उसी दिन डिलीवरी के लिए वेलोसिटी रिपेयर, एक्सपर्ट बॉडी रिपेयर एवं पेंटिंग, कलर एनहैंसमेंट सर्विस सहित परिवर्तनकारी फुल बॉडी पेंट, सेरामिक एवं ग्राफेन कोटिंग के साथ एडवांस्ड पेंट प्रोटेक्शन, आंतरिक एवं बाहरी साज सज्जा दोनों के लिए आर्टिसनल डिटेलिंग, पेंट प्रोटेक्शन फिल्म (पीपीएफ) इंस्टालेशन और एंटी रस्ट कोटिंग शामिल हैं।

## भारत-सिंगापुर के बीच व्यापार 2022-23 में 18.2 प्रतिशत बढ़कर 35.6 अरब डॉलर पर



**सिंगापुर एजेंसी।** सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है। भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यह जानकारी दी। उच्चायोग में प्रथम सचिव (वाणिज्य) टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (2022-23) है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह सिंगापुर में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## गजब है महिलाओं के लिए मोदी सरकार की स्कीम, जमा पूंजी पर मिल रहा 7.50 प्रतिशत का ब्याज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप महिला हैं और अपनी जमा पूंजी को निवेश करके बेहतर मुनाफा कमाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके बड़े काम की है। दरअसल, मोदी सरकार ने साल 2023 के बजट में 'महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट' नाम की एक स्कीम शुरू की थी जिसमें अपनी जमा पूंजी निवेश करने पर महिलाओं को बेहतर रिटर्न मिलेगा। बता दें कि इस स्कीम का मेच्योरिटी पीरियड 2 साल का है और इसमें जमा पूंजी पर 7.50 पर्सेंट का कंपाउंड इंटरेस्ट मिलता है। इस स्कीम को खास तौर पर महिलाओं की जरूरत के हिसाब से बनाया गया है। इसके अलावा, इस स्कीम के तहत आपको प्रीमेच्योर विड्रॉल की सुविधा भी मिलती है।



महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट स्कीम के तहत किसी भी उम्र की महिला इस खाते को खुला सकती है। इस स्कीम के लिए सरकार ने कोई भी उम्र सीमा तय नहीं किया है। बता दें कि नाबालिक बच्ची भी इस स्कीम के तहत अपने माता-पिता की देखरेख में खाता खोल सकती है। हालांकि, जैसे ही लड़की की उम्र 18 साल होगी वैसे ही अकाउंट ऑटोमेटिक उसके नाम पर शिफ्ट हो जाएगा। अकाउंट खुलवाते समय आपको एक फॉर्म जमा करके चढ्ढष्ट की प्रक्रिया को पूरा करना होगा। इसके बाद आप 2 लाख रुपये तक अपने इस अकाउंट में जमा कर सकते हैं।

महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट स्कीम के तहत ग्राहकों को 1 साल के बाद अपनी जमा पूंजी पर 40 पर्सेंट तक पैसे निकालने की छूट मिलती है। इसके अलावा, अगर किसी परिस्थिति में खाताधारक की मृत्यु हो जाती है तो नॉमिनी इस पेज को क्लेम करके जमा पूंजी को निकाल सकता है।

## कीवियों के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले पीसीबी ने लिया बड़ा फैसला

● **यूसुफ और रज्जाक को सौंपी नई जिम्मेदारी**





**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमशः अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं। सूत्र ने कहा, ''गिलेस्पी सहमत हुए हैं लेकिन उन्होंने अपनी फीस और पाकिस्तान में उपस्थित रहने के दिनों के संदर्भ में शर्त रखी है।'' सूत्र ने कहा कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज टी20 विश्व कप के बाद उपलब्ध होगा जब पाकिस्तान बांग्लादेश, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान को आगे बढ़ाएगा। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप के नए कोच होंगे। सूत्र ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 मैच की श्रृंखला 18 अप्रैल से शुरू हो रही है इसलिए बोर्ड ने यूसुफ और रज्जाक को टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी देने का फैसला किया है।

# कानून की कमियों से बच गए श्रीसंत

## फिक्सिंग मामले पर पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज ने दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज कुमार ने कहा है कि हितधारकों ने भारतीय खेलों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून लाने में गंभीरता की स्पष्ट कमी दिखाई है और यही कारण है कि दागी पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत जैसा व्यक्ति आईपीएल 2013 में उनके खिलाफ स्पॉट फिक्सिंग के पुख्ता सबूत होने के बावजूद बच गया। सैंतीस वर्षों तक देश की सेवा करने वाले आईपीएस अधिकारी नीरज दिल्ली पुलिस के प्रभारी थे जब उनके मार्गदर्शन में स्पेशल सेल ने श्रीसंत और राजस्थान रॉयल्स के उनके साथी क्रिकेटरों अजीत चंदीला और अंकित चव्हाण को स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि 2019 में यह फैसला देने के बावजूद कि भारत के पूर्व क्रिकेटर के खिलाफ सबूत थे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उन पर आजीवन प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने के लिए कहा। अंततः सजा को घटाकर सात साल का निलंबन कर दिया गया जो सितंबर 2020 में समाप्त हो गया।

नीरज ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, ''ऐसा प्रतीत होता है कि मामला कहीं नहीं बढ़ा...दुर्भाग्य से, क्रिकेट में भ्रष्टाचार या सामान्य रूप से खेलों में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए (भारत में) कोई कानून नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''यहां तक कि जिंबाब्वे जैसे देश में भी विशिष्ट कानून है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड में यह कानून है...यूरोप में, कानून है क्योंकि भ्रष्टाचार सिर्फ क्रिकेट में नहीं बल्कि फुटबॉल, टेनिस, गोल्फ में भी है।''

नीरज 2000 में सीबीआई की जांच टीम के हिस्से के रूप में हैंसी क्रोन्ये मैच फिक्सिंग प्रकरण से भी जुड़े थे। उन्होंने



कहा कि खेलों में भ्रष्टाचार पर मुकदमा चलाने में सबसे बड़ी बाधा कानून का अभाव है।

उन्होंने कहा, ''उदाहरण के लिए हम जो बहुत सी चीजें करते हैं, वे न्यायिक जांच की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। अगर हम कहते हैं कि मैच फिक्सिंग के दौरान लोगों को धोखा दिया गया था, तो अब अदालत पूछेगी, मुझे एक व्यक्ति दिखाओ, जिसे धोखा दिया गया हो, उस व्यक्ति को अदालत में पेश करो। नीरज ने कहा, ''अदालत में कौन आएगा और कहेगा कि मैं निष्पक्ष खेल और हर किसी के अपनी क्षमता के अनुसार खेलने की उम्मीद से क्रिकेट मैच देखने गया था? इसलिए पीड़ित की अनुपस्थिति में, मामले को साबित करना बहुत मुश्किल हो जाता है।''

भारत में इस पर अंकुश लगाने के लिए एक कानून पर 2013 से काम चल रहा है। खेल भ्रष्टाचार निवारण विधेयक (2013) को 2018 में लोकसभा में पेश किया गया था और इसमें फिक्सिंग सहित खेल धोखाधड़ी के दोषी पाए जाने वालों को पांच साल की कैद और 10 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान था। इस विधेयक का मसौदा न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मुकुल मुद्गल ने तैयार किया था और इसे मैच फिक्सिंग पर अंकुश लगाने के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था। इसे 'सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867' की जगह लेनी थी जिसके तहत सट्टेबाजी में शामिल किसी भी व्यक्ति पर केवल 200 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता था या तीन महीने की जेल हो सकती थी।

श्रीसंत मुख्यधारा में वापस आ गए हैं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले उन्होंने केरल के लिए रणजी ट्रॉफी भी खेली। वह अब विभिन्न लीजेंड्स लीग में देखे जाते हैं और विभिन्न प्रसारण मंचों पर विशेषज्ञ के रूप में राय भी देते हैं।

खेल में भ्रष्टाचार से निपटने के अपने अनुभवों के बारे में 'ए कॉप इन क्रिकेट' किताब लिखने वाले नीरज को उम्मीद है कि दिल्ली उच्च न्यायालय में फिर से खोला गया यह मामला अपने तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा, ''हमने उस आदेश को चुनौती दी है और यह अब दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है। शुरुआत में यह कोविड के कारण ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाया, लेकिन अब कुछ सुनवाई हुई हैं और आपको आश्चर्य नहीं होना चाहिए अगर आदेश पलट दिया जाए क्योंकि हमारे पास बहुत सारे अन्य सबूत हैं।'' नीरज ने कहा, ''श्रीसंत को केरल उच्च न्यायालय से राहत मिल गई है लेकिन उसने यह नहीं कहा है कि वह निर्दोष है।''

नीरज को यह भी लगता है कि 2000 के घोटाले में फंसे पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन के खिलाफ मामले को 'पूरा नहीं होने दिया गया'। उन्होंने कहा, ''यदि अजहरूद्दीन मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचने दिया गया होता तो कुछ बहुत बड़े नाम उजागर हो गए होते लेकिन उसकी भी अनुमति नहीं दी गई।'' नीरज ने न्यायमूर्ति मुद्गल समिति द्वारा शीर्ष अदालत को सौंपे नामों का जिक्र करते हुए कहा, ''खेल, खासकर क्रिकेट में भ्रष्टाचार से निपटने में कहीं ना कहीं गंभीरता की कमी है। बड़े नाम सामने आए, उन्हें एक सीलबंद लिफाफे में डाल दिया गया और ये अब भी उच्चतम न्यायालय में सीलबंद है।'

नीरज का मानना है कि सरकार संसद में पड़े भ्रष्टाचार विरोधी विधेयक को पारित करा सकती है। उन्होंने कहा, ''अगर हमारे पास वह कानून होगा तो परिदृश्य पूरी तरह से बदल जाएगा, लोग बचकर नहीं जा पाएंगे। मुझे नहीं पता कि वे ऐसा क्यों नहीं कर रहे हैं।'' नीरज को करीब चार साल तक बीसीसीआई की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) के प्रमुख के रूप में काम करने का भी मौका मिला और उन्हें दुनिया का सबसे अमीर बोर्ड भ्रष्टाचार से निपटने में ईमानदार नहीं लगा। उन्होंने कहा, ''वे भ्रष्टाचार के मामलों के प्रति पूरी तरह से उदासीन थे और उन्होंने मुझे आवश्यक संसाधन नहीं दिए।

## कोहली को बाहर रखने के लिए साहसिक फैसले की जरूरत, इस पूर्व खिलाड़ी ने अगरकर को चेताया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए चयन उनका आईपीएल 2024 में किए गए प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कोहली को अगर इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह पक्की करनी है तो उन्हें आईपीएल के मौजूदा सीजन में प्रभावशाली प्रदर्शन करना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति कोहली के टी20 अप्रोच से खुश नहीं है। कोहली आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलते हुए आक्रमक खेलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके धीमे स्ट्राइक रेट ने सवाल खड़े कर दिए हैं। अब इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी माइकल वॉन ने कोहली को टीम से बाहर रखने की खबरों के बीच बयान दिया है। उन्होंने अगरकर को इस फैसले को लेकर चेताया है।

**अच्छी फॉर्म में दिख रहे हैं कोहली** – कोहली आईपीएल के इस सीजन अच्छी फॉर्म में दिख रहे हैं। कोहली अबतक चार मैचों में 203 रन बना चुके हैं जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल है। कोहली इस सीजन ऑरेंज कैप की दौड़ में आगे चल रहे हैं। हालांकि उनका स्लो स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय बना हुआ है और कई पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि भारत के इस पूर्व कप्तान को तेजी से रन बनाने चाहिए।

**वॉन ने अगरकर के लिए दिया कड़ा संदेश** – इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन भी अब इस बहस में कूद पड़े हैं। उन्होंने सीनियर मुख्य राष्ट्रीय चयनकर्ता अजित अगरकर को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि वे कोहली और केएल राहुल के बिना टी20 विश्व कप में उतरेंगे तो अगरकर अपने फैसले का बचाव करने के लिए काफी साहस की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा, मैं अगरकर को यही कहूंगा कि साहसिक फैसले लेने के लिए डरने की जरूरत नहीं है। अगर उन्हें लगता है कि भारतीय टीम कोहली और केएल राहुल के बिना टी20 में मजबूत है तो उन्हें निर्णय लेना चाहिए। आपको बड़े नामों को टीम में शामिल करने के दबाव में नहीं आना चाहिए क्योंकि आपको पता है कि इन्होंने आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है। उन नए चेहरों को मौका दे सकते हैं जिन पर पिछले साल वनडे विश्व कप हारने का बोझ नहीं है। हो सकता है कि वे ताजा माइंड के साथ उतरें। अगरकर के दिमाग में 30 नाम होंगे और इसमें बल्लेबाज, गेंदबाज, स्पिनर सभी शामिल होंगे।

## हार के बाद खुद को नहीं रोक पाए फाफ डु प्लेसिस, नाम लेकर बताया कौन हैं हार के जिम्मेदार



**जयपुर, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आईपीएल 2024 में अपना चौथा मुकाबला हार गई है। जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में आरसीबी को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 6 विकेट से हार मिली। यह टीम की लगातार तीसरी हार है। मैच के बाद आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने बयान दिया। वह भी टीम की हार से निराश दिख रही थे। डु प्लेसिस ने नाम लेकर खिलाड़ियों को हार का जिम्मेदार बता दिया।

### फाफ डु प्लेसिस ने क्या-क्या कहा?

फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि पहली पारी में विकेट मुश्किल थी। फाफ ने मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से कहा, पहली पारी में विकेट हमारे लिए थोड़ा ट्रिकी था। मुझे लगता है 190 का स्कोर अच्छा था, शायद हम सिर्फ 10-15 रन और बना सकते थे। उनकी स्पिन गेंदबाजी अच्छी थी, टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला सही था। ओस के कारण बाद में बल्लेबाजी आसान हो गई। विराट अंत में अच्छा खेल रहे थे, ऐसे में ग्रीन जैसे खिलाड़ी के आने पर आप आखिरी ओवरों में ज्यादा से ज्यादा रन बनाना चाहते हैं।

### डागर के ओवर से बदला रुख

फाफ डु प्लेसिस के अनुसार मयंक डागर ने जिस ओवर में 20 रन दिए, वहीं से मैच का रुख बदला। उन्होंने कहा- हमने जितना संभव था उतने रन बनाने की कोशिश की, लेकिन स्पिनरों के खिलाफ रन बनाना मुश्किल था। पेसरों के खिलाफ रन बनाना ज्यादा आसान था। पिच निश्चित रूप से बेहतर हुई, गेंद अच्छी तरह से आ रही थी। हमने पहले चार ओवरों में शानदार गेंदबाजी की थी। मुझे लगता है कि डागर के 20 रनों ने मैच का रुख बदल दिया और दबाव वापस हम पर आ गया।

### मैक्सवेल से क्यों नहीं करवाई बॉलिंग

आरसीबी ने ग्लेन मैक्सवेल से बॉलिंग नहीं करवाई। इसपर उन्होंने कहा- मैक्सवेल को गेंदबाजी न देने का कारण ये था कि सभी दाएं हाथ के बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहे थे, इसलिए पहले बाएं हाथ के स्पिनर को गेंदबाजी दी गई। दो दाएं हाथ के बल्लेबाज क्रीज पर आने के बाद फिर से बाएं हाथ के स्पिनर को गेंदबाजी दी गई और बाद में लेग स्पिनर को भी गेंदबाजी पर लगाया गया। हमें विकेट लेने की जरूरत थी। फील्डिंग औसत रही, इस पर हमने बात की है, हम सुधार करने की कोशिश करेंगे। कैच छोड़ने की चिंता नहीं है, मैदान पर जोश दिखाना ज्यादा जरूरी है।

# नाबाद 113 रन बनाने के बाद भी कोहली के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

## सबसे स्लो शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने

**जयपुर, एजेंसी।** आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का शानदार फॉर्म आईपीएल 2024 में जारी है। उन्होंने अपनी टीम के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शतक लगाया और उनकी इस पारी के दम पर आरसीबी ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 183 रन बनाए। कोहली इस सीजन में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने और ये उनके आईपीएल क्रिकेट करियर का 8वां तो वहीं टी20 क्रिकेट करियर का 9वां शतक भी रहा। कोहली ने इस मैच में बेशक अपनी टीम के लिए नाबाद 113 रन की पारी खेली, लेकिन एक शर्मनाक रिकॉर्ड उनके नाम पर दर्ज हो गया।

**आईपीएल में सबसे स्लो शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने कोहली** – राजस्थान के खिलाफ कोहली ने 72 गेंदों पर 4 छक्के और 12 चौकों की मदद से नाबाद 113 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान अपना शतक 67 गेंदों पर पूरा किया और इस लीग में गेंदों के मामले में सबसे स्लो शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में मनीष पांडे की बराबरी पर आ गए। कोहली से पहले इस लीग में सबसे स्लो शतक लगाने का रिकॉर्ड मनीष पांडे के नाम पर दर्ज था जिन्होंने 2009 में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ 67 गेंदों पर ही शतक लगाया था, लेकिन कोहली और मनीष अब इस लीग में सबसे स्लो शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

### सबसे धीमा आईपीएल शतक (गेंदों द्वारा)

67 - मनीष पांडे (आरसीबी) बनाम डेक्कन चार्जर्स, सेंचुरियन, 2009
67 - विराट कोहली (आरसीबी) बनाम आरआर, जयपुर, 2024
66 - सचिन तेंदुलकर (एमआई) बनाम केटीके, मुंबई डब्ल्यूएस, 2011
66 - डेविड वॉर्नर (डीसी) बनाम केकेआर, दिल्ली, 2010
66 - जोस बटलर (आरआर) बनाम एमआई, मुंबई डीवाईपी, 2022



### कोहली ने तोड़ा डीकॉक का रिकॉर्ड

विराट कोहली ने राजस्थान के खिलाफ 72 गेंदों का सामना किया और वो इस लीग में एक पारी में सबसे ज्यादा गेंद फेस करने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। उन्होंने डीकॉक और केएल राहुल को पीछे छोड़ दिया जो इस लिस्ट में संयुक्त रूप से पहले दूसरे नंबर पर थे, लेकिन अब दोनों तीसरे नंबर पर आ गए और कोहली दूसरे नंबर पर चले गए। इस लीग में एक पारी में सबसे ज्यादा गेंद खेलने वाले बल्लेबाज ब्रैंडन मैकुलम और मनीष पांडे थे जिन्होंने 73-73 गेंदों का सामना किया था।

### आईपीएल की एक पारी में सर्वाधिक गेंदों का सामना करने वाले बल्लेबाज

73 गेंद- ब्रैंडन मैकुलम बनाम आरसीबी, 2008 (158* रन)
73 गेंद- मनीष पांडे बनाम डेक्कन चार्जर्स, 2009 (114* रन)
72 गेंद- विराट कोहली बनाम आरआर, 2024 (113* रन)
70 गेंद- क्विंटन डी कॉक बनाम केकेआर, 2022 (140* रन)
70 गेंद- केएल राहुल बनाम आरआर, 2018 (95* रन)

## जायसवाल नहीं खेल पा रहे आईपीएल में यशस्वी पारी, अब तक रहे फुस्स... कहीं वर्ल्ड कप खेलने का सपना टूट ना जाए!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 19वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया. राजस्थान की मौजूदा सीजन में यह लगातार चौथी जीत रही और वह अंकतालिका में पहले पोजीशन पर आ चुकी है. दूसरी ओर आरसीबी की पांच मैचों में यह चौथी हार रही.

### यशस्वी की फॉर्म को क्या हुआ?

राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल 2024 में शानदार खेल दिखा रही है. मगर इसके बावजूद उसके लिए चिंता का सबब यशस्वी जायसवाल हैं, जिनकी फॉर्म कुछ बढ़िया नहीं दिख रही है. 22 साल के यशस्वी ने मौजूदा आईपीएल सीजन में कुल चार पारियों में 9.75 की औसत से महज 39 रन बनाए हैं. आरसीबी के खिलाफ मैच में तो यशस्वी अपना खाता भी नहीं खोल पाए. उन्हें तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली ने पारी की दूसरी गेंद पर ही चलता कर दिया. आगामी



टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए इस आईपीएल सीजन में भारतीय खिलाड़ियों का परफॉर्मेंस काफी मायने रखने वाला है. आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का चयन होगा. टीम इंडिया के हेड कोच द्रविड़ पहले ही इस बात का संकेत दे चुके हैं. ऐसे में यशस्वी के पास भी आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का मौका है. हालांकि यशस्वी जायसवाल ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उससे वो खुद भी निराश होंगे ।

## पाकिस्तान की टीम को मिला नया हेड कोच, टी20 वर्ल्ड कप से पहले ये दिग्गज संभालेगा टीम की जिम्मेदारी

**लाहौर, एजेंसी।** 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे की शुरुआत होने जा रही है। दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज से पहले पाकिस्तान की टीम अपना कप्तान बदल चुकी है। बाबर आजम एक बार फिर वाइट बॉल क्रिकेट में पाकिस्तान की कमान संभालेंगे। वहीं, अब पीसीबी ने इस टी20 सीरीज के लिए हेड कोच के नाम का ऐलान भी कर दिया है।



**पाकिस्तान की टीम को मिला नया हेड कोच** – पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 मैचों की सीरीज के लिए चयन समिति के सदस्य मोहम्मद यूसुफ को अंतरिम हेड कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। वहीं, अब्दुल रज्जाक को सहायक कोच बनाया गया है। ये फैसला सिर्फ आगामी सीरीज के लिए ही लिया गया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबे टाइम की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है।

**गैरी कर्स्टन बन सकते हैं टीम के हेड कोच** – पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के फॉर्मेट के हेड कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं। सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी सहमत हुए हैं लेकिन उन्होंने अपनी फीस और पाकिस्तान में उपस्थित रहने के दिनों के संदर्भ में शर्त रखी है। सूत्र ने कहा कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज टी20 वर्ल्ड कप के बाद उपलब्ध होंगे जब पाकिस्तान बांग्लादेश, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अभियान को आगे बढ़ाएगा।

# बटलर के ब्लास्ट से कोहली का जश्न पड़ा फीका, आरसीबी की लगातार तीसरी हार, राजस्थान शीर्ष पर

**जयपुर , एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल करियर का आठवां शतक जड़ा, लेकिन राजस्थान के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने तूफानी शतक जड़कर कोहली का जश्न फीका कर दिया। आरसीबी ने कोहली के नाबाद 113 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 183 रन बनाए थे, लेकिन राजस्थान ने जोस बटलर नाबाद 100 और कप्तान संजू सैमसन 69 की अर्धशतकीय पारी की मदद से पांच गेंद शेष रहते चार विकेट पर 189 रन बनाकर जीत दर्ज की।

**राजस्थान शीर्ष पर पहुंचा** – आरसीबी पर मिली इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम अंक तालिका में चार मैचों में चार जीत के साथ आठ लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद है। वहीं लगातार तीन हार के बाद आरसीबी की टीम पांच मैचों में चार हार और एक जीत के साथ दो अंक लेकर आठवें स्थान पर खिसक गई है।

**यशस्वी फिर फ्लॉप रहे** – आरसीबी द्वारा184 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हालांकि राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवा दिया था। यशस्वी खाता खोले बिना आउट हुए थे। यशस्वी का बल्ला मौजूदा आईपीएल में खामोश चल रहा है और वह रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। टी20




विश्व कप को देखते हुए यशस्वी का लगातार रन बनाने के लिए संघर्ष करना ना सिर्फ राजस्थान बल्कि भारतीय टीम के लिए भी चिंता का सबब है।

**बटलर-सैमसन ने बांधा समां** – खाता खोले बिना यशस्वी को खोने के बाद बटलर और कप्तान संजू सैमसन ने मिलकर पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 148 रनों की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। बटलर और सैमसन शुरुआत में थोड़ा धीमा खेल रहे थे, लेकिन पॉवरप्ले के बाद बटलर ने हाथ खोले। बटलर इस मैच से पहले इस सीजन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने पिछले तीन मैचों में 11, 11 और 13 रनों की पारी खेली थी, लेकिन इस मैच में बटलर का बल्ला जमकर बोला। उन्होंने हर गेंदबाज को आड़े हाथों लिया और राजस्थान के होम ग्राउंड पर फॉर्म में वापसी करने में सफल रहे। इस दौरान बटलर का सैमसन ने शानदार तरीके से साथ दिया। सैमसन ने एक और अर्धशतक जड़ा, लेकिन पचासा लगाने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे। सैमसन के आउट होने के बाद राजस्थान की पारी बीच में थोड़ी लड़खड़ा गई और उसने रियान पराग (4) और ध्रुव जुरेल (2) के विकेट जल्द ही गंवा दिए। हालांकि दूसरे छोर पर बटलर टिके रहे और उन्होंने छक्के के साथ अपना शतक पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। बटलर ने 58 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और चार छक्के जड़े। बटलर के साथ शिमरान हेटमायर छह गेंदों पर दो चौकों की मदद से 11 रन बनाकर नाबाद लौटे। इसी के साथ कोहली का शतक बेकार गया जिन्होंने अपनी टीम के लिए साहसिक पारी खेली थी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 08 अप्रैल, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### एल्कोहल, तंबाकू, मोटापा, फास्टफूड व स्मोकिंग से बढ़ रही लिवर व पेट कैंसर की समस्या

**भोपाल, एजेंसी।** दुनियाभर में कैंसर की बीमारी तेजी से अपना पैर पसार रही है। कैंसर कई प्रकार के होते हैं और उन्हीं में से एक है पेट का कैंसर। दरअसल, पेट का कैंसर काफी गंभीर और जानलेवा होता है। लेकिन, शुरुआत में इसकी पहचान कर ली जाए तो इसका इलाज किया जा सकता है। किसी भी बीमारी को शुरुआत में ही पहचानने के लिए जरूरी है कि आप इसके लक्षणों और संकेतों के बारे में जानें ताकि, किसी भी लक्षण को नदरअंदाज न किया जाए और इस बीमारी से बचा जा सके। वहीं लिवर कैंसर की शुरुआत लिवर की कोशिकाओं से होती है। किसी भी अन्य बीमारी की तरह जितनी जल्दी आप इसे पहचान लेंगे कि आपको लिवर कैंसर का खतरा उतना ही कम होगा। हालांकि लिवर में कैंसर के लक्षण भी दूसरे या तीसरे चरण में ही नजर आते हैं। यह बात राजधानी में गैस्टोकेयर फाउंडेशन द्वारा इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्टोएंटरोलॉजी के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में निकलकार सामने आई। इस बारे में फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने बताया कि देश में कैंसर 8 फीसदी की दर से बढ रहा है। जिसमें सरकार की मदद के साथ लोगों में जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि एल्कोहल के अत्यधिक सेवन, तंबाकू, मोटापा की समस्या, फास्टफूड खाने की आदत व स्मोकिंग आदि से देश में लिवर व पेट कैंसर की समस्या बढ़ रही है। इस पर लगाम लगाने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है।

### पिता ने गोली मारकर की बेटी की हत्या, पुलिस ने जलती चिता से निकवाई लाश

**एटा, एजेंसी।** यूपी के एटा में शनिवार की शाम एक पिता ने अपनी ही बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसमें लड़की के भाई ने भी पिता का साथ दिया। गोली लगने के बाद परिवारीजन रक्त रंजित लड़की को अस्पताल ले गए थे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवारीजन, पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जलती चिता से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पिता और भाई के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। चिता से पुलिस को लड़के शव में सिर्फ धड़ और सिर का हिस्सा ही मिल पाया। मामला एटा के थाना नयागांव क्षेत्र के गाही गांव का है। आरोपी महेन्द्र की 20 वर्षीय बेटी सपना शनिवार की शाम अपने घर पर ही थी। आरोप है कि पिता और भाई ने उसके पेट में गोली मार दी। इसके बाद खून से लथपथ सपना को लेकर परिवारीजन स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच गए।

### जोधपुर के चामू पुलिस थाना एसएचओ बंधक बनाया, पुलिसकर्मियों से मारपीट

**जोधपुर , एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर के चामू पुलिस थाना टीम पर हमला हुआ है। एसएचओ ओमप्रकाश और पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया। दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर गोदेलाई गांव गई थी पुलिस। एसएचओ और पुलिसकर्मियों को घर के सदस्यों ने बंधक बना लिया। बाद में छुड़वाने गए हैड कांस्टेबल के साथ भी मारपीट की। इस मारपीट में हैड कांस्टेबल का हाथ भी टूट गया है। इसके बाद आसपास के थानों और पुलिस लाइन से आए जाब्ते ने पुलिसकर्मियों को छुड़वाया। मौके पर फायरिंग होने की भी सूचना है। फिलहाल चामू पुलिस थाना छावनी बना हुआ है। मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात है।

### अपने लोग ही मेरे मुंह पर कालिख पोतने में लगे हैं: शेखावत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान से आने वाले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का दर्द छलक उठा है। पोकरण के क्षेत्र के अजासर गांव में शेखावत ने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार तो मेरे पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं की गजेंद्र सिंह पानी का मंत्री होते हुए भी पानी नहीं ला पाया। मुझे दुख इस बात का होता है कि हमारे लोग भी खड़े होकर उनके साथ मिलकर उनकी भाषा बोल रहे हैं। मेरे मुंह पर कालिख पोत रहे हैं। शेखावत ने लोगों के सामने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा कि मैं क्या करता अशोक गहलोत सरकार मेरे पीछे पड़ी थी। मुझे लटकाना चाहती थी।

# मुकदमे में देरी कर रहे सिसोदिया, अजीबो-गरीब याचिका डाल रहे आरोपी; कोर्ट में ईडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं अन्य आरोपी अब खत्म हो चुकी दिल्ली शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की सुनवाई में देरी कर रहे हैं। ईडी ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि वह शराब घोटाले का मसौदा तैयार करने के लिए जिम्मेदार थे। उनको और पार्टी के अन्य सदस्यों को 100 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत मिली थी। राउज ऐवन्यू अदालत ने मामले में शनिवार को पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी।



इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया कि सिसोदिया सहित कई आरोपी मुकदमे में देरी करने के लिए जानबूझकर अजीबो गरीब याचिकाएं दायर कर रहे हैं। ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने दलील दी कि पिछले कुछ हफ्तों में इस मामले के 31 आरोपियों द्वारा कुल 95 याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में केस में यदि किसी भी प्रकार की देरी होती है, तो यह आरोपी के कहने पर होगी ना कि अभियोजन के कारण। ईडी ने कहा कि सुनवाई में देरी के लिए सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों की ओर से कोशिशें की गई थीं। याचिकाओं में अजीब तर्क दिए जा रहे हैं। कोई दस्तावेज मांगता है, कोई फाइल देखना चाहता तो कोई तारीख पर ही नहीं पहुंचता है। इससे अदालत के साथ जांच एजेंसियों का समय भी बर्बाद हो रहा है। आलम यह है कि आरोपियों की ओर से तुच्छ आवेदन दाखिल किए जाने को लेकर पूर्ववर्ती न्यायाधीश की ओर से जुर्माना भी लगाया जा चुका है।

शनिवार को राऊज एवेन्यू अदालत में पेश किया गया। इस मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी अदालत कक्ष में मौजूद थे। सिंह ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ने एवं जमानत पर सुनवाई स्थगित होने के बाद अदालत परिसर के बाहर मीडिया से वकील के माध्यम से बात की।

## ट्रेफिक सिग्नल पर निकाला वर्क प्रेशर, गुंडे बुलाकार सहकर्मी को पीटा

**बेंगलुरु , एजेंसी।** बेंगलुरु में आए दिन कुछ न कुछ ऐसा सुनने या देखने को मिल रहा है, जिससे आम जनता की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे है। पहले एक महिला की कार का पीछा कर रहे तीन लड़कों ने राज्य में सनसनी पैदा कर दी। वहीं, अब बीच ट्रेफिक सिग्नल में कुछ लोगों ने एक शख्स को रॉड से पीट-पीट कर घायल कर दिया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। हालांकि, पुलिस ने पूर्वी बेंगलुरु से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी पर हत्या की कोशिश का आरोप लगाया गया है। इस पूरे घटनाक्रम को इंस्टाग्राम यूजर हरिकृष्णन पी ने अपनी कार के डैशबोर्ड कैमरे में कैद किया है। उन्होंने क्लिप शेयर करते हुए लिखा, आज, बेंगलुरु के कल्याण नगर के पास अपनी ड्राइविंग के दौरान, मैंने एक भयावह घटना देखी जिसने मुझे अंदर तक हिलाकर रख दिया। मुख्य सड़क पर, मैंने देखा कि एक व्यक्ति पर स्टील की रॉड से बेरहमी से हमला किया। मामले से जुड़े एक जांच अधिकारी ने एक मीडिया चैनल को बताया कि हमने पीड़िता का पता लगाया, शिकायत ली और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## 8वीं के छात्र से ऐसी हैवानियत की कांप जाए रूह, आंतें तक फट गईं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
न्यू अशोक नगर स्थित स्कूल में मंगलवार को 14 वर्षीय लड़के की पिटाई के बाद उसके साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। आरोपी व पीड़ित छात्र आठवीं कक्षा के छात्र हैं। आरोपी ने पीड़ित की पिटाई के बाद उसके निजी अंग (गुदा मार्ग) में डंडा डाल दिया और किसी को कुछ भी न बताने की धमकी दी। उस समय पीड़ित ने किसी को कुछ नहीं बताया लेकिन तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे नोएडा के एक निजी अस्पताल ले गए जहां पीड़ित की आंतों के फटने की बात सामने आई। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। अस्पताल में छात्र की हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने पीड़ित के परिजनों की शिकायत पर मामले में कुकर्म, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर आरोपी सहपाठी को पकड़ लिया है। आरोपी छात्र को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। छात्र के परिजनों का कहना है कि वारदात में कई लड़के शामिल हैं लेकिन पुलिस ने केवल एक ही आरोपी को पकड़ा है। स्कूल प्रशासन की ओर से भी कोई मदद नहीं मिल रही है। घटना वाले दिन की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने में स्कूल आनाकानी कर रहा है। पीड़ित छात्र अपने परिवार के साथ मयूर विहार फेज-3 में रहता है। परिवार में मां के अलावा दो बड़ी बहनें हैं। चार साल पहले पिता की बीमारी के बाद मौत हो गई थी। घर में बड़ी बहन की कमाई से घर का खर्चा चलता है। पीड़ित छात्र न्यू अशोक नगर के एक नामी पब्लिक स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र है। इसी स्कूल में पीड़ित की बड़ी बहन 10वीं कक्षा में पढ़ती है। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित ने बताया कि 13 मार्च को पीड़ित का हिन्दी की परीक्षा थी। लंच ब्रेक में पीड़ित छात्र अपनी क्लास का डेस्क बजाने को लेकर मॉनिटर से विवाद हुआ था। इस दौरान मॉनिटर ने अपने दोस्त को बुलाकर पीड़ित की पिटाई कर दी। बात क्लास टीचर तक पहुंची तो उन्होंने समझौता करवा दिया गया। लेकिन बाद में आरोपी 18 मार्च को आखिरी परीक्षा के दिन पीड़ित छात्र को किसी बहाने से स्कूल के पीछे सीनियर विंग की ओर ले गया। आरोप है कि वहां मॉनिटर के दोस्त व तीन-चार अन्य लड़कों ने पहले पीड़ित को डंडे से पीटा। बाद में उसकी पैंट उतारकर जबरन उसके निजी अंग में डंडा डालकर घुमा दिया। आरोपी छात्रों ने ये सारी बात किसी से बताने पर पीड़ित को जान से मारने और उसी स्कूल में 10वीं में पढ़ने वाली पीड़ित की बहन के साथ भी ऐसा ही करने की धमकी दी। उस समय उसने किसी को कुछ नहीं बताया। इस बीच 20 मार्च को उसके पेट में तेज दर्द हुआ तो पीड़ित के परिजन उसे स्थानीय चिकित्सक को दिखा लाए लेकिन आराम नहीं हुआ और तबियत बिगड़ती गई। 28 मार्च को परिजन उसे नोएडा के मानस अस्पताल ले गए। वहां उसकी तबीयत और बिगड़ गई।

## सीएम पिनराई विजयन ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर उठाया सवाल, बोले- पार्टी अपने घोषणापत्र में सीएए पर क्यों साधी चुप्पी

**अलपुझा , एजेंसी।**
केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि माकपा ने अपने घोषणापत्र में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को निरस्त करने का वादा किया है, लेकिन कांग्रेस अपने घोषणापत्र में इस मुद्दे पर चुप्पी साध गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब केंद्र ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया तो कांग्रेस विरोध करने में विफल रही।



उन्होंने आरोप लगाया कि वोटों की खातिर कांग्रेस अपने मूल्यों से समझौता कर लेती है। अलपुझा में एक संवाददाता सम्मेलन में पिनराई ने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को भाजपा सरकार ने एक दिन में ही निरस्त कर दिया। कांग्रेस संसद के भीतर और बाहर विरोध करने में विफल रही।

माकपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी के घोषणापत्र में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) जैसे कठोर कानूनों को निरस्त करने का वादा किया गया है। कांग्रेस के घोषणापत्र में यह प्रतिबद्धता नहीं है। पिनराई ने कहा कि वामपंथी पार्टियां राज्य में भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को जड़ जमाने की अनुमति नहीं देंगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की 20 में से एक भी सीट मिलना तो दूर वह कहीं भी दूसरे स्थान पर नहीं आ सकेगी।

## मंडी से कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य को उतारेगी कांग्रेस ! प्रतिभा सिंह के इनकार के बाद अटकलें तेज

**मंडी , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट इन दिनों काफी चर्चा में है। भाजपा ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को मंडी से लोकसभा चुनाव का टिकट दिया है। बीते दिनों कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के इनकार के बाद अब कांग्रेस उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह को यहां से चुनाव लड़ाने की तैयारी में है।

हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की समन्वय समिति की शनिवार को दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्यमंत्री सुक्खू और कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह समेत समिति के सदस्य इसमें मौजूद रहे। बाद में इन नेताओं की कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ हुई बैठक में विक्रमादित्य सिंह का नाम उभर कर सामने आया है। अहम बात यह है कि कांग्रेस आलाकमान ने विक्रमादित्य सिंह को भी दिल्ली तलब किया है और मंडी लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने को लेकर उनसे चर्चा हुई है। माना जा रहा है कि अगले हफ्ते नवरात्रि के दौरान कांग्रेस हिमाचल में अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी

पार्टी सूत्रों के मुताबिक हाईकमान की नजर में कंगना रनौत के मुकाबले विक्रमादित्य सिंह मंडी संसदीय क्षेत्र में सबसे मजबूत उम्मीदवार हैं। मिली जानकारी अनुसार, कांग्रेस की ओर से करवाए गए एक सर्वे में भी विक्रमादित्य सिंह सशक्त उम्मीदवार पाए गए हैं। 35 साल के विक्रमादित्य सिंह को उतारकर कांग्रेस की नजर युवा वोटरों पर भी है। दरअसल, कंगना रनौत 37 साल की हैं और सेलिब्रिटी होने के चलते वह युवाओं में काफी लोकप्रिय हैं। विक्रमादित्य सिंह पहले ही कह चुके हैं कि अगर उन्हें मंडी लोकसभा सीट से उतरने को हाईकमान कहेगा, तो वह चुनाव लड़ेंगे। दूसरी तरफ उनकी मां व मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर चुकी हैं।

## डिजिटलाइजेशन को लेकर यूएनजीए अध्यक्ष ने की भारत की तारीफ, कहा- तकनीक और निवेश देखकर हैरान हूं

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत में तेजी से हो रहे डिजिटलाइजेशन का संयुक्त राष्ट्र सभा भी मुरीद हो गया है। भारत की तारीफ करते हुए संयुक्त राष्ट्र सभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा इससे भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही गरीबी को कम करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अन्य देशों को भी इससे देखना चाहिए। मेरा मानना है कि इसे वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है।

भारत में डिजिटलाइजेशन का जिक्र करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि जब भी मैं भारत के बारे में सोचना हूं तो मुझे अतुल्य भारत याद आता है। जब मैं वहां था तब मैंने इसे देखा था। मैं उल्लेख कर सकता हूं कि भारत में डिजिटलाइजेशन का बेहतरीन इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि फ्रांसिस इस साल 22-26 जनवरी तक आधिकारिक यात्रा पर भारत में थे। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और जयपुर और मुंबई की यात्रा भी की थी। यात्रा के दौरान उन्होंने सरकारी अधिकारियों समेत लोगों से चर्चा की थी, जिसमें डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसा मुद्दा केंद्र में था। जिसके बाद से ही संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष भारत के डिजिटलाइजेशन मॉडल के मुरीद हो गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन महत्वपूर्ण है।

## जीवाश्म ईंधन सब्सिडी के खिलाफ ग्रेटा थनबर्ग का प्रदर्शन, पुलिस ने लिया हिरासत में

**द हेग, एजेंसी।** जीवाश्म ईंधन सब्सिडी के विरोध में नीदरलैंड में एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को दो बार हिरासत में लिया था। शनिवार को ग्रेटा थनबर्ग के नेतृत्व में चल रहे प्रदर्शन के दौरान प्रमुख सड़कों को अवरुद्ध किया गया था, जिसके चलते पुलिस ने उन पर कार्रवाई की थी।

### तकरीबन 400 लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में

पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक, शनिवार को प्रदर्शन के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें 12 लोगों को उकसाने के आरोप में बंदी बनाया गया है। हालांकि पर्यावरण कार्यकर्ता को ग्रेटा थनबर्ग को बाद में रिहा कर दिया गया था। नीदरलैंड के हेग शहर की ओर जाने वाले प्रमुख सड़क को बाधित करने की कोशिश करने वाले लोगों में 21 वर्षीय स्वीडिश कार्यकर्ता को पहले ही स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया था, हालांकि थोड़े समय बाद उन्हें भी रिहा कर दिया गया।

प्रदर्शन के दौरान दो बार हिरासत में लिया गया ग्रेटा थनबर्ग को



प्रदर्शन के दौरान पहली बार हिरासत में लिए जाने कुछ समय बाद थनबर्ग को छोड़ दिया था। बाद में फिर से वह अपने सहयोगियों के साथ प्रदर्शन में शामिल हो गए। इस दौरान रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली एक अन्य सड़क को बाधित किया गया। जिसके बाद पुलिस ने फिर से ग्रेटा थनबर्ग को हिरासत में ले लिया, उन्हे पुलिस बैन ले जाया गया।

गौरतलब है कि पर्यावरण समूह एक्सटिंक्शन रिबेलियन(एक्सआर) ने जून में जीवाश्म ईंधन सब्सिडी के संबंध में एक चर्चा से पहले डच सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को पुलिस कर्मियों ने मोटरवे में प्रवेश करने से रोका, साथ ही चेतावनी दी थी कि अगर वो ऐसा करते है तो मजबूरन उन पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। जिसके जिम्मेदार वे खुद होंगे।

# जनरल बाजवा ने सरकार गिराने की साजिश रची, फिर भी पद से नहीं हटाया- पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान ने कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पीटीआई सरकार को सत्ता से बेदखल करने की कोशिश में जुटे थे बावजूद इसके हमने उन्हें अपदस्थ नहीं किया। अदियाला जेल में तोशखाना मामले में सुनवाई के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए खान ने कहा कि जनरल बाजवा की हरकतें विश्वासघात की तरह थीं। बावजूद इसके हमने उनके खिलाफ समिति का गठन नहीं किया। मैंने ऐसा पाकिस्तान की



भलाई के लिए किया था। दरअसल, पाकिस्तान के कानून के अनुसार किसी विदेशी राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना में रखना होता है। अगर राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसके लिए उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है। ये उपहार या तो तोशखाना में जमा रहते हैं या नीलाम किए जा सकते हैं और इसके माध्यम से अर्जित धन को राष्ट्रीय खजाने में जमा किया जाता है।

कहानी इमरान के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू हुई थी। 2018 में सत्ता में आए इमरान खान को आधिकारिक यात्राओं के दौरान करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहार मिले थे। इन महंगे उपहारों को तोशाखाना में जमा किया गया था। बाद में इमरान खान ने इन्हें तोशखाने से सस्ते दाम पर खरीद लिया और फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया के लिए उन्होंने सरकारी कानून में बदलाव भी किए।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान ने 2.15 करोड़ रुपये में इन गिफ्ट्स को तोशखाने से खरीदा था और इन्हें बेचकर 5.8 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा लिया। इन गिफ्टस में एक ग्राफ घड़ी, कफलिंक का एक जोड़ा, एक महंगा पेन, एक अंगूठी और चार रोलेक्स घड़ियां भी थीं। पाकिस्तान की कुछ मीडिया रिपोर्ट की मानें तो मामला सामने आने के बाद इमरान खान ने इसपर बयान भी दिया था। उन्होंने कहा था कि ये गिफ्ट्स उन्हें निजी तौर पर मिले हैं। इसलिए उन्हें इसे अपने पास रखने का अधिकार है।

## ब्रिटेन में तूफ़ान कैथलीन के चलते दर्जनों उड़ानें रद्द

**लंदन, एजेंसी।**
तूफान कैथलीन यूनाइटेड किंगडम में कहर बरपा रहा है। इसके चलते ब्रिटेन की दर्जनों उड़ानें रद्द कर दी गईं। एडिनबर्ग, बेलफास्ट, मैनचेस्टर और बर्मिंघम में हज़ारों यात्री फंस गए। मौसम कार्यालय ने इंग्लैंड के अलावा आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के कुछ हिस्सों के लिए चेतावनी जारी की है। बताया गया है कि ख़राब मौसम के चलते ब्रिटेन के हवाई अड्डों पर प्रस्थान करने वाली और पहुंचने वाली 130 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। तूफान के कारण पूरे ब्रिटेन में तापमान भी बढ़ गया, जिसके रविवार तक बने रहने की आशंका है। स्कॉटलैंड में उड़ानों के अलावा रेल और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। पर्यावरण एजेंसी ने 14 अलर्ट जारी किये हैं, जहां बाढ़ का खतरा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम कार्यालय ने चेतावनी दी है कि समुद्र से उठने वाली लहरें तटों, तटीय सड़कों और मकानों तक आ सकती हैं, जिससे जान माल का नुकसान हो सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129